CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, शनिवार 21 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 300 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिव सुब्रमण्यम रमण ने पीएफआरडीए के अध्यक्ष का पदभार संभाला पेज 2



सीना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से ज्यादा बड़ी उपलब्धि खेल टाइम्स



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस:
योग बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति... संपादकीय



ईरान आईआरजीसी ने की नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति पेज 12

### सुप्रीम कोर्ट ने मदुरै के विवादित मंदिर तोड़ने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में कथित तौर पर बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। एसोसिएशन की याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती दी गई थी।

### कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत, कारण स्पष्ट नहीं

**नई दिल्ली।** कनाडा में वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक भारतीय छात्रा तान्या त्यागी की मौत हो गई है। दूतावास ने छात्रा की मौत का कारण नहीं बताया, लेकिन कहा है कि वह अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी सहायता प्रदान करेगा। दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हम कैलगरी विश्वविद्यालय की भारतीय छात्रा सुश्री तान्या त्यागी के आकस्मिक निधन से दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

### शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन पांचवीं बार टला

**नई दिल्ली।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन पांचवीं बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

### ब्लैक बॉक्स विदेश भेजे जाने पर अभी कोई फैसला नहीं

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अभी विदेश नहीं भेजा गया है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर बयान जारी किया है। केंद्र ने कहा कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स को कहां भेजा जाएगा, इसका फैसला एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। यह फैसला सभी तकनीकी, सुरक्षा और गोपनीय पहलुओं को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। फिलहाल एएआईबी की जांच जारी है। इसके अलावा गृह सचिव के नेतृत्व में हाई लेवल कमेटी भी हादसे की जांच कर रही है, जो तीन महीने में रिपोर्ट देगी।

# ईरान के इजरायल पर कई बड़े मिसाइल हमले

## माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी मिसाइल, कई कारों में लगी आग

तेहरान/तेल अवीव

**ईरान ने इजरायल** के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। ईरान ने शुक्रवार शाम इजरायल के तेल अवीव, बीर्शेबा, हाइफा सहित कई शहरों में पर फिर से मिसाइल हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हाइफा में मिसाइल गिरने से 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक 16 साल के नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर है।

आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ईरान के शुक्रवार सुबह मिसाइल हमले के बाद बीर्शेबा शहर में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है।



**तेल अवीव, बीर्शेबा व हाइफा सहित कई शहरों को बनाया मिसाइलों से निशाना, 23 घायल, तीन गंभीर**

# इजरायल रोजाना जंग में झोंक रहा ₹6000 करोड़

## सैन्य संघर्ष अब आर्थिक संकट में भी बदल रहा

तेल अवीव, वार्ता

**ईरान और** इजरायल के बीच जारी संघर्ष सिर्फ सैन्य नहीं, अब आर्थिक संकट में भी बदलता जा रहा है। पूर्व इजरायली रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल रीम एमीनाक के मुताबिक, इजरायल का रोजाना युद्ध लड़ने में 725 मिलियन डॉलर (करीब 6,000 करोड़) खर्च हो रहा है।

इसमें केवल मिसाइल, जेट ईंधन, बमबारी और सैनिक तैनाती जैसे सीधे खर्च शामिल हैं। पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान और प्रोडक्टिविटी में गिरावट को भी जोड़ा जाए, तो असल खर्च इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। इजरायली वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6प्रतिशत कर दिया है। वहीं, 2025 में पहले से तय बजट घाटे की सीमा 4.9प्रतिशत से बढ़ सकती है। 13 जून को ईरान पर अटैक के बाद पहले दो दिन में इजरायल का खर्च 1.45 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया था। इसमें से 593 मिलियन डॉलर (करीब 5 हजार करोड़) बमबारी और जेट ईंधन और बाकी रक्षा संचालन में गए। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने 2025 के लिए जो बजट घाटे की सीमा तय की थी, वह जीडीपी का 4.9 प्रतिशत यानी लगभग 27.6 अरब डॉलर थी। लेकिन यह अनुमान ईरान के साथ नया युद्ध शुरू होने से पहले का था। अब इजरायल का बजट घाटा और बढ़ सकता है। वहीं, इजरायल का रक्षा बजट पहले ही गाजा युद्ध में काफी खर्च हो चुका है। इसी वजह से वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया है।

### ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोला, 1000 भारतीय छात्र लौटेंगे

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल के साथ हफ्ते भर से जारी जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय छात्रों का वहां से रेस्क्यू करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्रों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट्स शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स ईरान के मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी। इससे पहले 110 भारतीय स्टूडेंट्स 19 जून को ईरान से भारत पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था।

## ओडिशा आना जरूरी था, इसलिए ट्रम्प को मना किया

भुवनेश्वर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** शुक्रवार को ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरुआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया।

वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अपनी विदेश यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले, मैं जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं। उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया।



### लालटेन-पंजे के शिकंजे से बचे

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की आहट राज्य में साफ सुनाई देने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में यह गूंज के रूप में सुनाई दी, जब उन्होंने सीवान में संबोधन सुनने आए लोगों से कहा कि नौजवानों ने जंगलराज की कहानियां सुनी होंगी। देखा नहीं होगा। उस माहौल को जानते नहीं होंगे। फिर से लालटेन और पंजे वाले शिकंजा कसने का मौका ढूंढ़ रहे। सतर्क रहना होगा, वरना विकास पर ब्रेक लगाने का मौका वह तलाश रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार समृद्ध होगा।

### महाराष्ट्र में भारी बारिश, नासिक में घरों व दुकानों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मानसून ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में एंट्री कर ली। यूपी में भी मानसून और आगे बढ़ा है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं। अमरेली में भारी बारिश से नदियों का पानी खेतों में जा घुसा। इससे फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। महाराष्ट्र के नासिक में भारी बारिश से गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे नदी किनारे के निचले इलाकों के घर-दुकानों में पानी घुस गया। मध्य प्रदेश के श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे करीब 20 गांवों का संपर्क टूट गया। बिहार के गयाजी में बारिश के बाद फल्गु नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे 20 लोग फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 18 लोगों का रेस्क्यू किया। 2 की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से सरगुजा के मैनी नदी में अचानक आई बाढ़ में मां-बेटे समेत चार लोग बह गए।

## ईरान से सुरक्षित लौटे सभी 94 छात्र वापस कश्मीर पहुंचे



**श्रीनगर।** युद्ध प्रभावित ईरान से लाए गए जम्मू-कश्मीर के सभी 94 छात्र सुरक्षित रूप से कश्मीर पहुंच गए हैं।

केन्द्र सरकार ने इजरायल-ईरान युद्ध के मद्देनजर ईरान से भारत लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को वहां से स्वदेश लाने के लिए ऑपरेशन सिंधु चलाया है। इसके तहत 110 भारतीय छात्रों का पहला जत्था बुधवार रात दिल्ली लाया गया था, जिनमें जम्मू-कश्मीर के 94 छात्र शामिल थे। ये सभी छात्र उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे और उन्हें आर्मेनिया और दोहा के रास्ते निकाला गया। जम्मू- कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के अनुसार, कुछ छात्र गुरुवार को ही कश्मीर पहुंच गए थे, जबकि बाकी छात्र जो दिल्ली से डीलक्स बसों में रवाना हुए थे वे शुक्रवार सुबह घाटी पहुंच गए। एसोसिएशन ने कहा कि हम विदेश मंत्रालय और उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने छात्रों की सुरक्षित और समय पर वापसी सुनिश्चित की। यह उनके परिजनों के लिए बहुत बड़ी राहत है। छात्रों ने भी केन्द्र सरकार को सुरक्षित निकासी, नि:शुल्क ठहरने और यात्रा सुविधाओं के लिए धन्यवाद दिया। छात्रों ने दिल्ली में पहले शिकायत की थी कि दिल्ली से श्रीनगर तक जाने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। मेडिकल छात्रा सबा रसूल ने श्रीनगर में कहा कि ईरान से चार दिन की लंबी यात्रा के बाद हम बेहद थक चुके थे। जब दिल्ली में बसें देखीं तो बहुत निराशा हुई।

### भारतीय तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्र प्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ करने वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव आईसीजीएस सी-438 को जहाज की ओर भेज दिया। यह नाव काकीनाडा बंदरगाह से करीब 16 समुद्री मील दूर नियमित गश्ती मिशन पर थी। भारतीय तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी मछली पकड़ने वाली नाव से भागने की कोशिश की, लेकिन आईसीजीएस सी-438 टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

# विमानों की सुरक्षा को मौजूदा बजट नाकाफी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद संसदीय समिति की तरफ से पेश की गई एक रिपोर्ट चर्चा में आ गई है। मार्च में राज्यसभा में पेश की गई इस रिपोर्ट में बताया गया था कि विमान हादसों की जांच और एविएशन सुरक्षा के लिए फंडिंग में गड़बड़ियां हैं।

टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है, लेकिन सिक्योरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और विमान हादसों की जांच के लिए सिर्फ 35 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है, जो काफी नहीं है। टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट मार्च में राज्यसभा में पेश की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) को जो बजट मिल रहा है वो बहुत कम है और उसके आवंटन में भी खामियां हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जहां डीजीसीए को 30 करोड़ रुपये दिए गए, वहीं एएआईबी को सिर्फ 20 करोड़ रुपये और बीसीएएस को केवल 15 करोड़ रुपये मिले। समिति ने यह भी कहा कि भारत में एयरपोर्ट्स और यात्रियों की संख्या में तेजी से हो रहे इजाफे को देखते हुए एएआईबी और बीसीएएस को ज्यादा बजट दिया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2025-26 के बजट खर्च में प्रमुख एविएशन एजेंसियों के बीच फंड बांटे जाने में फर्क साफ नजर आता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एविएशन नियमों के अनुपालन और एयरलाइन्स की निगरानी की जिम्मेदारी वाले डीजीसीए को कुल बजट का लगभग आधा हिस्सा यानी 30 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### एयर इंडिया की नौ फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एयर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई 874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट एआई 456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट एआई 2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट एआई 571 कैंसिल हुई हैं। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट एआई 906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट एआई 308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट एआई 2204 शामिल हैं।

**संसदीय समिति की रिपोर्ट: हादसों की जांच और सिक्योरिटी एजेंसी को सालभर में सिर्फ 35 करोड़ मिले**

# ईडी ने बंगाल व दिल्ली में बैंक खाते और दस्तावेज किए जब्त

कोलकाता, वार्ता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में कम से कम सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी के एक बयान में कहा कि वह बैंकों के सभी बंद खातों में शेष राशि का पता लगा रही है। अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं।

**ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई**

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, एक किसान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचंदपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और अज्ञात हमलावरों के बीच हुए एनकाउंटर में एक बुजुर्ग कुकी महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला क्रास फायर की चपेट में आ गई। घटना उस समय हुई जब सुरक्षा बलों ने एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। यह ऑपरेशन उस वक्त शुरू किया गया, जब बिष्णुपुर जिले में खेतों में काम कर रहे एक मैतई किसान को गोली लगी। बताया गया कि गोली आसपास की पहाड़ियों से चलाई गई थीं। दरअसल मैतेई नेता अशेम कनन सिंह की 7 जून को को गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। इंफाल के कई इलाकों में गाड़ियां जला दी गईं, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए थे। पुलिस से झड़प के अलावा प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की थी। अशेम को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर में सात उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने अलग-अलग अभियानों में सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई बाजार से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। केंद्रीय बल ने टेंग्नौपाल जिले में बीपी-87 में भारत-म्यांमार सीमा से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के सेकमाईजंग खुनौ से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के फकनंग थोंगखोंग से एक महिला को भी गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर उग्रवादी बताई जा रही है।

### एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में पहचान बना रहा यूपी: योगी

# सुरक्षा में सेंध लगाने वाला यमराज के पास जाएगा

**आजमगढ़, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से निकल कर एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में देश में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकारें विकास की बजाय डी-कंपनी और दाऊद गिरोह के साथ साझेदारी करती थीं, सुरक्षा में सेंध लगाती थीं और आजमगढ़ को आतंक का गढ़ बना दिया था। 2007-08 में शिवली नेशनल कॉलेज में अजीत राय की हत्या वंदे मातरम गाने की वकालत के लिए हुई थी, लेकिन अब ऐसा दुस्साहस कोई नहीं कर सकता। आज कोई प्रदेश की सुरक्षा के साथ



■ सपा डी कंपनी और दाऊद गिरोह को पालती थी अब यूपी व देश की सुरक्षा से समझौता नहीं होगा

खिलवाड़ करने की कोशिश करता है, तो उसके लिए यमराज का टिकट पहले से कट जाता है। योगी ने कहा कि अब देश और प्रदेश की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। आजमगढ़ में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के मौके पर योगी ने कहा कि दशकों तक पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज अदम्य साहस का गढ़ बन चुका है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के प्रयासों का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में स्थापित कर रहा है। योगी ने कहा कि आजमगढ़ से गोरखपुर तक यह लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। यह कनेक्टिविटी पटना से दिल्ली तक की यात्रा को आसान बनाएगी। 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा ही था जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया, लेकिन अब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं।

### भ्रष्टाचार पर माया ने योगी पर साधा निशाना



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने विभागीय भ्रष्टाचार को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि मुख्यमंत्री योगी को इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेंस विभाग को सक्रिय करना होगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह यूपी में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपों से घिरे तबादलों की अनवरत आम चर्चा व खबरों का मुख्यमंत्री को कड़ा संज्ञान लेकर ना सिर्फ भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेन्स विभाग आदि को सक्रिय करना, बल्कि समयबद्ध एसआईटी का भी गठन करके व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना जन व देशहित में ज़रूरी है। सरकारी भ्रष्टाचार व अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर यूपी सीएम जितना जल्द सख्त क़दम उठाए उतना बेहतर।

# गरीबों को शिक्षा से दूर कर रही योगी सरकार: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ स्कूलों का मर्जर जान बूझकर किया जा रहा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल मर्जर भारतीय जनता पार्टी सरकार की एक सोची समझी रणनीत है, जिससे गरीबों को शिक्षा से दूर किया जा सके।

पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि स्कूलों का मर्जर एक सरकार की एक सोची समझी रणनीत के तहत किया जा रहा है। स्कूल जितने कम होंगे, उतनी ग्रोथ रेट कम होगी और नौकरियां नहीं देनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षकों के साथ है, जो बरसों से अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। जब कभी समाजवादी पार्टी को मौका मिलेगा, तो उनकी समस्याओं का समाधान करने का काम हम करेंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार हृदयहीन है, जिसमें संवेदना न हो, वो सरकार किसी को स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

शिक्षा विभाग बर्बाद किया जा रहा है, नेताजी खुद शिक्षक थे उन्होंने हमेशा समझाने की कोशिश की, एक शिक्षक के बेटा होने के नाते मेरा शिक्षकों से पारिवारिक संबंध है, उनका जो दर्द है वह मेरा दर्द है। शिक्षकों की बात होती है, तो भाजपा सरकार बहरी हो जाती है, जिसमें संवेदना नहीं है ऐसी सरकार नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डी कंपनी वाले बयान पर उन्होंने कहा कि कंपनी किसको बोलते है।

# पूर्ण राज्य के दर्जे को केन्द्र के वादे का इंतजार

## जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मीडिया में उठाया मुद्दा

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि वह केन्द्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की ओर से किए गए वादों के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।

अब्दुल्ला ने यहां एक कार्यक्रम में मीडिया से कहा कि देखेंगे कि हमें राज्य का दर्जा पाने के लिए कानूनी तौर पर आगे बढ़ना है या नहीं, लेकिन अभी हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के वादे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क और शिकायत निवारण को मजबूत करने के लिए आज यहां कैनाल रोड पर एक नए राब्ता कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पहले श्रीनगर (कश्मीर घाटी) में इसका एक कार्यालय काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (महबूबा मुफ्ती) इस मुद्दे पर कितना बोल रही हैं? जब उन्हें इस मुद्दे को उठाने का मौका मिला था, तब वह कहां थीं? अब्दुल्ला ने कहा कि जब वह अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही थीं और राजौरी-पुंछ से वोट मांग रही थीं, तब उन्होंने इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे रखी। भारतीय जनता पार्टी के करीबी पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने आरक्षण के मुद्दे पर क्यों नहीं बोला।

उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी सरकार द्वारा गठित कैबिनेट उप-समिति ने आरक्षण के मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट कानून विभाग को सौंप दी है, जिसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### पुरुलिया में दो वाहनों की भिड़ंत में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता।** झारखंड की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह भारी भरकम सामान से लदे बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुरुलिया-जमशेदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामसोल में आज तड़के हुई। ये सभी लोग विवाह समारोह में शामिल होने के बाद बोलेरो जीप से घर लौट रहे थे। सभी पीड़ित पड़ोसी राज्य झारखंड के निमड़ी क्षेत्र के निवासी थे। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि 18 पहियों वाले बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत के बाद ट्रक भी पलट गया।

# अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है: राहुल गांधी

## बोले- भाजपा-आरएसएस नहीं चाहती कि गरीब बच्चे इसे सीखें

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है। यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए।

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा- आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें। राहुल का यह पोस्ट अमित शाह की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें शाह ने कहा था कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने



का औजार है। बीजेपी-आरएसएस नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेज़ी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि आप सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे। शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा, "अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।



सेंसेक्स 82408.17
निफ्टी 25112.40



सोना रु. 98,503
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 105592
प्रति किलो



# उबरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी 1.29 प्रतिशत उछले

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी सैन्य भागीदारी का निर्णय वापस लेने से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरकर आज शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1046.30 अंक अर्थात 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 319.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25112.40 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.20 प्रतिशत उछलकर 45,480.26 अंक और स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत मजबूत होकर 52,378.52 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4094 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2463 में तेजी जबकि 1484 में गिरावट



रही, वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 1912 में लिवाली जबकि 963 में बिकवाली हुई, वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा।

इससे कमोडिटीज 0.54, सीडी 1.12, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.78, इंडस्ट्रियल्स 1.21, आईटी 0.65, दूरसंचार 2.73, यूटिलिटीज 1.62, ऑटो 0.84, बैंकिंग 1.15, कैपिटल गुड्स 1.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84, धातु 1.10, तेल एवं गैस 0.61, पावर 1.46, रियल्टी 2.22, टेक 1.42, सर्विसेज 0.99 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.83 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.89 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.26 प्रतिशत मजबूत रहा वहीं जापान का निक्केई 0.22 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत फिसल गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स सात अंक फिसलकर 81,354.85 अंक पर लगभग सपाट खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,323.20 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,494.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,361.87 अंक के मुकाबले 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी छह अंक उतरकर 24,787.65 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,783.65 अंक के निचले, जबकि 25,136.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 24,793.25 अंक की तुलना में 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,112.40 अंक पर बंद हुआ।

### सोना 758 गिरकर 98,503 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को गिरावट देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 758 गिरकर 98,503 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,261 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,791 गिरकर 1,05,592 प्रति किलोग्राम हो गई है। ये 1,07,383 पर बंद हुई थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,630 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,250 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 रही। चेन्नई 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 रही।

# अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी, चीनी सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही जबकि चीनी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 11 रिंगिट फिसलकर 4067 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.45 सेंट की गिरावट के साथ 55-22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल 365 रुपए, सोया रिफाइंड 183 रुपए और पाम ऑयल 333 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए। वहीं सरसों तेल,



मूंगफली तेल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 300 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600- 7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16849 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# फिरोजाबाद में हत्या और लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार भोर पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद हत्या और लूट के आरोपी को मार गिराया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को आज तड़केहत्या लूट के वांछित अपराधी राजू खान के क्षेत्र में होने की सूचना मुखबिर से मिली थी, जिस पर थाना पुलिस एसओजी और सर्विस लॉन्स टीम ने सीओ प्रवीन तिवारी और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण विसेन के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदमाश की घेराबंदी की और नोवा फैक्ट्री के पास बदमाश को आत्म समर्पण के लिए कहा गया मगर बदमाश ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्म रक्षार्थ जवाबी कार्रवाई कर फायरिंग की गई जिसमें बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मौत हो गई है। राजू खान मूल रूप से रामगढ़ के रैपुरा का निवासी है, जो हाल में शाहगंज आगरा में रह रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने संबंधित मामले मे राजू खान की उपचार के दौरान मौत की पुष्टि करते हुए

■ 75 हजार का इनाम था, राजू खान के ऊपर कई मुकदमे भी दर्ज थे

बताया कि बदमाश राजू खान पर पांच मार्च को शिकोहाबाद के बंसी नगर में मुन्ना लाल यादव और उनकी पत्नी मिथलेश यादव की हत्या कर लूट का आरोप है।

इसके अलावा 15 जून को गांव मलखानपुर में एक वृद्ध महिला श्रीमती सूरजमुखी की घर के वाहर सोते समय लूटपाट कर हत्या का प्रयासकर गम्भीर रूप से घायल किया गया। राजू वृद्ध लोगों को अपना शिकार बनाता था, जो हाल में आगरा रह रहा था। आगरा से आकर वारदात को अंजाम देता था। दो सौ सीसीटीवी फुटेज केमरों की निगरानी के बाद उसे चिन्हित किया गया। राजू खान की गिरफ्तारी के लिए उप महा निरीक्षक आगरा परीक्षित द्वारा 50 हजार का तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। बदमाश राजू खान के उपर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिसके पास से अवैध पिस्तौल भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और खाली खोखा भी बरामद किए गए हैं।

# रमण ने संभाला पीएफआरडी अध्यक्ष का पदभार

**नई दिल्ली, वार्ता**

शिवसुब्रमण्यम रमण ने शुक्रवार को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार रमण को भारत सरकार द्वारा 8 अप्रैल, 2025 की अधिसूचना के तहत पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेशों तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त किया गया है। रमन 1991 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा (आईए एंड एएस) अधिकारी हैं। पीएफआरडीए में आने से पहले उन्होंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और मुख्य



प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने पहले भी नेतृत्व के कई पदों पर कार्य किया है, जिसमें भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (एसआईडीबीआई) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा लिमिटेड (एनईसीएल) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और झारखंड राज्य के प्रधान महालेखाकार शामिल हैं। उन्होंने वर्ष 2006 से 2013 तक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और फिर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी कार्य किया। श्री रमन के पास अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री और दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री है। उनके पास कई पेशेवर और शैक्षणिक योग्यताएं भी हैं। इनमें लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से वित्तीय विनियमन में एमएससी, एलएलबी, इंडियन स्कूल ऑफ़ बिज़नेस से चीफ डिजिटल ऑफिसर सर्टिफिकेशन, इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंटरनल ऑडिटर्स (आईआईए), फ़्लोरिडा से प्रमाणित आंतरिक लेखा परीक्षक क्रेडेंशियल और सिक्योरिटीज़ लॉ में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शामिल हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

उत्तराखण्ड शासन

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून, 2025 (शनिवार)

थीमः "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"



### विश्व के कल्याण के लिए
### देवभूमि में योग का उत्सव

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**दिनांकः** 21 जून, 2025, **समयः** प्रातः 07:00 बजे
**स्थानः** भराड़ीसैंण (गैरसैंण) विधानसभा परिसर, चमोली, उत्तराखण्ड

### मुख्य अतिथि
### पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

- 10 देशों के राजदूत और आमजनमानस सहित एक हजार से अधिक अतिथि योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित
- सभी सरकारी कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मियों की सक्रिय भागीदारी
- व्यापक और भव्य रूप से मनाया जा रहा है प्रदेशभर में योग का उत्सव
- वैश्विक मंच तक योग को जीवनशैली और वैश्विक चेतना बनाने का संकल्प
- सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने योग के चमत्कार को माना है





"योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है। नियमित योग अभ्यास से तन मजबूत, मन शांत और आत्मा निर्मल होती है। योग को केवल एक आसन न समझें, इसे अपनी सोच और व्यवहार का अभिन्न अंग बनाएं। निरोगी शरीर और संतुलित जीवन के लिए योग एक अमिट उपहार है। आइए, 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की इस वैश्विक पहल को आगे बढ़ाएं। योग का वरदान, देश-दुनिया के जन-जन तक पहुंचाएं।"

**आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# घर में बंद 32 नेपालियों को पुलिस ने मुक्त कराया

## नौकरी का लालच देकर लाया गया था, तीन नाबालिग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बहला फुसलाकर नौकरी का लालच देकर नेपाल से लाये गये 32 नेपाली नागरिकों को पुलिस ने एक घर से बरामद किया है।

नेपाली राजदूतावास नई दिल्ली के प्रतिनिधि नवीन जोशी ने (केआईएन इंडिया) उपस्थित थाना ट्रांजिट कैंप में आकर अवगत कराया कि नेपाल निवासी कुछ व्यक्तियों को भारत में निवास करने वाले नेपाली नागरिक बिरेन्द्र छत्रशाही पुत्र छत्रशाही निवासी धनगड़ी वार्ड नं 1 ग्राम विकास समिति कपले नेपाल द्वारा बहला फुसलाकर नौकरी का लालच देकर भारत बुलाकर अवैध रूप से धन की वसूली की जा रही है और उक्त नेपाली व्यक्तियों का शारीरिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है तथा उनको किसी अज्ञात स्थान पर डरा धमका कर बंधक बनाया गया है। उक्त सूचना के आधर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नेपाल राजदूतावास नवीन जोशी के साथ उनकी तलाश करते हुए महाराज सिंह उर्फ पप्पू पुत्र प्रताप सिंह निवासी ओम बिहार कॉलोनी थाना आईटीआई काशीपुर के मकान में किराए में निवास करते नेपाल मूल के 32 नागरियों में से तीन नाबालिग मिले। टीम में नियुक्त नेपाली राज. दूतवास ने पुलिस टीम ने सभी का नामो की लिस्ट तैयार की। उक्त लोगों ने बताया कि उन्हें बिरेन्द्र छत्रशाही व सचिन पुत्र शैलेन्द्र निवासी ग्राम कूड़ालम्बी थाना खानपुर जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी हरीओम पुष्कर आवास विकास काशीपुर ने उन्हें नौकरी का लालच देकर यहां लाकर उन्हें किराए के मकान में रखकर सिर्फ खाने को देते हैं और घर-घर जाकर कंपनी के प्रोडक्ट बेचने का कार्य कराते हुए मानसिक व शारी. रिक शोषण करते हुए मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 127 (4)/ 318(4) /137(2) /3 (5) बीएनएस व धरा 14 (ए) बाल एवं किशोर श्रम व धारा 79 किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

## मोटरमार्ग के काम का डीएम ने निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने किया बालीघाट-दाफोड़- धरमघर-कोटमान्य मोटर मार्ग के वन टाइम मेंटेनेंस योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। यह कार्य लोक निर्माण विभाग, कपकोट द्वारा 972.47 लाख की लागत से किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत स्कपर दीवारों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में सतह सुधार का कार्य एसडीबीसी विधि से प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी ने निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों तथा प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच उपरांत ही उसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क की मजबूती, स्थायित्व और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता विनोद कुमार एवं अपर सहायक अभियंता दीपक उप्रेती भी उपस्थित रहे।

# शास्त्रीय नृत्य शैली में कथक विधा का महत्वपूर्ण स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** रानीखेत सांस्कृतिक समिति की ओर से रानीखेत में कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डा. जया पांडे ने कथक विधा को शास्त्रीय नृत्य शैली की महत्वपूर्ण विधा बताया। मुख्य अतिथि डा. पांडे ने रानीखेत में पहली बार कथक कार्यशाला आयोजित करने के लिए समिति को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में संगीत, नृत्य और कला का अपना महत्व है। समिति अध्यक्ष विमल सती ने अतिथियों व प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि रमा माहरा ने कहा कि समिति का यह प्रयास न सिर्फ नौनिहालों को नया सीखने का अवसर देगा साथ ही नगर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम संचालन दीपक पंत ने किया। यहां समिति के राजेंद्र पंत, गौरव तिवारी, गौरव भट्ट, संजय पंत, डा. विनीता खाती, नेहा माहरा, गीता पवार, गीता जोशी, परमवीर मेहरा, अशोक पंत, सोनू सिद्दीकी, पंकज थापा, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुसलमान 1400 साल से कर रहे योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मुसलमानों ने 1400 से अधिक सालों से योग अपना रखा हैं। रोजाना अनिवार्य 5 नमाज़ों में करते हैं विभिन्न योगासनों की स्थितियां तथा योग मुद्रायें। यह भी देखा जाता हैं कि नियमित योगासन करने या नमाज़ पढ़ने वाले लोग अन्य व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक स्वस्थ रहते हैं। 45 कानूनी व जागरूकता पुस्तकों के लेखक नदीम उद्दीन एडवोकेट ने बताया कि मुसलमानों ने कहा कि योग का सम्बंध किसी एक धर्म से नहीं है। लगभग सभी धर्मो ने किसी न किसी रूप में योग को अपना रखा है। मुसलमानों ने भी 1400 साल से अधिक समय से योग अपना रखा है। प्रत्येक मुसलमान के लिये पांच समय नमाज पढ़ना जरूरी है उसमें मुसलमान प्रतिदिन 23 बार वज्रासन करते है। रमज़ान में तराबीह पढ़ने पर यह 10 बार और अधिक हो जाता है। इसके अतिरिक्त नमाज में मुसलमानों द्वारा भू नमन आसन, वज्रासन, दक्षासान, हस्तपदासन तथा सूर्य नमरस्कार सहित विभिन्न योगासनों की स्थितियां की जाती है।

### पुलिसलाइन में कसरत करेंगे जवान

**बागेश्वर।** जवानों को स्वस्थ एवं फिट रखने के लिये पुलिस लाइन में नवनिर्मित जिम खाने का एसपी चंद्रशेखर घोडके द्वारा शुभारंभ किया गया। इस मौके उन्होंने खुद जिम के कई मशीनों में ट्रायल लेते हुए जवानों को रोजाना फिट रहने के लिए जिम में पसीना बहाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को पुलिस लाईन में जवानों के फिटनेस के लिए जिम का उदघाटन करते हुए पुलिस अधीक्षक घोड़के ने कहा कि व्यस्त दिनचर्या में स्वयं को फिट रखना एक पुलिसकर्मी के लिये चुनौती रहती है। जिसे पूर्ण करने के लिये यह एक प्रयास किए गए है। उन्होंने सभी जवानों को रोज़ाना यहां कसरत करने की सलाह दी। इससे जवानों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ में लाभ होगा। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह, प्रतिसार निरीक्षक बाग्भेवर प्रताप सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी व जवान मौजूद थे।

### गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्ति को तड़ीपार किया

**काशीपुर।** आपराधिक एवं गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्ति को न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा तड़ीपार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा जनपद स्तर पर आपराधिक व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु दिए गए आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक कुमार के निर्देशन में थाना क्षेत्र के आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को कार्यालय प्रेषित की गई। न्यायालय द्वारा परीक्षण के उपरांत गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3 के तहत कंचन सिंह को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश पारित किए गए। आदेश के अनुपालन में टांडा उज्जैन पुलिस चौकी प्रभारी कंचन पडलिया द्वारा कंचन सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी टांडा उज्जैन काशीपुर को वृहस्पतिवार को जनपद उधम सिंह की सीमा से 6 माह के लिए बाहर किया गया।

### दस हजार लीटर लाहन व उपकरण नष्ट किए

**काशीपुर।** कच्ची शराब बनाने वालो पर कार्यवाही करती पुलिस ने करीब 10000 लीटर लाहन नष्ट किया गया और झाड़ियों में छुपाकर रखे गये लोहे के 04 ड्रमों को कब्जे में लिया गया। साथ ही अन्य उपकरणों को मौके पर नष्ट कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को कच्ची शराब बनाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश जारी किये गये है। उक्त निर्देश के क्रम में कुण्डेश्वरी चौकी पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिये रम्पुरा के ग्रामीण क्षेत्र में छापेमारी की कार्यवाही की गयी तो शराब तस्करों के द्वारा शराब बनाने में प्रयुक्त लाहन के काफी सारे गड्ढे पाये गये जिनमें गुड़ को सड़ाने के लिये बड़े बड़े प्लास्टिक के पॉलीथीनों मे लाहन बांध कर कच्ची शराब बनाने की तैयारी थी। पुलिस के द्वारा मौके पर करीब 10000 लीटर लाहन नष्ट किया गया और झाड़ियों में छुपाकर रखे गये लोहे के 04 ड्रमों को कब्जे मे लिया गया। साथ ही अन्य उपकरणों को मौके पर नष्ट कर दिया गया। मौके पर कोई भी भट्टी चालू नहीं पायी गयी। लहन रखने वालों की जानकारी की जा रही है। पुलिस टीम में पुलिस उपनिरीक्षक सन्तोष देवरानी, कांस्टेबल दर्शन सिंह, पीआरडी नवीन कुमार थे।

### ईमानदारी की मिसाल बने बिंदुखत्ता के टेंपो चालक बॉबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता हाड़ाग्राम निवासी बॉबी, जो पेशे से टेंपो चालक हैं, ने ईमानदारी की एक अनूठी मिसाल पेश की। हाल ही में उनके टेंपो में एक यात्री अपना मोबाइल फोन भूल गया। बॉबी ने जैसे ही फोन देखा, उसे अपने पास सुरक्षित रखा और जब कॉल आई तो उसे उठाकर विनम्रता से बताया कि फोन उनके पास है। इसके बाद बॉबी ने ना केवल फोन मालिक से संपर्क बनाए रखा, बल्कि बहुत देर तक वहीं रुककर उनका इंतज़ार भी किया। जब असली मालिक पहुंचे और पहचान बताई, तब जाकर उन्होंने फोन सौंपा और निश्चिंत होकर अपने घर लौटे। बॉबी की यह ईमानदारी और संवेदनशीलता आज के दौर में एक प्रेरणा है, जहां छोटी-छोटी चीजों में भी लोग स्वार्थ देख लेते हैं। ऐसे कर्मो से ही समाज में भरोसे और मानवता की नींव मजबूत होती है।



# विद्यालयों में अब बीईओ कर सकेंगे अवकाश: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**अल्मोड़ा।** मानसून सीजन के दौरान भारत मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून से अत्यधिक वर्षा की चेतावनी जारी होने के बाद अब बीईओ ऐसे विद्यालयों में अवकाश घोषित कर सकेंगे है, जहां विद्यार्थियों का आवागमन सुरक्षित नहीं होगा। शुक्रवार को मीडिया को दिए बयान में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने बताया कि जनपद में अत्यधिक वर्षा की चेता. वनी जारी होने पर ऐसे विद्यालयों जहां पर विद्यालय आने-जाने के लिए छात्र-छात्राओं को नदी-नाले, बिना पुल अथवा पानी से होते हुए पार करने पड़ते है, ऐसी परिस्थिति के दृष्टिगत किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए यह आवश्यक है कि जब आवागमन सुरक्षित न हो, ऐसी परिस्थिति में विद्यालयों में आने-जाने के लिए छात्र-छात्राओं को ऐसे रास्तों से गुजर कर विद्यालय पहुंचने को विवश न होना पड़े। बताया कि बीईओ को चेतावनी के बाद ऐसे कक्षा 01 से 12 तक के शासकीय, अशासकीय व निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित करने के लिए अधिकृत किया गया। बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के लिए निर्देशन में जनपद की समस्त इकाइयों को तत्परता बरतने एवं सजग रहने के साथ ही किसी भी आपात स्थिति का सामना करने के लिए समस्त सुरक्षात्मक उपाय किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल बागेश्वर का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर विभिन्न वार्डों, ओपीडी, जन औषधि केंद्र, पंजीकरण काउंटर, इमरजेंसी यूनिट व शौचालयों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी और जरूरी दवाओं की कमी पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने ओपीडी में टोकन प्रणाली को पारदर्शी बनाने, डिजिटल सूचना बोर्ड और टीवी पैनल लगाने, सीसीटीवी की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने, बायोमैट्रिक हाजिरी की नियमित जांच और अनुपस्थित डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। स्वच्छता पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कचरा निस्तारण, शौचालयों की दशा सुधारने और प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही वन-पॉइंट हेल्प डेस्क, सीलन की समस्या का समाधान और स्पेस मैनेजमेंट प्लान बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में डा. राजीव उपाध्याय, डा. डीपी शुक्ला और डा. दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अस्पताल आमजन की सेवा का प्रमुख केंद्र है और इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भैसोड़ा का भव्य स्वागत

**अल्मोड़ा।** एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा का अल्मोड़ा में भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान नगर के माल रोड स्थित चौघानपाटा में कार्मिकों ने मिष्ठान वितरण कर जमकर आतिशबाजी की। नवनिर्वाचित प्रदेशध्यक्ष भैसोड़ा ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। कहा कि प्रदेश के सभी 13 जिलों के कार्मिकों को एकजुट करेंगे। साथ ही पुरानी पेशन बहाली के लिए अभियान चलाया जाएगा। यहां जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल, निधि पांडे, देवेंद्र अधिक. ारी, उमेश पांडे, हिमांशु तिवारी, राजू मेहरा, योगेश तिवारी, विजेंद्र मेहता, पुष्पा कांडपाल, कैलाश कर्मियाल, हीरा सिंह बोरा, नीतेश कांडपाल, शैलेश वर्मा, शालिनी मौजूद रहे।

## दहेज के लिए तीन तलाक

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने पति पर तमंचा दिखाकर दहेज में चार लाख रुपये मांगने व तीन तलाक देने के बाद घर से मारपीट कर भगा देने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। नगर के मौहल्ला थानासाबिक निवासी नगमा पुत्री फुरकान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 साल पहले उसका निकाह पंजाबी सराय निवासी एक व्यक्ति के साथ हुआ था। निकाह के दौरान उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार सामान दिया था। कुछ दिन बाद पति तमंचा दिखाकर उससे चार लाख रुपये मायके से लाने की मांग करने लगा, जो कि उसके मायके वाले देने में असमर्थ थे। इसको लेकर तीन बार पंचायत भी हुई, लेकिन उसका कोईगयदा नहीं हुआ। बीते 10 जून की रात उसका पति घर आया उसके साथ मारपीट करने लगा। पति ने उसको तीन तलाक देकर घर से भगा दिया।

# अलका पाल को बनाया अल्मोड़ा संसदीय सीट का प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**काशीपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री, पीसीसी सदस्य अलका पाल को कांग्रेस हाई कमान में अल्मोड़ा संसदीय सीट का प्रभारी बनाकर पार्टी संगठन को मजबूत करने का दायित्व दिया है। उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल को कांग्रेस संगठन ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट का प्रभारी बनाकर पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में उनको कार्य करने का निर्देश दिया। महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर कांग्रेस नेत्री अलका पाल ने उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। अलका पाल ने बताया कि वह शीघ्र ही अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट के चारों जनपद अल्मोड़ा-बागेश्वर- चंपावत-पिथौरागढ़ के अंतर्गत आने वाली 13 विधानसभाओं का संघटनात्मक कार्यक्रम तय कर आगामी 2027 विधानसभा चुनावो की तैयारी के लिए संसदीय सीट पर सक्रिय रहेंगी। उनका उद्देश्य पूर्ण निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी को 2027 विधानसभा चुनाव में विजय बनाना होगा।

# 'लालकुआं' नाम देने वाला कुआं बदहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** थाने के निकट स्थित ऐतिहासिक कुआं आज बदहाली और उपेक्षा का शिकार हो गया है। क्षेत्र के

### ऐतिहासिक विरासत के पुनरुद्धार की गुहार



आरटीआई कार्यकर्ता जसबीर उत्तराखंडी ने इस धरोहर की दुर्दशा पर गंभीर चिंता जताते हुए जिला. धिकारी को ज्ञापन भेजकर कुएं के संरक्षण, पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग की है।

जसबीर उत्तराखंडी के अनुसार यह कुआं लालकुआं नगर की ऐतिहा. सिक पहचान से जुड़ा हुआ है और यही इस क्षेत्र के नामकरण का आधार भी रहा है। लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कुएं के आसपास भारी मात्रा में गंदगी फैली है और स्थानीय लोग यहां कूड़ा-कचरा फेंकते हैं। यही नहीं, कुछ असामा. जिक तत्व इस स्थल का प्रयोग मूत्र व मल त्याग के लिए भी कर रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की समस्या भी उभर आई है, जिससे सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग हो रहा है। कार्यकर्ता ने सुझाव दिया है कि खनन न्यास फंड से वित्तीय सहयोग लेकर इस ऐतिहा. सिक स्थल का पुनरुद्धार किया जाए और इसके चारों ओर स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कुएं का उचित पुनर्निर्माण हो तो यह न केवल जनता के लिए एक उपयोगी जल स्रोत बन सकता है, बल्कि एक सांस्कृतिक विरासत के रूप में भी संरक्षित रह सकता है।

# एसपी कार्यालय में कांग्रेसियों का धरना

## रवि पपनै पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी न होने पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी आईटी सेल में प्रदेश सचिव व कुमाऊं संयोजक रवि पपनै पर पांच दिन पहले देर रात हुए हमले का अब तक खुलासा न होने पर आज कांग्रेसियों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को एसपी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करते पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। विदित हो कि बीते दिनों चार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने रवि पपनै पर जानलेवा हमला करते हुए जमकर मारपीट की थी जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। आक्रोशित कांग्रेसियों ने घटना के अगले दिन दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह से मुलाकात की, जिस पर



एसपी ने आश्वस्त किया था कि जल्द ही दोषियों को चिन्हित कर गिरफ्तार करेंगे, लेकिन 5 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने आज एसपी कार्यालय पर पुनः दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान एसपी अभय सिंह ने कहा कि शीघ्र ही हमलावरों को चिन्हित कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस मौके पर संदीप सहगल एडवोकेट, अरूण चौहान, शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, अर्पित मेहरोत्रा, मुशर्रफ हुसैन, त्रिलोक सिंह अधिकारी, इंदुमान, अलका पाल, पूजा सिंह, अजीता शर्मा, जितेंद्र सरस्वती, उमेश जोशी, शाह आलम, अब्दुल कादिर, राशिद फारूकी, नौशाद हुसैन, ब्रह्मपाल सिंह, हनीफ गुड्डू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## मानदेय देने की मांग

**अल्मोड़ा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगठन ने पंचायत सर्वे के दौरान अब तक मानदेय नहीं मिलने पर नाराजगी जताई हैं। मामले को लेकर शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन सौंप जल्द मानदेय देन की मांग उठाई। संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता तिवारी ने कहा कि पूर्व में पंचायत सर्वे के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समय पर कार्य संपन्न किया। कहा कि अतिरिक्त कार्यभार के बावजूद अब तक उनको पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। जिससे कार्यकत्रियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने जल्द मानदेय देने की मांग उठाई। यहां जिलाध्यक्ष किरन जोशी, पुष्पा लखचौरा, धना नगरकोटी, पुष्पा, सरोजनी कांडपाल, सुमित्रा, रेखा नैनवाल, हेमा आर्या, सिक्ता वर्मा, उमा अधिकारी समेत कई कार्यकत्रियां मौजूद रही।

# भगवा ध्वज दिखाकर बढ़ाया उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को राज्य उद्यमिता परिषद उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्ष रेनू अधिकारी (दर्जा राज्यमंत्री) ने विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने पिथौरागढ़ जा रही बहनों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर हल्द्वानी स्थित दुर्गा दत्त कपिलाश्रमी संस्कृत विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेनू अधिक. ारी ने बहनों को भगवा ध्वज दिखाकर शुभकामनाओं के साथ पवित्र उद्देश्य की ओर अग्रसर किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दुर्गा वाहिनी जैसे संगठन मातृशक्ति को सशक्त करने के साथ-साथ राष्ट्र



### रेनू अधिकारी ने दुर्गा वाहिनी को किया रवाना

निर्माण की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग केवल आत्मरक्षा ही नहीं, बल्कि सामा. जिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व कौशल को भी विक. सित करते हैं। बहनों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जो देश, धर्म और समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से इस वर्ग में भाग लेने रवाना हुईं। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं और परिजनों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने बहनों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। पूरे माहौल में उत्साह, गौरव और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# बाल संसार स्कूल में योग शिविर

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यूथ भारती फाउंडेशन की पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूथ भारती फाउंडेशन उत्तराखंड एवं दिव्य योग ने इस वर्ष 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम के तहत तीनपानी न्यू बाल संसार स्कूल में योगा शिविर का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों स्थानीय लोगो ने योगा कर इस उत्सव में अपनी भागेदारी दी। दिव्य योग की योगाचार्य दिव्या ने योगा के लाभदायक अनेकों विधाओं का गुण सिखाया।



यूथ भारती फाउंडेशन उत्तराखंड के संयोजक डा. गौरव गुप्ता ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संत. ुलन बनाने के अलावा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। यूथ भारती उत्तराखंड के मीडिया प्रभारी अरविन्द मलिक ने कहा कि देशभर में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्व भूमिका पर प्रकाश डालता है। दिव्य योग की योगाचार्य दिव्या उपाध्याय ने कहा कि यह शिविर स्थानीय लोगों में योग के महत्व और जागरूकता को बढ़ावा देगा, योग करने से हम तनाव मुक्त रहते हैं और योग हमें मानसिक शांति प्रदान करता है, प्रतिदिन योग करने से हमारा शरीर सभी बीमारियों से दूर रहता है। इस शिविर में पंकज उपाध्याय, दीपक मेर, गौरव जोशी सहित महिलाओं, छात्रों और सैकड़ों स्थानीय लोगो ने प्रतिभाग किया।

# कर्मचारी महासंघ में शोभा चौहान को चुना अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल के नगर निकाय कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी के चुनाव सर्व सहमति से सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया पालिका सभागार में आयोजित की हुई।

जिसमें सभी चार पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। इस दौरान चुनाव में अध्यक्ष शोभा चौहान, उपाध्यक्ष खष्टी साह, सचिव रितेश कपिल, उप सचिव मीना कफलिया निर्विरोध चुने गए। चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार खोलिया, निर्वाचन अधिकारी पीयूष भंडारी, दीपराज कुमार, गोपाल सिंह नेगी रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां, कैरम प्रतियोगिता, टेबल टेनिस, फुटबॉल प्रतियोगिता तथा कर्मचारी हितों के संबंध में कार्य किए जाते हैं। नवनियुक्त निकाय कर्मचारी महासंघ की अध्यक्ष शोभा चौहान ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता पालिका एवं कर्मचारी के हित में बढ़ चढ़कर भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा निकाया कर्मियों की जो भी समस्या होंगी उसका समाधान करके का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। और सभी पदाधिक. ारी व कर्मचारीयों को साथ लेकर पालिका हित मे कार्य किया जाएगा।

## सिमगड़ी में बहुविभागीय जनसेवा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विकासखंड कपकोट के सुदूरवर्ती ग्राम सिमगड़ी में जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत बहुविभागीय जनसेवा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 18 विभागों ने भाग लिया और 160 से अधिक ग्रामीणों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर की शुरुआत आयुष विभाग द्वारा योग सत्र से हुई, जिसमें 73 ग्रामीणों को औषधि वितरण किया गया। चिकित्सा विभाग ने 48 लोगों की बीपी व शुगर जांच की और 20 लाभार्थियों को निशुल्क दवाएं दीं। समाज कल्याण विभाग, कृषि, ग्राम्य विकास, पशुपालन, ऊरेडा और लीड बैंक समेत अन्य विभागों ने योजनाओं की जानकारी दी और आवेदन प्राप्त किए। ऊरेडा द्वारा गांव में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन हेतु आवेदन भी प्राप्त हुआ।

## राग भैरवी में हर्षित ने मंत्रमुग्ध कर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के युवा सितार वादक हर्षित द्वारा सुबह बनारस कार्यक्रम में अपने सितार वादन से बनारस में राग भैरवी व राग भैरवी पर आधारित धुन पर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान तबले पर मनु कौशल ने संगत दी। बता दें कि हर्षित ने मई माह में दिल्ली सीसीआरटी में सितार वादन की प्रस्तुति देकर आए हैं। इससे पूर्व में भी हर्षित अपने सितार वादन की प्रस्तुति देश के कई शहरों में दे चुके हैं। सुबह बनारस कार्यक्रम का संचालन प्रीतेश आचार्य ने किया, कार्यक्रम में हर्षित के गुरुजी अमृत कुमार, गिरीश चंद्र व देवेंद्र कुमार शामिल रहे।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सादिक अली पुत्र अली मोहम्मद निवासी नगर पालिका परिषद कालाढूँगी वार्ड नं.-3 में अपने कब्जे की भूमि पर भवन निर्माण किया गया है। जिसके पूरब में सड़क, पश्चिम में शौकीन क भवन बाद गली, उत्तर में नसीरन पत्नी मौ. अली का भवन व दक्षिण में गली स्थित है। जिसमें गृहकर लगाये जाने हेतु प्रार्थी सादिक अली पुत्र अली मोहम्मद द्वारा इस कार्यालय को आवेदन पत्र, प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति व गृहकर रसीद की छायाप्रति दिये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करो की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार ना होने की दशा में प्रार्थी श्री सादिक अली पुत्र अली मोहम्मद निवासी नगर पालिका परिषद कालाढूँगी वार्ड नं.-3 के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। कि यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी कि द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वतः ही समाप्त हो जायेगा। **नोटः**- यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# लालकुआं से प्रयागराज को ट्रेन

## सांसद अजय भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर किया रेलसेवा का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालकुआं से प्रयागराज को चलने वाली रेल का शुक्रवार को सांसद अजय भट्ट एवं क्षेत्रीय विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लाल. कुआं-प्रयागराज ट्रेन प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को अपराह्न ढाई बजे लाल. कुआं से प्रयागराज को चलेगी, वहीं गुरुवार की सुबह साढ़े 11 बजे प्रयागराज से लालकुआं के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली, कासग. ंज, व फर्रुखाबाद, कानपुर होते हुए प्रयागराज जायेगी। प्रयागराज रेलसेवा का शुभारंभ करते हुए पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट ने बताया कि लालकुआं से प्रयागराज रेल सेवा के संचालन से प्रयागराज दर्शन के लिए जाने वाले उत्तराखंडवासियों को सुविधा



मिलेगी। साथ ही प्रयागराज एवं उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों से आने वाले लोगों को कुमाऊं के धार्मिक स्थलों के दर्शन और पर्यटन स्थलों तक पहुँचने में सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि लालकुआं-प्रयागराज ट्रेन (ऑन डिमांड) चलाई गई है। आमजन द्वारा इस रेल सेवा का अधिक से अधिक उपयोग किए जाने पर भविष्य में इस सेवा का स्थायी रूप से संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लालकुआं रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण के साथ रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। भविष्य में लालकुआं रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन किया जाएगा तथा वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी सुपरफास्ट ट्रेनों के संचालन की भी योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि लालकुआं से कामाख्या देवी एवं लालकुआँ से झांसी तक ट्रेनों के संचालन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व सांसद अजय भट्ट व कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने चोपड़ा ग्राम सुआधार में श्रीकंठ महादेव मंदिर का भूमि पूजन किया। ट्रस्ट के संस्थापक नमन कृष्ण महाराज ने जानकारी दी कि श्रीकंठ महादेव धार्मिक ट्रस्ट द्वारा इस मंदिर परिसर में संस्कृत विद्यालय एवं गौशाला का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, अध्यक्ष नगर पालिका सुरेन्द्र सिंह लोटनी, रंजन बर्गली, भुवन जोशी, अरुण जोशी, राज कुमार सेतिया, धनसिंह बिष्ट, बॉबी संभल, ओमपाल कश्यप, पवन चौहान, हेमंत नरूला, संजय अरोड़ा तथा लालकुआं स्टेशन अधीक्षक पुष्कर सिंह रहे।

## नैनीझील में पहुंच रही सीवर की गंदगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में मां नयना देवी मंदिर के समीपवर्ती नाले से झील में भारी मात्रा में सीवर पहुंच रहा है जिससे झील का पानी प्रदूषित हो रहा है। वहीं लोग जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। बता दें कि आए दिन नैनीताल में सीवर लाईन में लीकेज होने के चलते नैनीझील में सीवर का पानी समा रहा है। बीते दिनों कई स्थानों में सीवर बहने की समस्या आई थी। समस्या का समाधान हुआ ही था कि अब मल्लीताल नयना देवी मंदिर के समीपवर्ती नाले से भारी मात्रा में सीवर की गंदगी झील में समा रही है। जिससे झील का पानी मैला नजर आ रहा है। शुक्रवार को झील में सीवर समाता देख स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों ने भी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। मामले में जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि टीम को मौके पर भेजकर लीकेज चौक कराया जा रहा है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# सड़क की बदहाली पर ग्रामीणों का आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा में शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग नाले में तब्दील होने की कगार पर है, जगह-जगह पर गड्ढे बन बने हुए हैं और नालिया भी बंद पड़ी हुई है। जिस कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। राहगीर जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को विवश हो रहें है। फिलहाल मार्ग पर यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है।

सड़क 50 साल पूर्व से निर्मित है। रखरखाव के अभाव में सड़क की हालत दयनीय हो गई है। बता दें कि सडक् ग्राम पंचायत ओखलकांडा मल्ला से ग्राम पंचायत ओखलकांडा तल्ला तक 2.5 किलोमीटर सड़क में डामरीकरण करवाने की मांग के संबन्ध में पूर्व प्रधान ओखलकांडा



मल्लाए तल्ला और महिला मंगल दलों, कांग्रेस बलाक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह बोरा, खीम सिंह बिष्ट सहित दर्जनों समाजसेवियों व ग्रामीणों ने पत्र ओखलकांडा बलाक के ग्राम पंचायत गलनी में स्थित गलनी खनस्यू तहसील के तहसीलदार के माध्यम से उपजिलाअधिकारी धारी कों ज्ञापन प्रेषित किया गया। कहा कि यथाशीघ्र डामरीकरण नहीं हुआ तो चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिमेदारी शासन प्रशासन की होंगी। इस दौरान ज्योति बिष्ट, प्रकाश नैनवाल, गजेंद्र सिंह बो. हरा, राजेश नैनवाल, पूरन चंद्र, पान देव भट्ट, हरीश सिंह, महेंद्र सिंह, नीमा देवी, दुर्गा पलडिया तथा किशन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# अराजक तत्वों की धरपकड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन रोमियो के तहत पुलिस ने बीते गुरुवार रात बड़ी कार्रवााई करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग और शराब पीने, पिलाने वाले 261 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालनी कार्रवाई की गई।

बीते गुरूवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और सीओ नितिन लोहनी के नेतृत्व में पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग और शराब पीने व पिलाने वालों के खिलाफ ऑपरेशन रोमियों के तहत धरपकड़ की गई। इस दौरान पुलिस ने 261 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 27,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही एसपी सिटी प्रकाश चंद्र बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 367 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिनसे 1.9 लाख रुपये से अधिक का संयोजन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा 16 लोगों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई और 37 वाहन सीज किए गए। उन्होंने बताया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# आवास विकास में एक और महापंचायत

## ध्वस्तीकरण कार्रवाई के विरोध में भरी हुंकार, जनता के समर्थन में खड़े हुए विधायक सुमित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आवास विकास कॉलोनी में प्रशासन द्वारा मकानों को अतिक्रमण घोषित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू किए जाने के विरा. ेध में शुक्रवार को आवास विकास स्थित पंचेश्वर मंदिर पार्क में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय जनता द्वारा आयोजित इस सभा में स्थानीय विधायक सुमित हृदयेश ने भाग लिया और प्रभावित परिवारों को न्याय की लड़ाई में हरसंभव साथ देने का आश्वासन दिया। महापंचायत में शहर विधायक हृदयेश ने प्रशासन



की कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए कहा यह आदेश न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि मानवीय संवे. दनाओं के भी विरुद्ध है। हम इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय तक भी ले जाएंगे। महापंचायत में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हुए। स्थानीय निवासियों ने विधायक के समक्ष अपनी व्यथा रखते हुए कानूनी और सामाजिक सहयोग की मांग की। विधायक ने मौके पर मौजूद नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वें उनके साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और किसी को भी बेघर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा हम सबको एकजुट रहकर इस अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठानी होगी। विकास के नाम पर गरीबों के घर उजाड़ने की राजनी. ति अब नहीं चलने दी जाएगी। महाप. ंचायत में लोगों ने एक स्वर में प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध किया और सामूहिक रूप से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर गुरीप्रीत सिंह प्रिंस, हर्षित भट्ट, भुवन पाण्डेय, मोहन सिंह भंडारी, खीमानंद पांडेय, हेमंत चुफाल, सुरेश किरौला, योगेंद्र श्रीवास्तव, केएन जोशी, भीम सिंह बोरा, कमल सिंह कराकोटी, रेवती देवी, भावना बिष्ट, नंदी देवी, नंदनी गोस्वामी, सीमा कोठारी, गंगा कराकोटी, तारा कन्याल, विनीता वर्मा, अनिता रावत, दुर्गा देवी, कीर्ति सिंह रावत सहित क्षेत्र के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंचायत घर के पास अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**हल्द्वानी।** बीते गुरूवार को रामपुर रोड पंचायत घर के पास अलग-अलग दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। घायलों को आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार की रात्रि साढ़े 11 बजे एक अज्ञात कार ने किशनपुर रतनपुर नेगी चोरगलिया निवासी (21) विनित पुत्र माध्वानंद को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे विनित गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर ही पड़ा रहा। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल विनित को उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर रुद्रपुर के पहाड़गंज वार्ड नंबर-5 निवासी (30) प्रकाश सिंह दानू पुत्र कुंदन सिंह दानू ने इस साल एलएलबी की पढ़ाई पढ़ाई पूरी कर ली थी। बताया जा रहा कि प्रकाश बीते गुरूवार को किसी काम से रूद्रपुर से हल्द्वानी तहसील आया था। देर शात साढ़े सात बजे वह अपनी स्कूटी से वापस जा रहा था। तभी पंचायत घर के पास उसे भी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचित कर उसे आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्ट करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# 101 दरोगा चढ़े पहाड़, 118 उतरे मैदान

## लंबे समय से एक जगह जमे पुलिसकर्मियों का आईजी ने किया तबादला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने पिछले लंबे समय से एक जगह पर जमे दरोगा और सिपा. हियों के तबादले हुए हैं। आईजी रिद्धिम अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार क्षेत्र के 101 उपनिरीक्षकों और 221 कांस्टेबलों के तबादले करते हुए तत्काल प्रभाव से पुलिसकर्मियों को नवीन तैनाती स्थल में उपस्थिति होकर आमद कराने के आदेश भी जारी किए है। शुक्रवार को आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने स्थानांतरण सूची जारी करते हुए कहा कि पुलिस मुख्यालय से रायशुमारी करने के बाद दरोगाओं और सिपाहियों के ऊधमसिंहनगर, नैनीताल, चम्पावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा जिलों में पदस्थापित उपनिरीक्षकों को अन्य जिलों में स्थानांतरित किया गया है। कुमाऊं परिक्षेत्र में तैनात 101 दरोगा और 221 सिपा. हियों के तबादले हुए है। जिसमें से 101 लोग लंबे समय बाद मैदान से पहाड़ को चढ़े है। जबकि 118 ऐसे सिपाही और दरोगा हैं, जो पहाड़ से मैदान में उतरे है। सबसे ज्याद यूएसनगर से पहाड़ को गए है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल के आदेश के अनुसार नैनीताल से 21, यूएस नगर से 40, चंपावत से 11, पिथौरागढ़ से 14, अल्मोड़ा से 9, बागेश्वर से छह दरोगाओं का स्थानांतरण अन्य जिलों में किया गया है। इसके साथ ही पुलिस के सिपाहियों में नैनीताल से 39, यूएसनगर से 64, पिथौरागढ़ से 57, अल्मोड़ा से 11, चंपावत से 7, व बागेश्वर से 42 के सिपाही इधर से उधर हुए है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि स्थानांतरण एक सामान्य प्रशास. निक प्रक्रिया है, जिसे पारदर्शिता और नीति के अनुरूप लागू किया गया है। सभी स्थानांतरित अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने नए तैनाती स्थलों पर शीघ्र योगदान दें। इन स्थानांतरणों का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना तथा कार्मिकों की तैनाती में संतुलन बनाए रखना है। इससे एक ओर जहां जनपदों में कार्यरत कर्मियों को नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय प्रशासनिक ढांचे में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# श्रीकंठ महादेव मंदिर का भूमिपूजन

## सांसद अजय भट्ट व विधायक भगत ने किया निर्माण का श्रीगणेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकासखंड के ज्योलीकोट के समीपवर्ती चोपड़ा ग्राम सुआधार में बनने जा रहे श्रीकंठ महादेव मंदिर का भूमि पूजन समारोह शुक्रवार को श्रद्धा और विधिविधान के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट और विधायक बंशीधर भगत ने मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। नेता द्वय ने कहा कि ट्रस्ट का कार्य सराहनीय और समाज हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। श्रीकंठ महादेव धार्मिक ट्रस्ट के संस्थापक नमन कृष्ण महाराज ने जानकारी दी कि मंदिर के साथ-साथ



परिसर में एक संस्कृत विद्यालय और गौशाला की भी स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं में धार्मिक व सांस्कृतिक और शैक्षणिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। मंदिर निर्माण से क्षेत्र में न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा, बल्कि यह स्थान भविष्य में एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। इस मौके पर डा. हरीश सिंह बिष्ट सहित ग्रामीण व श्रद्धालु तथा संतमहात्माओं ने इस मुहिम की सराहना करते कहा कि इससे क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नया स्वरूप मिलेगा। नमन कृष्ण महाराज ने कहा यह केवल मंदिर नहीं बल्कि संस्कृति और सेवा का केंद्र बनेगा। संस्कृत विद्यालय से ज्ञान का दीप जलेगा और गौशाला से सेवा का संकल्प मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि श्रीकंठ महादेव मंदिर का निर्माण न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए शिक्षा और सेवा का भी एक सशक्त मंच सिद्ध होगा। ट्रस्ट की यह पहल क्षेत्र में सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना को नया आयाम देगी।

# क्लस्टर योनजा पर भड़के शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू की जा रही संशोधित क्लस्टर योजना जिसे अब उत्कृष्ट विद्यालय योजना (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के नाम से प्रचारित किया जा रहा है, प्रदेश के हजारों राजकीय विद्यालयों के अस्तित्व पर संकट बनकर सामने आई है। योजना के तहत दूरस्थ और विषम भौगोलिक परिस्थितियों में संचालित कई विद्यालयों को मर्ज कर दिया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में अध्ययनरत सैकड़ों बच्चों की शिक्षा बाधित होने की आशंका गहराने लगी है। शिक्षक संगठनों और शिक्षा से जुड़े जानकारों का मानना है कि इस योजना को बिना किसी व्यवहारिक और भौगोलिक अध्ययन के जल्दबाजी में लागू किया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक



राज्य में इससे पूर्व भी समय-समय पर अटल उत्कृष्ट, आदर्श विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, आदि अनेक नामों से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समय-समय पर विद्यालयों की स्थापना की जाती रही है जिनका सतत रूप से अस्तित्व बनाए रखना चुनौती है ऐसे में बार-बार नए प्रयोगो की अपेक्षा एक स्थाई नीति बनाया जाना आवश्यक होगा।

**मनोज तिवारी- सदस्य प्रांतीय तदर्थ समिति उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ**

संघ के प्रांतीय सदस्य मनोज तिवारी ने सरकार, शासन और विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर इस योजना को अव्यवहारिक और जनवि. रोधी करार देते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। मनोज तिवारी ने स्पष्ट कहा है कि यह निर्णय न केवल शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित आदेशों की भी सीधी अवमानना है। उन्होंने कहा कि सरकार को राज्य की भौगोलिक संवेदनशीलता को समझते हुए बच्चों और अभिभावकों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। शिक्षक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। शिक्षक नेताओं ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर इस जनविरोधी योजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

# नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक महिला ने बनभूलपुरा थाने पहुंचकर एक युवक पर उसकी नाबालिग किशोरी को घर से भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को मामले की तहरीर सौंपी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जानक. ारी के अनुसार गौजाजाली निवासी एक पीड़ित महिला ने बनभूलपुरा थाने पहुंचकर सौंपी तहरीर में आरा. ेप लगाया कि उनकी 16 साल की नाबालिग पुत्री को इन्द्रानगर काबुल का बगीचा पर रहने वाले फरमान नाम का युवक घर में घुसकर उसे भगा ले गया। पीड़िता ने बताया कि उसकी बेटी को फरमान ने काम के बहाने से घर से बुलाया और बाइक पर बैठाकर ले गया। पुलिस ने परि. जनों की तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है जल्द ही युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अमृता आश्रम में किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति की समृद्धि की कामना के साथ शुक्रवार को सेल्फ रिलायंस इनिशिएटिव संस्था और लाइनेस

**एसआरआई संस्था बरसात भर जारी रखेगी मुहिम**

क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अमृता आश्रम ऊंचापुल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के उस व्यापक पौधारोपण अभियान का हिस्सा है, जो पूरे बरसात के मौसम तक चलाया जाएगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष तनुजा जोशी के नेतृत्व में अनेक समाजसे. वियों और पर्यावरण प्रेमियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर वृक्षों की रक्षा का संकल्प



लिया और प्रकृति के खुशहाल एवं संतुलित रहने की प्रार्थना की। संस्था की अध्यक्ष तनुजा जोशी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की नींव है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। इस दौरान ऊषा मुकेश, कुसुम दिगारी, शर्मिला मित्रा, मंजू दानू, मिथुन जायसवाल, विशाल भोजक, कन्नू मिश्रा, कौशल गौर, राहुल रावत, जितेंद्र पड़ियार, दीपक पांडे, रुद्राक्ष बिष्ट, सुरेंद्र सिंह फरसवान और रक्षित तिवारी सहित अनेक लोगों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# शॉर्ट टर्म पाठ्यक्रमों के लिए समझौता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन नैनीताल में सेतु आयोग उत्तराखंड, ताज होटल ग्रुप, टाटा स्ट्राइड तथा इण्डियन होटल कार्पोशन लि. मिटेड, उच्च शिक्षा विभाग तथा स्किल डप्लपमेंट विभाग उत्तराखंड के मध्य शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 से हॉस्पीलिटी होटल व्यवसाय मैंनेजमेंट से संबन्धित शॉर्ट टर्म पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जायेंगे। बता दें कि प्रारंभिक चरण में इन पाठ्यक्रमों का संचालन हरमिटेज स्थित होटल मैंनेजमेंट स्थित विभाग में किया जायेगा तथा भविष्य में इसे भीमताल परिसर में वृहद स्तर पर संचालित किये जाने की व्यवस्था है। इस अवसर पर सेतु आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. राज शेखर जोशी ने कहा कि इस पाठ्यक्रम के कुमाऊँ



विश्वविद्यालय के अन्तर्गत प्रारंभ होने से उत्तराखंड के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रारंभ होंगे, क्योंकि टाटा होटल ग्रुप के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ करने से उनके लिए देश के अर्न्तगत विभिन्न होटल व्यवसायों में अपनी सेवाएं देने के अवसर मिलेंगे। इस अवसर ताज होटल ग्रुप की उपाध्यक्षा श्रीसा चन्दना ने इस एमओयू को एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि भविष्य में भी ताज ग्रुप उतराखण्ड के अन्तर्गत इस तरह के पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने की महत्वाकांक्षा रखता है। कार्यक्रम को संजय खेतवाल निद. ेशक स्किल डप्लपमेंट उत्तराखंड तथा शीला दीत्यसम्मादत आपरेशनल हैडए टाटा स्ट्रइदड ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि भविष्य में इस तरीके के कौशल विकास कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय द्वारा बराबर प्रोत्साहित किया जायेगाए कुमाऊँ विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक जिमेदारियों के साथ-साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वह्व करें ताकि शिक्षित प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मुहैया हो सकें। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अतुल जोशी डीन वाणिज्य व संकायाध्यक्ष, बायो मेडिकल साइन्स डा. महेन्द्र राणा कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एमएस मन्द्रवाल, संकायाध्यक्ष कला प्रो. रजनीश पाण्डे, सेतु आयोग की सलाहकार भावना सिंदे समेत सुनील शर्मा, कुमार मनीष, काजल कुमारी तथा भुवन पडलिया व डा. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा (क्रीड़ा अधिकारी) आदि उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मियों की समस्याएं बताई

## पार्षद रोहित ने भगवत प्रसाद मकवाना को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पार्षद रोहित कुमार ने एक बार फिर से प्रदेश भर के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का मुद्दा उठाया है। रोहित ने राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना से भेंट की। कर्मचारियों की सात प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।

रोहित ने ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश में सफाई कार्य में व्याप्त ठेका प्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जाए, चाहे वह किसी भी क्षेत्र से संबंधित कर्मचारी हो। इसके अतिरिक्त पुरानी पेंशन योजना की बहाली, सफाई कर्मचारी का विशेष पद घोषित करते हुए मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति देने, वर्षो से प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षक, कनिष्ठ लिपिक तथा



चालक के कार्य कर रहे पर्यावरण मित्रों की पदोन्नति सहित कई मांगें रखी गईं।

अन्य प्रमुख मांगों में संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मियों, चालकों, मोहल्ला स्वच्छता समिति से जुड़े कर्मियों और आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग प्रमुख रही। साथ ही वर्ष 2015 में बने निकाय ढांचे में संशोधन कर सफाई कर्मचारियों के पद सृजित करने तथा नवगठित नगर निकायों और नगर पंचायतों में सीधी भर्ती की मांग भी शामिल रही। भगवत प्रसाद मकवाना ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 12 केन्द्रों पर देंगे 4870 परीक्षार्थी परीक्षा

## वन दरोगा की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर एडीएम ने ली बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आगामी 22 जून रविवार को 11 बजे से एक बजे तक उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा वन दरोगा की लिखित परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शान्तिपूर्ण तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 12 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमे 4870 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने डा. एपीजे कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, समन्वयको व सैक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक लेते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में 12 परीक्षा केन्द्र जिसमे सेंट पिटर्स सीनियर सिकेंट्री स्कूल किच्छा, आदर्श राजकी बालिका विद्यालय पंतनगर, अमर इण्टर कालेज रुद्रपुर, अटल उत्कर्ष राजकी बालिका विद्यालय किच्छा, भन्जूराम अमर इण्टर कालेज रूद्रपुर, गोविन्द विद्या मंदिर इण्टर कालेज रुद्रपुर, राजकीय बालि. का इण्टर कालेज फाजलपुर महरौला रुद्रपुर, हिमालयन प्रोग्रे. सिव स्कूल किच्छा, जनता इण्टर कालेज रुद्रपुर, अटल उत्कर्ष एएनझा राजकीय इण्टर कालेज रुद्रपुर, रुद्रपुर इंस्ट्यूट ऑफ टैक्नॉलोजी भगवानपुर रुद्रपुर, कृष्णा मचेंट्स एसोसिएशन इण्टर कालेज (जनता इण्टर कालेज) किच्छा परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में कोई लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए, परीक्षा केंद्र में आवश्यक दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए सीसी टीवी कैमरे की जद में प्रश्नपत्र रखे व खोले जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। समस्त परीक्षा केन्द्रों में धारा 163 लागू रहेगी। बैठक में ओसी गौरव पाण्डेय, एसीएमओ डा. एसपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिशासी अभियंता विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, विद्युत एसके तिवारी, लोनिवि अरूण कुमार, एसके अग्रवाल, पेयजल निगम सुनील जोशी, पीएन चौधरी, सुधीर कुमार, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, उप आयुक्त राज्यकर शशीकांत आर्य, डिप्टी उपायुक्त वीर सिंह, आनंद प्रकाश गुप्ता सहायक राजेन्द्र सिंह चौहान सहित केन्द्र व्यवस्थापक व समन्वयक आदि उपस्थित थे।

# गैस एजेंसी में खाद्यापूर्ति निरीक्षक का छापा

- औचिक छापेमारी के दौरान मिली घोर अनिमिताएं, उच्च अधिकारियों को भेजी रिपोर्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्रीय नागरिकों व उपभोक्ताओं की शिकायत पर इंडेन गैस एजेंसी पर खाद्य पूर्ति निरीक्षक द्वारा औचिक छापामारी के दौरान घोर अनिमिताएं पाई गई।

पिछले काफी दिनों से उपभोक्ताओं द्वारा खाद्य पूर्ति निरीक्षक को जसपुर गैस एजेंसी जसपुर के विषय में कई प्रकार की शिकायतें की जा रही थी जिसको गंभीरता से लेते हुए खाद्य पूर्ति निरीक्षक द्वारा इंडियन गैस एजेंसी जहपुर पहुंचकर औचित निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि एजेंसी प्रशासन नियम कानून ताख पर रखकर अपनी मनमानी करने में लगा हुआ है उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली सब्सिडी किसके खाते में जा रही है, इसका कोई लीगल रिकॉर्ड एजेंसी प्रशासन खाद्य पूर्ति निरीक्षक को नहीं दिखा पाए। इसके पश्चात खाद्य पूर्ति अधिकारी मुकुल गरजोला ने इंडियन गैस एजेंसी की जांच हेतु रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी हैं।

खाद्य पूर्ति निरीक्षक द्वारा बताया गया कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी ही नहीं पहुंच रही है जो सबसे महत्वपूर्ण जांच का विषय है। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट के वाहनों में उपभोक्ताओं को गैस वितरित की जा रही है। गैस वितरित वाहनों में अग्नि शमन यंत्र भी नहीं है साथ ही वजन मापने की मशीन भी नहीं है।

वजन मापने वाली मशीन का सर्टिफिकेट 30 जनवरी 2025 को समाप्त हो चुका है जबकि सर्टिफिकेट प्रति वर्ष प्रमाणित करना पड़ता है इसके अलावा भी कई अन्य शिकायतें लोगों द्वारा मिली ह। मामले की व्यापक जांच की संस्तुति की गई है और जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारी को प्रेषित की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा शासन में नई ऊंचाइयां छू रहा है देश: संजीव



- मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** केन्द्र की भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प सभा का वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने आदित्य चौक स्थित अपने कार्यालय में आयोजन कर जश्न मनाया।

मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 11 वर्ष पूरे होने पर विक. सित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विगत 11 वर्षों में किए गए लोक कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को अर्थव्यवस्था, सड़क, शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा के क्षेत्र में शानदार काम करते हुए देश को नयी ऊंचाइयों पर स्थापित किया है। साथ ही भाजपा सरकार में देश मजबूत हुआ है तथा जनता सुरक्षित हुई है।

देश भर में जनता के लिए बेहद आवश्यकीय सड़के, पुल, सुरंग व टनल बनाने के साथ ही देश की सेना को भी मजबूती प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्ष देश के सर्वांगीण विकास, गरीबों के उत्थान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

विश्व का सबसे बड़ा देश है जो 85 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने का काम किया है। इस मौके पर मुकेश कोली, लता सिंह, महिला नगर मण्डल अध्यक्ष आरती दुबे , प्रकाश पंत, विशाल चौहान, ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, नवीन सिंह, कमलेश दुबे, संजय, कविता मान, मधु गुप्ता, सुषमा गंग. वार, धनीराम आदि थे।

# खोए फोन लौटाकर एसएसपी ने लौटाई मुस्कान

- बीस लाख से अधिक के मोबाइल हुए बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 150 से अधिक खोए और गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 20 लाख से अधिक है। इन फोनों को उनके असली मालिकों को लौटा दिया गया है, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और राहत लौट आई है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को गुमशुदा मोबाइल फोन की तलाश और बरामदगी के लिए विशेष और स्पष्ट निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का पालन करते हुए, उधमसिंहनगर के सभी थानों ने एक व्यापक और समन्वित अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस टीमों ने ईएमईआई नंबरों का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए सीईआईआर पोर्टल की मदद से विभिन्न कंपनियों के 150 से अधिक फोन सफलतापूर्वक बरामद किए, जो जिले के अलग-अलग स्थानों से गुम हुए थे।

सीईआईआर पोर्टल ने खोए हुए मोबाइलों को ट्रैक करने और उन्हें निष्क्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उनकी बरामदगी आसान हो गई।

इस सफल अभियान के समापन पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस कार्यालय में कुछ मोबाइल स्वामियों को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनके खोए हुए फोन सौंपे। अपने मोबाइल वापस पाकर सभी मोबाइल स्वामी अत्यधिक खुश और भावुक नजर आए।

उन्होंने एसएसपी और उधमसिंहनगर पुलिस के अथक प्रयासों और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### भाजपा नेता की पत्नी ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**



पंखे के कुंडे में लटका मिला शव

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में भाजपा नेता सुदीप डे की पत्नी हेमा का शव पंखे के कुंडे में लटका मिला। सूचना पर मौके पर तहसीलदार, सीओ पंतनगर डीआर वर्मा, कोतवाल मोहन चंद्र पांडे, एसएसआई महेश कांडपाल, एसआई महिला नेहा ध्यानी समेत अन्य पुलिस फोर्स पहुंचा। पुलिस ने मृतका के पति से जानकारी लेने के शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है।

मृतका के पिता प्रेम राम, चाचा समेत मायके वाले मौके पहुंचे। कोतवाल ने बताया कि पुलिस को डायल 112 पर मामले की सूचना मिली थी। तब तक परिजनों ने शव को नीचे उतार लिया था। उन्होंने बताया कि दो मार्च 2025 को हेमा ने भाजपा नेता से प्रेम विवाह किया था। उन्होंने बताया कि तहसीलदार की मौजूदगी में शव को पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इधर मामले की सूचना पर पार्टी के लोग भी पहुंच गए। भाजपा नेता के घर में दंपति के अलावा मां है। मां कहीं बाहर गए हुई है। पुलिस के मुताबिक सुदीप डे घर से कुछ देर के लिए चले गए थे। जब कुछ ठीक नहीं लगा तो वह वापस लौट आए। देखा कमरा बंद था। इधर मृतका के मायके वालों ने पुत्री की मौत पर संदेह व्यक्त किया। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा एंबुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर भेजा गया है पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी घायल की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

कोतवाली के अपर उप निरीक्षक जगदीश सिंह महर ने बताया कि बीती रात्रि उन्हें सूचना मिली कि नेशनल हाईवे 74 पर नवीन गल्ला मंडी गेट के सामने किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर हालत में सड़क पर पड़ा हुआ है सूचना मिलते ही वह हमराह कांस्टेबल नरेंद्र तथा पूरन सोराडी आदि के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां लगभग 45 से 50 वर्ष का व्यक्ति गंभीर हालत में बुरी तरह से कुचला हुआ बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। तुरंत नेशनल हाईवे की एंबुलेंस को मौके पर बुलाकर उसमें लेटाकर जिला चिकित्सालय रुद्रपुर भेजा है। अपर उप निरीक्षक जगदीश सिंह महर ने बताया कि घायल के पास कोई भी आईडी प्रूफ नहीं था जिस कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

### मुस्लिम छिपी वेलफेयर सोसाइटी के शेष पदों पर 21 जून को होगा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मुस्लिम छिपी वेलफेयर सोसाइटी की शहर कमेटी के पदाधिकारी के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। तीन अलग-अलग पदों के लिए अब तक कुल सात लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। चुनाव 21 जून को होगा। समिति के चुनाव अधिकारी अतिकुर रहमान ने बताया कि नायब सदर के लिए खादिम अली नूरी एवं शाहिद अली ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी तरह शहर सेक्रेटरी के लिए इस्लाम हुसैन सहारा हाजी बाबू और खजांची पद के लिए मोहम्मद सलीम, हाजी मोहम्मद अकरम व मोबीन अहमद ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 21 जून को मोहल्ला जटवारा के मदरसा दारुल उलूम में रात 9:30 बजे से 11:30 बजे तक चुनाव होगा। इसी दिन चुनाव के बाद मतगणना होगी। शहर कमेटी के नवनिर्वाचित मेंबर, सेक्टर चौधरी एवं सेक्रेटरी की 60 सदस्य टीम मतदान के जरिए अपने पदाधिकारी का चुनाव करेगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि नाम वापसी कार्यक्रम के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। मुस्लिम छिपी वेलफेयर सोसाइटी की शहर कमेटी के नायाब सिक्योरिटी पद पर मोहल्ला चौहान निवासी मास्टर मुबीन अहमद को निर्विरोध चुन लिया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी अतिकुररहमान इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि बीती 21 मई को हाजी नफीस अहमद ने पूर्व अध्यक्ष को 258 मतों से हराकर जीत हासिल की थी। शेष बचे पदों के लिए 21 जून को मतदान होगा।

### पूर्व अर्द्ध सैनिक संगठन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पूर्व अर्द्ध सैनिक संगठन की बैठक में वक्ताओं ने प्रदेश व केन्द्र सरकार के पूर्व अर्द्ध सैनिकों की समस्याओं के समाधान न करने पर नाराजी व्यक्त की और कहा कि अर्द्ध सैनिक बल भी देश की सीमाओं के साथ ही आंत. रिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। वक्ताओं ने राज्य व केन्द्र सरकार को उनके प्रति लापरवाह रहने पर चिंता व्यक्त की।



देवभूमि धर्मशाला में विष्णु दत्त भट्ट सहायक कमांडेन्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने पिछले सात- आठ साल से दिए गए आश्वासन के बाद भी कल्याण निदेशालय का गठन नहीं किया । वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों की तर्ज पर अर्द्ध सैनिकों को भी अर्द्ध सैनिक बल मिलन केन्द्र की स्वीकृति की मांग की। वक्ताओं ने एकमत होकर एक बार केन्द्र व राज्य सरकार के समक्ष अपनी मांगे उठाने का निर्णय लिया। सुनवाई नहीं होने पर आगामी चुनाव में इसका जवाब देने का निर्णय लिया। अंत में आम सहमति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें शेर सिंह कन्याल अध्यक्ष, के.एन पांडे उपाध्यक्ष, कविन्द्र सिंह कन्याल सचिव, होशियार सिंह सामंत कोषाध्यक्ष, भगवान सिंह ज्याला उपसचिव नामित हुए। इसके अतिरिक्त सितारगंज ब्लॉक कमेटी के लिए रहीस राणा अध्यक्ष, कुंवर सिंह राणा उपाध्यक्ष, ऋषिपाल सिंह सचिव तथा कृपाल सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए हैं।

# युवक की मौत पर दो बहनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

- करीब आठ माह पहले युवक ने लगाई थी फांसी
- बहनों पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददात**

**रुद्रपुर।** करीब आठ माह पूर्व ट्रांजिट कैम्प में वृंदावन निवासी एक युवक द्वारा कमरें में फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में मृतक के पिता ने दो बहनों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिसमें दोनों आरोपी बहनों पर पुत्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है।

दर्ज रपट में सुनील कुमार पुत्र गोवरधन वर्मा निवासी मोती झील, वृन्दावन, जिला-मथुरा, उत्तर प्रदेश ने कविता पाण्डेय पुत्री अज्ञात व दिव्या पाण्डेय पुत्री अज्ञात के विरूद्ध कहा है कि उसके पुत्र विशाल वर्मा की कविता पाण्डेय नाम की लड़की जो कि अल्मोडा निवासी है से कुछ समय पहले मोबाईल फोन के जरिए दोस्ती हो गई थी। कविता पाण्डेय की दूसरी बहन दिव्या पाण्डेय की बात भी पुत्र विशाल वर्मा से होती रहती थी। उसके पुत्र विशाल वर्मा को उक्त दोनों बहनों ने बहला फुसला कर वृन्दावन से रूद्रपुर बुला लिया। अगस्त 2024 से पुत्र अपने सारे दस्तावेज लेकर रुद्रपुर आ गया। दोनों बहनों ने पुत्र विशाल वर्मा को ट्रांजिट कैम्प में किराये का कमरा दिलवाया और उसके कमरे पर आती जाती रहती थी। पुत्र रूद्रपुर सिडकुल में किसी कम्पनी में कार्य कर रहा था। उसके पुत्र विशाल वर्मा तथा उक्त कविता पाण्डेय से प्रेम प्रसंग के चलते दोनों में शादी करने की बात हो गई थी। पुत्र विशाल वर्मा की अपने घर पर 8 अक्टूबर 2024 तक बातचीत होती रही और उसने अपनी सारी बाते घर पर बताई।

11अक्टूबर 2024 पुत्र विशाल के मित्र वृदावन निवासी कृष्ण मुरारी चौधरी को उक्त दोनों बहनों के द्वारा मोबाईल से सूचना दी गई कि विशाल वर्मा ने अत्महत्या कर ली है। पुत्र सुनील कुमार के किराये के कमरे का पता भी दोनों बहनों ने बताया था। जहां पहुंचने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मृतक पुत्र सुनील कुमार के शव का सुपुर्दगीनामा बना कर शव को उसके हवाले कर दिया तथा मृतक सुनील कुमार के फोन को पुलिस ने कब्जे में लेकर अपने पास रख लिया है। पिता सुनील का आरोप है कि मृतक पुत्र विशाल वर्मा को उक्त दोनों बहने कविता पाण्डेय व दिव्या पाण्डेय व उनके परिवार वालों द्वारा किये गये मानसिक उत्पीडन एवं दुष्प्रेरण के चलते ही पुत्र ने परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पहाड़गंज में भवनों पर लगे लाल निशान

- स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विकास प्राधिकरण द्वारा विगत दिवस फाजलपुर, प्रीत विहार में सीलिंग व सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाए जा रहे भवनों को ध्वस्त करने के बाद अब मौहल्ला पहाड़गंज में अवैध रूप से बनाया गए भवनों पर लाल निशान लगाने का काम शुरू होने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। जिला विकास प्राधिकरण के कर्मचारी लाल निशान लगाने में जुटे हैं।

बताया जा रहा कि अब तक तीन सौ से अधिक अवैध भवनों पर यह निशान लगा दिए गए हैं। डीएम नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर चल रही कार्यवाही ने प्रीत बिहार और पहाड़गंज के लोगों की नींद उडा रखी है। प्रीत बिहार में जहां सीलिंग की जमीन है तो पहाड़गंज में सरकारी जमीन पर पिछले लंबे समय से अवैध निर्माण हो रहे थे। गौरतलब हो कि पहले एडीएम नजूल एवं सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय ने पहाड़गंज में अनेक स्थानों का निरीक्षण किया था जहां सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर गहरी चिंता जताई थी। जिसके बाद प्रीत बिहार और पहाड़गंज में दो दर्जन निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त कर दिया था। इस कार्यवाही के बाद जिला प्राधिकरण की टीम पहाड़गंज में उस भवनों पर जो सरकारी जमीन पर बिना स्वीकृत के बने हैं उन पर लाल रंग से नंबर डाल रही है। बताया जा रहा कि अब तीन सौ ज्यादा मकानों पर नंबर लिख दिए गए हैं।

ऐसे भवनों पर कभी भी जेसीबी मशीन गरज सकती है। जिसको लेकर भवन स्वामियों में लगातार भय का माहौल बना हुआ है।

# गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बृजवासी गो रक्षक सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मदास महाराज के नेतृत्व में लोगों ने एडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि लावारिस गोवंशीय पशुओं को सरकारी गोशाला में भिजवाया जाए। लावारिस गोवंशीय पशुओं की मौत होने पर सरकार द्वारा अंत्येष्टि करायी जाये। उन्होंने कहा कि चार धाम की यात्रा के लिए स्थित तीर्थ स्थल पर पर्यटकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रॉली की व्यवस्था कराई जानी चाहिए। चारधाम के समस्त तीर्थ स्थलों पर पर्यटकों की सुरक्षा व देखरेख की उचित व्यवस्था की जाए। ज्ञापन देने वालों में दूधिया बाबा मंदिर के महंत शिवानंद महाराज, राष्ट्रीय सचिव प्रेम किशोर गंगवार, जिलाध्यक्ष प्रेम पाल गंगवार, पवन गुप्ता, आकाश, अंकित, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, मोहन स्वरूप गंगवार, रामधारी गंगवार, जोगेंद्र सिंह चौहान, अंकुश गंगवार आदि शामिल रहे।

# प्रीत विहार में विद्युत विजिलेंस टीम का छापा



- 14 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विद्युत विभाग की स्थानीय एवं सतर्कता इकाई द्वारा शुक्रवार को प्रीत विहार फेस-5 तराई फूड रोड के निकट विद्युत चें. कंग की गई। चेकिंग में लगभग 14 लोग विद्युत चोरी करते पाए गए, जो की सीलिंग की जमीन पर रह रहे हैं, जिनमें कुछ लोग बिना कनेक्शन के डायरेक्टर कड़िया डालकर विद्युत चोरी कर रहे थे।

विद्युत विजिलेंस टीम ने राज. विंदर कौर पत्नी सुखन सिंह, सुनीता पत्नी सुनील बहादुर ,सोनी पत्नी कमल, बलजीत कौर पत्नी कश्मीर सिंह, देवकी पत्नी रामपाल, संजय कुमार श्रीवास्तव, दरोगा पुत्र कोतवाल, रावल सिंह पुत्र बूटा सिंह, मुख्तियाज अली पुत्र अनवर शाह, शान अहमद पत्नी शकील अहमद व कुछ लोग मीटर से पहले कट लगाकर बिजली चोरी करते पाए गए। जिनमें रणजीत कौर पत्नी पूरन सिंह, हरभजन सिंह पुत्र सुच्चा सिंह, कुलवंत कौर पत्नी सरबजीत सिंह, शेफाली अग्रवाल पत्नी मुक. 'श आदि के द्वारा कुल 24 किलोवाट की विद्युत चोरी पाई गई है। जिन पर बिजली चोरी का रिपोट दर्ज कराई गई है। कार्रवाई के दौरान मोहल्ले में हड़कंप मचा रहा। टीम में एसडीओ अंशुल मदन, एसडीओ विजिलेंस पुनीत कुमार, जेई शुभम कुमार, एसडीओ विजिलेंस अमित कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# गोलीकांड का आरोपी पिस्टल सहित पकड़ा

- पुरानी रंजिश में युवक के साथ मारपीट कर मारी थी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खेड़ा कालोनी में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से पिस्टल भी बरामद की। जबकि अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

बता दें कि खेडा कालोनी वार्ड 17 रुद्रपुर निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद हारून ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में कहा कि 18 जून 2025 की रात नन्दन उर्फ चंदन, ईजाज, रिजवी घर के बाहर एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। घर के बाहर शोर शराबा सुन कर पिता बाहर आए तो उक्त लोगों को समझाया। इस पर उक्त लोगों ने उसे जान से मारने के इरादे से फायरिंग कर दी। इससे उसके दाहिने हाथ में गोली लगी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की सहायता से संदिग्धों से पूछताछ की गई। नामजद आरोपियों में अभियुक्त नन्दन ऊर्फ चन्दन पुत्र राजकुमार यादव निवासी ख्र वार्ड 17 खेडा रुद्रपुर को पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक पिस्टल नाजायज 32 बोर मैगजीन, दो जिन्दा कारतूस भी बरामद किए।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उसके द्वारा अपने साथियों रिजवी व एजाज के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। फरार रिजवान उर्फ रिजवी पुत्र नजीर और ईजाज पुत्र अल्ली दोनों उसी वार्ड के निवासी हैं। दोनों घरों से फरार है। तलाश की जा रही है। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप को. हली, चौकी प्रभारी बगवाड़ा जितेन्द्र कुमार, एसआई प्रियांशु जाशी,महेश राम, अमित कुमार,जगदीश पाठक आदि शामिल रहे।

# एसएसबी ने नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम बग्गा, लाल कोठी एवं धनुष पुल के क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल 57 बटालियन के कमांडेंट मनोहर लाल के मार्गदर्शन में सीमा चौकियों मेलाघाट, सिंबल घाट एवं धनुष पुल के माध्यम से नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति के इस जन जागरूकता कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल के जवानों सहित स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

आपको बता दें कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन मानस में नशे की बुराइयों के प्रति चेतना उत्पन्न करना और समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल करना है। इस दौरान उपस्थित सीमावर्ती क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर जागरूक और सचेत किया गया। इसके साथ ही सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इससे दूर रखने का संकल्प लिया। सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल समाज के प्रति प्रतिबद्धता और उत्तरदायित्व को लेकर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक चेतना और युवा सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। आयोजित कार्यक्रम में निरीक्षक सुशील कुमार, मोहर सिंह, सहायक उप निरीक्षक संजय, मुख्य आरक्षी प्रवेश तथा एसएसबी के कई जवान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पहले दल में पचास श्रद्धालु करेंगे आदि कैलाश के दर्शन

## तीस जून को दिल्ली से प्रारम्भ होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, टनकपुर होगा पहला पड़ाव

■ यात्रा को सुखद बनाने को जिलाधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में आगामी 30 जून 2025 से प्रारंभ होने जा रही कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 की तैयारी के संबंध में एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कुमाऊं मण्डल विकास निगम, सेना, आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल, बीआरओ एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। इस बैठक द्वारा एक रोड मैप तैयार किया गया और यात्रा दौरान कोई भी परेशानी आ सकती है उसकी समीक्षा की गयी और उसके लिए प्लान ठ के बारे में भी जाना।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा पिछले पांच वर्ष के बाद प्रारंभ हो रही है और यह पिथौरागढ़ जनपद के लिए महत्वपूर्ण है और प्रशासन को इस यात्रा को सुरक्षित व यादगार बनाना है। उन्होंने बनाते हुए कहा कि ये यात्रा पहले धारचूला के पैदल मार्ग से की जाती थी। इस बार इस यात्रा में यात्री गाड़ियों से लिपुलेख तक का सकेंगे। यात्रा 30 जून से दिल्ली से प्रारम्भ होगी जो चार की शाम टनकपुर पहुंच. ेगी और जनपद के विकासखंड धारचूला में पांच जुलाई को पहुंचेगी। यात्राओं को आईटीबीपी द्वारा टनकपुर पर रिसीव किया जायजा और टनकपुर से यात्रा आईटीबीपी की निगरानी में हो होगी। यात्री पांच जुलाई को धारचूला विश्राम कर अगले दिन गूंजी के लिए रवाना होगी। गूंजी में यात्रियों का अक्लीमेटाइजेशन एवं मेडिकल किया जाएगा। गूंजी में दो दिन का विश्राम होगा। इस दौरान यात्री आदि कैलाश दर्शन भी कर सकेंगे। दो दिन के विश्राम के बाद यात्रा नाभीढांग पहुंचेगी और वहां भी अक्लीमेटाइजेशन एवं मेडिकल किया जाएगा और उसके बाद यात्री गण आईटीबीपी की निगरानी में लिपुलेख की यात्रा तय करेंगे और उसके बाद यात्री तिब्बत में प्रवेश कर जाएंगे।

यात्रा दल में 50 लोग होंगे, जिन्हें आवागमन हेतु 13 वाहनों की उपलब्धता कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा की जाएगी, जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में दो वाहन रिजर्व में रखे जायेंगे। जिलाधिकारी ने समस्त उपस्थिति अधिकारियों से अपील करते हुए इस यात्रा को सुरक्षित, सफल और यादगार बनाने में अपना योगदान देने को कहा। जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग को उक्त यात्रा अवधि में गूंजी में एक फिजिशियन डॉक्टर्स के तैनाती के साथ ही एक बेस हॉस्पिटल वाली सारी सुविधाओं को उपलब्ध करने के निर्देश दिए। भारतीय सेना, बीआरओ से रोड की स्थिति जानी और यात्रा के दौरान ये हेल्थी कम्युनिकेशन विभागों के साथ स्थापित करने निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी धारचूला मंजीत सिंह से इस यात्रा के दौरान क्रिटिकल पॉइंट्स पूछे जहां बार बार मालवा आता है। उपजिलाधिकारी ने बीआरओ से अपीन की कि वह जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराए। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बीआरओ दिन में दो बार रोड खुली या बंद होने की जानकारी प्रशासन को दे, एक सुबह 8 बजे और दूसरा दिन में 12 बजे । कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटते वक्त यात्री बूंदी में विश्राम करेंगे और अगले दिन यात्री डीडीहाट थल से होते हुए चौकोरी में रुक कर विश्राम करेंगे और वहां पाताल भुवनेश्वर, हाट कालिका, जागेश्वर धाम के भी दर्शन कर सकेंगे। यात्रा अल्मोड़ा से होते हुए नैनीताल कैंचीधाम दर्शन करके हुए दिल्ली को रवाना होगी।

इस यात्रा के लिए पुलिस अधीक्षक ने अपनी तैयारी के बारे में भी जानकारी दी और दूसरे डिपार्टमेंट से समन्वय स्थापित कर यात्रा को सफल बनाने के लिए तत्परता दिखायी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ नबियाल, आईटीबीपी, एसबएसबी, भारतीय सेना, बीआरओ, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# मनीष कुमार बनें चंपावत के नए जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** पंचायत चुनाव से पहले शासन ने बड़े पैमाने में कई आईएएस व पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। वहीं ठीक पंचायत चुनाव से पहले डीएम चंपावत नवनीत पांडे का भी स्थानांतरण कर दिया गया है ।अब डीएम चंपावत नवनीत पांडे शासन में अपर सचिव कार्मिक एवं सतर्कता विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। जिलाधिकारी नवनीत पांडे के कार्यकाल में चंपावत जिले में कई विकास कार्य हुए।

जिलाधिकारी नवनीत पांडे के स्थानांतरण के बाद अब 2018 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष कुमार चंपावत जिले के नए जिलाधिकारी होंगे। मनीष कुमार ने 29 साल की उम्र में एयर 84 हासिल करते हुए 2018 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास की। वह वर्तमान में उत्तराखंड में उधम सिंह नगर के मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं, जो अब पहली बार डीएम के तौर पर चंपावत जिले का पदभार संभालेंगे। नव आगंतुक जिलाधिकारी के समक्ष पंचायती चुनाव को सकुशल संपन्न कराने व मानसून से निपटने की बड़ी चुनौती होगी।

# बाराही धाम आने वाले तीर्थ यात्रियों को मिलेंगी सभी सुविधाएं: सीडीओ

■ पहली बार बाराही धाम पहुंचे सीडीओ का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा ।** शासन द्वारा सौर ऊर्जा के दोहन के लिए पर्याप्त सुविधाएं एवं प्रोत्साहन दिए जा रहे है। इससे अतिरिक्त आय होने के साथ ईंधन पर भी दबाव कम किया जा सकता है। बाराही धाम एवं इस क्षेत्र में सौर ऊर्जा के दोहन कि अनुकूल परिस्थितियां छिपी हुई है।

मुख्य विकास अधिकारी के रूप में पहली बार बाराही धाम आए डा. जेएस खाती ने कहा यह ऐसा धाम है जिसकी चमत्कारिक मान्यताएं एवं परंपरा रही है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के लोगों ने शताब्दियों पूर्व अपने पूर्वजों की विरासत को आज भी सजोया हुआ है। उन्होंने कहा बाराही धाम के विकास के लिए शासन स्तर पर व्रत योजना पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुसार धाम को और भव्य व दिव्य रूप दिए जाने के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब इस धाम में देश-विदेश के लोगों का रूख होने लगेगा। इससे पहले हमें तीर्थ यात्रियों को सभी सुविधाएं देने के लिए यहां आधारभूत ढांचा तैयार करना होगा।

सीडीओ का मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दलीप सिंह चम्याल, हयात सिंह बिष्ट, बिशन सिंह चम्याल, अमित लमगड़िया ,जगदीश सिंघवाल, चंदन बिष्ट, चम्याल खाम के गंगा सिंह चम्याल, लमगड़िया खाम के वीरेंद्र लमगड़िया, गहड़वाल खान के दीपक बिष्ट ने आदि ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया ।

बाद में यहां विश्वकल्याण के लिए चल रही पुराण कथा का वाचन कर रहे व्यासपीठ के आचार्य प्रकाश कृष्ण शास्त्री ने सीडीओ को मां बाराही का आंचल भेंटकर अपना आशीर्वाद दिया । अपने भ्रमण के दौरान सीडीओ ने यहां होने वाले ऐतिहासिक बग्वाल मेले की व्यवस्थाओं का भी सरसरी तौर पर जायजा लिया तथा मंदिर कमेटी के लोगों से विचार विमर्श भी किया।

# एसडीएम से मिले क्षेत्रीय विधायक

■ किसानों/नागरिकों को होने वाली दिक्कतों से कराया अवगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विधानसभा क्षेत्र में भूमि की पैमाइश में आ रही दिक्कतों को लेकर क्षेत्रीय किसानों/ नागरिकों ने विधायक आदेश चौहान से मिलकर होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

इस विषय को लेकर क्षेत्रीय विधायक अपनी टीम के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उन्होंने एसडीएम चतर सिंह चौहान को उक्त समस्याओं के विषय में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किसाने की भूमि की पैमाइश न किए जाने से लगातार उनके पास किसानों द्वारा शिकायतें की जा रही हैं। क्षेत्र के किसानों द्वारा शुल्क जमा होने के बावजूद भूमि की पैमाइश के लिए राजस्व विभाग के लगातार चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे किसानों का समय के साथ-साथ पैसे की बर्बादी हो रही है। वहीं आपसी झगड़े की संभावना भी बनी रहती है। विधायक आदेश चौहान ने कहा जसपुर क्षेत्र के पिछले लगभग दो वर्षों से लगातार चकबंदी मार्ग, हदबंदी की लगभग सौ शिकायतें पेंडिंग है। राजस्व विभाग द्वारा पिछले दो साल से उनकी पैमाइश नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले यह काम रिटायर्ड अमीन करते थे, अब यह कार्य कानूनगो को सौंप दिया गया है। किसानों को नोटिस देने के बाद भी पैमाइश नहीं हो पा रही है। उन्होंने एसडीएम और कानूनगो से जल्द से जल्द पैंडिंग शिकायतों बाली भूमि की पैमाइश को कराने की बात कही।

एसडीएम चतर सिंह चौहान ने बताया कि हदबंदी/भूमि पैमाइश नहीं होने को लेकर क्षेत्रीय विधायक द्वारा बात कही गई। मौके पर राजस्व निरीक्षक/कानूनगो धनेश शर्मा को बुलाकर सभी पैंडिंग मामले का निस्तारण जल्द से जल्द करने को कहा गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक के साथ गजेंद्र चौहान, इफ्तार बबलू, सुंदर पाल एडवोकेट, कपिल चौहान, राजकुमार सिंह ,नईम प्रधान, सर्वेश चौहान मौजूद रहे।

## एक नजर

### राज्य के हाजियों का वतन वापसी का सिलसिला शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज 2025 संपन्न हो गया है। राज्य व क्षेत्र के हाजियों का सऊदी अरब से वतन वापसी का सिलसिला अलग-अलग फ्लाइट से जारी है जो लगभग 10 जुलाई तक चलेगा। हज कमेटी आफ इंडिया के मुताबिक हज 2026 की यात्रा की घोषणा इसी वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है। राज्य के इच्छुक हज आवेदकों को 31 दिसंबर 2026 की वैधता वाला पासपोर्ट तैयार रखना होगा। नए पासपोर्ट आवेदकों को उपनाम एवं अंतिम नाम के कालम को जरूरी भरना होगा, ताकि हज 2026 के लिए नुसुक मसार पोर्टल पर परेशानी ना हो। जिन पासपोर्ट धारकों की वैद्यता 31 दिसंबर 2026 से पूर्व समाप्त हो रही है, ऐसे इच्छुक हज आवेदकों को नए पासपोर्ट बनवाना पड़ेगा।

### वर्ल्ड म्यूजिक डे पर दे रहा शानदार ऑफर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** इस वर्ल्ड म्यूजिक डे पर अमेजन डॉट इन पर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर बेहतरीन डील्स के साथ अपने सुनने के अनुभव को अपग्रेड करें। ग्राहक हेडफोन्स, स्पीकर्स, साउंडबार्स और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स सहित कई प्रोडक्ट्स पर 75 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये ऑफर्स बोट, जेबीएल और नॉइस जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, ग्राहक एसबीआई क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10 प्रतिशत तक की तत्काल छूट भी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें अधिकतम बचत 1,250 रुपये तक हो सकती है । इन शानदार डील्स का पूरा लाभ उठाइए और 21 जून 2025 से अमेजन डॉट इन पर जरूर जाएं।वर्ल्ड म्यूजिक डे पर अमेजन डॉट इन से बहुत सारे प्रोडक्ट रियायती दामों पर खरीद सकते हैं।

### चंपावत में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

टाटा मोटर्स ने पांच सौ पदों में लिए साक्षातकार

**चंपावत।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सेवायोजन कार्यालय चंपावत में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से आए हुए बेरोजगार युवक और युवतियों ने प्रतिभाग किया।

कंपनी की ओर से अभ्यार्थियों का चयन कर कंपनी द्वारा लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा के आधार पर किया । ष्टाटा मोटर्स लिमिटेड, पंतनगर (रुद्रपुर) द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय चंपावत में 500 पदों के लिए एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। टाटा मोटर्स लिमिटेड पंतनगर (रुद्रपुर) से आए प्रतिनिधियों में बताया कि NAPS ट्रेनी में 300 पदो के लिए 12वीं पास आईटीआई अप्रेंटिस ट्रेनिंग के 200 पदों के हेतु 10वीं पास अभ्यर्थियों को मेले में शामिल किया गया है। बताया कि दो साल तक कौशल विकास कार्यक्रम के तहत उन्हें कंपनी की ओर से ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसके बाद उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले को लेकर युवाओं में काफी जोश देखने में नजर आया।

### सारिम हत्याकांड में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में 13 जून की रात को भवानीगंज चुंगी के समीप कुछ लोगों द्वारा ग्राम बेडाझाल निवासी सारिम की धारदार हथियार से हमला करते हुए उसकी हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर कुछ लोगों के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज किया था मामले में पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी सिकंदर सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेज दिया था।



शुक्रवार को इस मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपियों के घर पर लगातार दविश दी जा रही थी लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं चल रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में गुरुवार की शाम मोहल्ला खताड़ी निवासी फरदीन खान को चोरपानी चौराहे से गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। कोतवाल ने बताया कि इस मामले में अभी तक 7 लोगों को जेल भेजा जा चुका है और फरार अन्य आरोपियों के लिए कोर्ट उनके घरों की कुर्की लेने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया है न्यायालय से आदेश मिलने के बाद शीघ्र फरार आरोपियों के घर की कुर्की करने की बात कही है।इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल अरुण कुमार सैनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, कांस्टेबल विपिन शर्मा कांस्टेबल महबूब आलम शामिल रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** श्री शिव देवी मंदिर ग्राम मदनपुर खेमपुर गैबुआ में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार 20 जून से 27 जून तक चलेगा। जो कि आश्रम में ब्रहमलीन श्री जैहरी गिरी महाराज जी के आर्शिवाद से जन कल्याण के लिए संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन लगभग पिछले पांच वर्षों से किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक व्यास जी पंडित सतीश लोहनी, यजमान रेवाधर पाण्डे, विद्याधर पाण्डे, दयाकिशन सती और गैबुआ ग्रामवासीयों ने कलश यात्रा में बढ चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान ग्राम प्रधान निर्मला कांडपाल, भाजपा नेता विपिन कांडपाल,संजू पाण्डे, गोपाल बिष्ट, चदन नेगी, नवीन भट्ट, किशन भाटिया, भारत नेगी, बशीधर काण्डपाल, नवीन पाण्डे, मोहन नेगी, मोहन चन्द्र नेनवाल, राजू जोशी, यमन नैनवाल, भुवन सती, धर्मदत्त सती,कमलेश भट्ट, पवन सुयाल, कैलाश सुयाल, केशव दत्त जोशी, उत्तम नेगी, गोपाल दत्त पाण्डे, मोहन पाण्डे, अमित सती, करन सती, गौरव सती, प्रेमा जोशी, विपिन जोशी, तारा दत्त भट्ट, शोभा काण्डपाल, शंकर पाण्डे, मोहन भाटिया आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# उन्नति सीएलएफ देवीधुरा की हुई बोर्ड बैठक

■ सुशासन व उत्पादों के संग्रहण, विपणन योजना पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत उन्नति संकुल संघ देवीधुरा के संचालक मंडल की बैठक हिमानी बिष्ट की अध्यक्षता मे देवीधुरा स्थित नये कार्यालय में आयोजित की गई ।

बैठक में संकुल संघ के अन्तर्गत व्यवसाय टर्न ओवर, लाभांश अल्ट्रापुवर वापसी, लघु व साम. ाहिक उद्यम संचालन, शेयर मैचिंग ग्रांट, बैंक लिंकेज, एफपीओ गठन, संग्रहण केन्द्र निर्माण, बोर्ड व स्टाफ के मध्य समन्वय, दस्तावेज रखरखाव आदि पर चर्चा कर समीक्षा की गई। बैठक में रीप के सहा प्रबंधक संस्थायें प्रकाश पाठक ने उपस्थित बोर्ड सदस्यों को उनके कार्य दायित्वों से अवगत कराते हुए संघ के सुशासन, व्यवसाय एवं विपणन प्रक्रिया को सशक्त बनाने हेतु बोर्ड व स्टाफ को दिशा निर्देश दिए गए। सहायक प्रबंधक रीप हिमांशु मेहता ने संघ के समस्त वित्तीय दस्तावेजों का मूल्यांकन करने के उपरांत संघ के रिकार्ड्स को व्यवस्थित करने हेतु मार्गदर्शन दिया। संघ की बिजनेस प्रमोटर सिमरन ने पिछले दो माह में संघ द्वारा संचालित व्यवसायिक गति. विधियों, टर्न ओवर व लाभांश का ब्यौरा बोर्ड के सम्मुख रखा। बैठक से पूर्व उन्नति संकुल संघ की अध्यक्ष हिमानी बिष्ट द्वारा देवीधूरा मुख्य बाजार में स्थित संघ के नये कार्यालय का विधिवत उदघाटन कर दीप प्रज्ज्वलित कर बोर्ड बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में ब्लॉक समन्वयक कुलदीप भट्ट, आईपीआरपी खुशबू , संचालक मंडल व समूह सदस्य, संकुल संघ स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# सोने के लालच में गंवा दी लाखों की रकम

■ पुलिस ने पीड़ित की व्यथा सुनने के बाद दर्ज कर लिया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** सोने के लालच में आकर उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने अपनी लाखों की रकम ठगी में गवां ली, पीड़ित की व्यथा सुनकर पुलिस ने मुकदमा घ्दर्ज कर लिया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुपर मार्केट जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अमित रस्तोगी पुत्र स्व. अनिल कुमार रस्तोगी ने पुलिस को सौंपी अपनी तहरीर में बताया है कि उसकी कम्प्यूटर हार्डवेयर की किराये की दुकान है। तथा एक मकान कोठीवाल नगर में है, जिसमें विगत तीन वर्षों से रमेश चन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सरदार का परिवार रहता है। जनवरी 2025 का किराया लेने जब वह घर पर गया तो मुन्ना सरदार द्वारा बताया गया कि मेरे परिचित एक डाक्टर साहब (सर्वेश अग्रवाल) है, जिसने बताया है कि उधमसिंह नगर में नानकमत्ता के पास एक स्थान पर लगभग सात घडा सोना निकला है, जिसको मैने व मेरे दोनों बेटों मुन्ना सरदार तथा नोनू सरदार एवं इनके परिचित सर्वेश अग्रवाल द्वारा नानकमत्ता में जाकर गोल्ड (गिन्नी) को चौक करवाया है, जो शुद्ध माल है, जिसमें रुपयों की आवश्यकता है। अगर आप कहो तो सोने में इन्वेस्टमैन्ट करने पर काफी मुनाफा हो सकता हैं। 10 जनवरी 25 को मुन्ना सरदार व इनके पुत्र सोनू सरदार द्वारा बताया गया कि हम सभी ने नानकमत्ता जाकर सोना चेक किया है जो शुद्ध एवं असली है। आप पैसे लगा लो आपको नुकसान नहीं होगा। चूंकि ये मुन्ना सरदार मेरे किरायेदार थे तथा गुरुनानक ज्वैलर्स नाम से एक दुकान मण्डी चौक मुरादाबाद में है इसलिए मैंने इन पर विश्वास करते हुए अपनी पत्नी के गहने गिरवी रखकर तथा कुछ रुपयों की अपने दोस्तो-रिश्तेदारों से लेकर 200000 रुपयों का इन्तेजाम कर लिया । उसके बाद 20 फरवरी को हम लोग मुन्ना सरदार, सोनू सरदार, नोनू सरदार और वह वैन्यू गाडी जो कि सोनू सरदार की थी से नानकमत्ता गये उस दिन सोनू सरदार अपने फोन से नानकमत्ता के रहने वाले राजू सरदार से बात कर रहा था मगर उस दिन हमारी मुलाकात नहीं हुई । हम उस दिन सितारगंज में रुके । पुन: 21फरवरी 2025 को हम सभी फिर नानकमत्ता गये जहां, पर सोनू सरदार ने कहा कि आप अपनी गाड़ी में नानकमत्ता गुरद्वारा पार्किंग में रुको। हमने वहां कुछ समय इन्तजार किया फिर शाम को छह बजे के आसपास सोनू सरदार के फोन पर राजू सरदार का फोन आया कि आप पैसे लेकर मेरे घर कैथुलिया ही आ जाओ । फिर हम लोग कार लेकर एक घर में गये वहां पर एक सरदार जी मिले जिन्होंने अपने को राजू सरदार नाम से बताया और बैठने को कहा और कहा कि मैं अभी सोने का घडा लेकर आता हूं, उस समय अंधेरा हो गया था अचानक से कुछ लोग जिनमें से दो लोग वर्दी पहने हुए थे उस घर के आंगन में आये और मेरे हाथ से मेरे पैसों का बैग छीनने लगे जब मैने विरोध किया तो उन्होंने कहा कि अगर बैग नही दिया तो जान से मारकर यहीं दफना देंगे पता भी नही चलेगा । हम लोग काफी डर गये थे वो लोग हमारे पैसे लूटकर लेकर भाग गये और मैं सोनू सरदार के कहने पर उसकी वैन्यू गाडी में बैठकर नोनू सरदार व मुन्ना सरदार के साथ वहां से निकल गया वापस हम लोग मुरादाबाद गये । मैने सोनू सरदार और मुन्ना सरदार से रिपोर्ट लिखाने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि वह बहुत खतरनाक जगह है वहां जाना ठीक नही है, हमारी जान को खतरा हो सकता है । पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दृष्टि दिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों से मिलीं राष्ट्रपति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान का दौरा किया और छात्रों से वार्तालाप भी किया। शुक्रवार को राष्ट्रपति मुर्मू का जन्मदिन भी दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया गया। राष्ट्रपति ने उन्होंने मॉडल स्कूल विज्ञान प्रयोगशाला और कंप्यूटर प्रयोगशाला के साथ-साथ एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया।

■ दिव्यांग छात्रों के बीच मनाया गया राष्ट्रपति मुर्मू का जन्मदिन

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति का आकलन इस बात से लगाया जा सकता है कि उस समाज में लोग दिव्यांगजनों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। भारत का इतिहास संवेदनशीलता और समावे. शिता के प्रेरक प्रसंगों से भरा पड़ा है। हमारी संस्कृति और सभ्यता में मानवीय करुणा और प्रेम के भाव हमेशा से शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुगम्य भारत अभियान के माध्यम से, जो एक सुलभ भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना और संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर जोर देता है, सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समान भागीदारी के लिए प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है।

उन्नत प्रौद्योगिकी की सहायता से दिव्यांगजन भी मुख्यधारा में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान समावेशी शिक्षा प्रणाली और नवीनतम तकनीकी संसाधनों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दे रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को जीवन के हर क्षेत्र में दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयास करने चाहिए।



## राष्ट्रपति हैं मातृशक्ति की प्रतिमूर्तिः राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जी मातृशक्ति की प्रतिमूर्ति हैं, जिनका जीवन समर्पण, सेवा और सशक्तिकरण का प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्थान के समर्पित शिक्षकगणों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों की सराहना की जो वर्षों से दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के जीवन में प्रकाश और आत्मनिर्भरता का दीप प्रज्वलित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण जैसे संस्थान समावेशी, समानता-आधारित और करुणामय समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत राष्ट्रपति का जीवनः धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जीवन संयम, सेवा, संघर्ष और साधना की जीवंत प्रतिमूर्ति है, जो देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि राष्ट्रपति द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों के साथ संवाद किया तथा राष्ट्रपति निकेतन और तपोवन परिसर को जनता के लिए खोला गया। उन्होंने बताया कि देश के पहले नेट जीरो पब्लिक पार्क – 'राष्ट्रपति उद्यान', जो दिव्यांगजनों को समर्पित है, का शिलान्यास भी महामहिम राष्ट्रपति द्वारा किया गया, जो उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है।

# पशु चिकित्सकों के तबादले को हाईकोर्ट में चुनौती

## उच्च न्यायालय ने पशुपालन सचिव को आपत्तियों पर जांच करने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पशु चिकत्सकों का स्थानांतरण नियमावली को चुनौती देती याचिक.ाओं पर सुनवाई की। मामलों की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खंडपीठ ने पशु पालन सचिव को निर्देश दिये हैं कि विभाग में जितने कर्मियों के स्थानांतरण के मामलों पर आपतियां आई हैं उनकी जांच करके उसकी रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ दो सप्ताह में न्यायालय में पेश करें।

बता दें कि शुक्रवार को हुई सुनवाई पर पशु पालन सचिव पुरषोत्तम कोर्ट के आदेश पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। कोर्ट ने उनसे सवाल किया कि किस आधार पर पशु चिकित्सकों का स्थानांतरण किया गया?, स्थानांतरण नियमावली कुछ और कहती है जबकि इसके विरुद्ध जाकर स्थानांतरण किए गए हैं। स्थानांतरण नियमावली के मुता.बिक गंभीर बीमारी से ग्रस्त व 55 साल से अधिक उम्र के कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। उनका भी स्थानांतरण किया गया जबकि मामूली रोग से ग्रस्त कर्मचारियों का नहीं जो कि सुगर एयूरिक एसिड व अन्य हल्की बीमारी से ग्रस्त थे।

जिनका हाई बलड प्रेशर तथा बाई पास सर्जरी हुई है। उनका स्थानांतरण दुर्गम क्षेत्र में कर दिया। रोग से ग्रस्त कर्मियों से ट्रांसफर लिस्ट जारी होने पर राज्य मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट हर साल मांगा जाना चाहिए। ऐसे में तो दुर्गम क्षेत्र में कोई जाना नहीं चाहेगा। हर कोई बीमारी का बहाना लगाएगा। जिसपर कोर्ट ने कहा कि स्थानांतरण करते वक्त ऐसे कर्मचारियों की मेडिकल लिस्ट का अवलोकन किया जाय। कौन किस विमारी से ग्रस्त है। राज्य मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का अवलोकन किया जाय। मामले के अनुसार कई पशु चिकित्सकों के द्वारा अपने स्थानांतरण आदेश को चुनोती देकर कहा कि उनका स्थानांतरण नियमों के विरुद्ध जाकर किया गया है। जबकि वे कई गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दस वर्ष दुर्गम क्षेत्र में सेवा दी है। अभी भी उनका स्थांतरण किया जा रहा है। नियमावली के तहत 55 साल की उम्र बीत जाने के बाद कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। विभाग ने मामूली रोग से ग्रस्त कर्मचारियों का स्थांतरण रोक दिया जबकि वे गंभीर रोग से ग्रस्त और दस साल की सेवा दुर्गम क्षेत्र में कर चुके हैं इसलिए उनके स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए।

### टोल उगाही पर जारी रोक को हाईकोर्ट ने बरकरार रखा

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने मंसूरी के प्रसिद्ध जार्ज एवरेस्ट एडवेंचर की लीज में दी गई 182 एकड़ भूमि को लीजधारक कंपनी के द्वारा लीज की शर्तों का उल्लंघन करने व आम रास्ते से टोल टैक्स वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। बता दें शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूर्व में टोल उगाही पर लगी रोक को जारी रखते हुए अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता से शपथपत्र पेश करने को कहा है। शुक्रवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता के द्वारा कहा गया कि लीजधारक के द्वारा अभी भी स्थानीय लोगो से भी टैकस लिया जा रहा है। इसका बिरोध करते हुए विपक्षी के द्वारा कहा कि स्थानीय लोगो से कोई टोल टैकस नहीं लिया जा रहा। बाहर से आने वाले वाहनों पर ही टैकस लिया जा रहा है जबकि पर्यटकों से तक नहीं। अधिवक्ता विनीता नेगी की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया कि यह पार्क 182 एकड़ में फैला है और यूटीडीबी ने उप्र की एक संस्था को एक करोड़ प्रतिवर्ष की दर पर लीज पर दे दिया। यह भी आरोप लगाया गया कि इससे स्थानीय लोगों और पर्यटन कारोबारियों के हित प्रभावित हुए हैं। वर्षों पुरानी सार्वजनिक सड़क पर अवैध रूप से टोल टैकस वसूला जा रहा है,यही नहीं यहां के हैलीपैड, हट्स, कैफे तथा संग्रहालयों और वेधशाला को भी लीज पर दे दिया गया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि कंपनी द्वारा पर्यटकों के लिये हेली सेवा संचालित की जा रही है। यह भी कहा गया कि यह क्षेत्र मंसूरी वन्य जीव अंयारण्य से सटा हुआ है। कंपनी की ओर से बचाव में कहा गया कि जिस सड़क पर टोल वसूला जा रहा है वह सार्वजनिक नहीं है। अदालत ने फिलहाल टोल वसूली पर रोक लगा रखी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रवेश शुल्क पर रोक नहीं लगायी गयी है। अदालत ने प्रतिवादियों से अनुबंध के मूल दस्तावेज और पार्क को लीज पर देने के लिये पर्यटन विकास परिषद के ैसले की प्रति भी मुहैया कराने को कहा है।

## एक नजर

### होटल में व्यापारी का शव मिलने से मचा हड़कंप

**अल्मोड़ा।** नगर के एक होटल में गरमपानी के सर्राफा कारोबारी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कारोबारी 30 वर्षीय हिमांशु वर्मा पुत्र पूरन लाल वर्मा कारोबार के चलते अल्मोड़ा में आना जाना लगा रहता था। बीते 15 दिन पूर्व वह कारोबार की बात कह कर घर से निकला था और यहां मालरोड स्थित एक होटल में रह रहा था। इधर, बीते गुरुवार हो होटल कर्मियों ने उसे अचेत अवस्था में पाया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस हिमांशु को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

### कैलाश शर्मा के जन्मदिवस पर किया रक्तदान

**अल्मोड़ा।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा के जन्मदिवस पर भाजयुमो की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने रद्रदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने का संकल्प लिया। जिला अस्पताल में शुक्रवार को आयोजित शिविर में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा की उज्ज्वल राजनैतिक भविष्य और दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष चंदन बहुगुणा, दर्शन रावत, धर्मेंद्र बिष्ट, हवालबाग मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, जगत तिवारी, सुंदर मटियानी, प्रेम लटवाल, पार्षद अमित शाह मोनू, मनोज तिवारी, आशीष कुमार, राहुल जोशी, रोहित शर्मा, हिमाल शर्मा, जगत भट्ट, नमन गुरुरानी, हरीश सिंह बिष्ट, भोपाल सिंह कुंवर, नीरज सांगा, पारस कांडपाल, संजय भट्ट, मनमोहन सिंह, त्रिलोक सिंह रौतेला मौजूद रहे।

### नए शौचालय को उपयोग में लाने की मांग

**नैनीताल।** जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने नगर के मल्लीताल चीना बाबा मन्दिर के सामने पूर्व निर्मित सार्वजनिक शौचालय के स्थान पर नये शौचालय का निर्माण हो जाने के बाद भी उसका लाभ आम जनमानस को न मिलने के मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। मामले को लेकर चौधरी ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से गुजारिश की है कि नए शौचालय को जल्द से जल्द आम जनता के लिए खोला जाए ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। चौधरी ने मामले ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से अनुरोध किया है कि वह अधिशासी अधिकारी नगरपालि.का परिषद नैनीताल व निर्माण संस्था को उक्त शौचालय को शीघ्र अति शीघ्र उपयोग के लिए खुलवाने हेतु निर्देशित करें।

### महिलाओं ने क्षेत्र में निकाली भव्य कलश यात्रा

**अल्मोड़ा।** श्री शिव मंदिर धर्मशाला समिति और महिला सत्संग समिति द्वारा शिव मंदिर रानीखेत का 29वां स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर भव्य कलश यात्रा निकाली। जिसके बाद मंदिर परिसर में गणेश पूजन किया गया। श्री शिव मंदिर धर्मशाला समिति के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने बताया कि आठ दिनों तक चलने वाली कथा का 27 जून को रथोत्सव, हवन यज्ञ एवं पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के भजन-कीर्तनों ने क्षेत्र का माहौल भक्तिमय कर दिया। मुख्य यजमान के रुप में किरन एवं गौरव चौरसिया मौजूद रहे।

### एरीज बैंड के पास सुरक्षा दीवार ढही

**नैनीताल।** नैनीताल हल्द्वानी रोड पर एरीज बैंड के समीप सड़क के किनारे सुरक्षा दीवार ढह गई है। दीवार ढहने से सड़क को भी खतरा बढ़ गया है। बीते दिनों भारी बारिश के दौरान एरीज बैंड के समीप सड़क किनारे बनी सुरक्षा दीवार टूट गई है। अब बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त स्थान से मिटी निकल रही है। जिससे सड़क को भी खतरा बन रहा है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि जल्द ही क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत कर दी जाएगी।

### अतिक्रमण पर सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के हल्द्वानी में बार कारोबारियों द्वारा शराब नीति का उल्लंघन किए जाने को लेकर दायर जनहित जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक की खंडपीठ ने राज्य सरकार से बार कारोबारी द्वारा किए गए अतिक्रमण की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी प्रकाश पांडे ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी में बार कारोबारियों द्वारा शराब नीति का उल्लंघन कर शहर में बड़े बड़े होडिंग लगाए गए है। जिसका बुरा प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। याचिका में हल्द्वानी में कुछ बार कारोबारियों द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके उसका उपयोग पार्किंग के तौर पर भी किया जा रही है। जो शराब नीति के विरुद्ध है। बार स्वामी के पास खोलने से पहले 600 मीटर की पार्किंग की व्यवस्था बार खोलने से पहले होनी आवश्यक है जिससे कि आमजन को कोई दिक्कत न हो। आबकारी नीति यह भी कहती है कि बार शैक्षणिक क्षेत्रए बाजार व निवास स्थानों पर न हो। लेकिन हल्द्वानी में वॉकवे के पास स्कूल व बाजार तथा आवास है। वहाँ पर भी बार चलाने का लाइसें आबक.ारी विभाग ने दे दिया गया। यही नही एक बार के पास पार्किंग की व्यवस्था नही होने के कारण उसने नहर के ऊपर ही पार्किंग बना दी।

### उपनिरीक्षक से हाथापाई, आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के द्यांगण बाईपास पर गुरुवार देर शाम चेकिंग अभियान चला रहे यातायात उप निरीक्षक और आरक्षी के साथ बाइक सवार युवक ने मारपीट की। शुक्रवार को आरोपी युवक को जिला न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे अल्मोड़ा जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि पुलिस द्वारा जिले में लगातार यातयात नियमों के पालन करवाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार देर शाम टीएसआई चंदन भंडारी पुलिस टीम के साथ द्यांगण बाईपास पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक तेज गति से वाहन चलाते हुए दिखा। कर्मचारियों ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन वह उसी रफ्तार से आगे निकल गया। उसे रोकने वाले पुलिस कर्मचारी भी हादसे का शिक.ार होने से बाल बाल बचे। तत्काल पुलिस टीम ने बाइक सवार का पीछा कि और बस स्टेशन के समीप उसे पकड़ लिया। इसी दौरान युवक की पुलिस कर्मियों के साथ बहस होने लगी। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। युवक ने टीआई भंडारी और आरक्षी मनोज सिंह मर्तोलिया के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में टीएसआई के कान और सिर में चोट लगी। आरक्षी की वर्दी भी फट गई। आसपास के लोगों ने बीचबचाव कर झगड़ा शांत करवाया। दोनों पुलिस कर्मियों को जिला अस्पताल ले जाया गया। डा. नसीम ने दोनों की जांच की। उन्होंने बताया कि टीएसआई के कान में चोट लगी थी, जिसमें आठ टांके लगे हैं। उन्हें सुनने में दिक्कत हो रही थी, जिसके चलते हायर सेंटर रेफर किया गया है। आरक्षी को अंदरूनी चोट की आशंका को देखते हुए एक्सरे कराने को कहा गया है। वही शुक्रवार को आरोपी युवक को पुलिस ने जिला न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## आरक्षण न्यायसंगत नहीं: शर्मा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** भीमताल विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने कहां कि त्रिस्त्रीय पंचायत चुनाव मे जारी आरक्षण रोस्ट न्याय संगत नही था। कई सीटें लगातार लगातार महिला व अन्य आरक्षणों के नाम पर आरक्षित की जा रही हैं और कुछ सीटों पर सत्ता से जुड़े प्रभावशाली लोगों के प्रभाव के कारण सीटों को उनके मनमाफिक किया गया था। आरक्षण रोस्टर मे गड़बड़ी को ठीक करने को लेकर हम लगातार सरकार से मांग कर रहे थे परन्तु सरकार ने हमारी नही सुनी। आरक्षण रोस्टर मे हुई मनमानी को लेकर हाई कोर्ट उत्तराखण्ड मे दायर विभिन्न समाजसेवीयों की याचिका पर सुनवाई पर सुनावाई करते हुये कोर्ट मे माना की आरक्षण रोस्टर न्याय संगत नही हैं और सरकार से पूछा कि रोस्टर न्याय संगत क्यों नही किया और इसका सोमवार तक स्पष्टीकरण मांगा। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष भुवन दरमवाल ने कहा कि सरकार कि शुरू से ही चुनाव कराने की मंशा नहीं थी। हाईकोर्ट के दबाब के कारण आनन फानन मे सरकार ने अदूरदर्शी आरक्षण रोस्टर तो लागू किया। ओबीसी आरक्षण को आधार बना कर सरकार जो चुनाव को पीछे करने का खेल खेलना चाहती थी वह सरकार ने किया। भुवन दरमवाल ने कहा कि हम पुन: सरकार से मांग करते हैं जनभावनाओ के अनुरूप न्याय संगत आरक्षण रोस्टर लागू करें जिससे कि समाज के हर वर्ग को आरक्षण प्रक्रिया का सामान लाभ मिल पाए।



## योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के योग विज्ञान विभाग के संयुक्त प्रयास द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या के मौके पर शुक्रवार को योग अभयास प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का अयोजन योग विभाग सभागार में किया गया जिसमें 60 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुखय अतिथि के रूप में विधायक सरिता आर्य एवं विशिष्ट अतिथि डीएसबी परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रा॰. आरसी जोशी रहे साथ ही कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी डौल्वी तेवतिया, योग विभाग से डा. दीपा आर्य, हरीश राणा महामंत्री भाजपा नैनीताल एवं शुभम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शुभम ने किया। प्रतियोगिता ने प्रथम स्थान पर अनुष्का, मनीष एवं कविता रहे वही द्वितीय स्थान पर ध्रुव, अंकित एवं मुभासरा रही और तृतीय स्थान पर पीयूष व साक्षी एवं प्रियंका रहे। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्य ने बताया की विचारों के संतुलन से ही मनुष्य का उत्थान संभव है। जीवन विचारों के इर्द गिर्द घूमता है। योग द्वारा विचारों पर संत.ुलन किया जाना पूर्णतया संभव है इससे मनुष्य का उत्थान होता है। साथ ही जिला युवा अधिकारी डाल्वी तेवतिया ने बताया कि योग दिवस तभी सफल होगा जब हम सभी योग को रोज के दिनचर्या में लायेंगे। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में आरती, पुष्पा बिष्ट, अजय कोहली, सुभम विश्वकर्मा, उत्कर्ष तथा पंकज आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।



## भगवान ध्यानी को चुना अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भीमताल स्थित सर जेपी बोस तकनीकी परिसर के शिक्षणेतर कर्मचारी संगठन के द्विवार्षिक चुनाव हुए। विकास भवन कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह नेगी के मुखय निर्वाचन अधिकारी के देखरेख में संगठन की चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। नेगी ने बताया कि तय समय तक सभी 6 पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिसके बाद सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव घोषणा के बाद मुखय निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नेगी द्वारा सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद परिसर निदेशक प्रो. एलके सिंह, विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन प्रो अमित जोशी, विभागाध्यक्ष फार्मेसी डा. कुमुद उपाध्याय, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रो. तपन नैलवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीना पांडे तथा कुलानुशासक डा. रिशेंद्र



में कर्मचारियों ने सद्भाव के अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निर्विरोध रूप से कार्यकारिणी का चुनाव किया। चुनाव में भगवान चंद्र ध्यानी को अध्यक्ष, बिशन सिंह बिष्ट एवं श्रीमती शशि को उपाध्यक्ष जबकि हीरा सिंह किरौला को सचिव, दलीप सिंह नेगी को उपसचिव और नवीन चंद्र जोशी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित ने पदाधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों को बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने में डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, अमरनाथ गोस्वामी, किशन सिंह नेगी, रमेश भट्ट, कर्णिका साह, प्रेम सिंह बिष्ट, श्रीमती कमला, अदिति, रमेश तिवारी, अनीता खोलिया, नरेंद्र नेगी, पुष्कर ढैला सहित परिसर के कर्मचारी शामिल हुए।

## स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत शुक्रवार को अल्मोड़ा बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया और अभियान से जुड़ने की अपील की। नगर के आरसीएम मॉल से बाइक रैली का शुभारंभ एआरटीओ अखिलेश चौहान, परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान रैली के माध्यम से पूरे नगर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं, जगह-जगह स्वच्छता पंफ्लेट वितरित किए गए एवं सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अभियान में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग और अधिकार मित्र सहित कई विभागों ने हिस्सा लिया। इधर, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शशि शर्मा ने बताया कि आगामी 22 जून को एसएसजे के सिमकनी खेल मैदान में वृहद स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अभियान से जुड़ने की अपील की।



## नैनीझील में डालीं 35 हजार मछलियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनी झील की पारिस्थितिकी को बनाये रखने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय के मत्स्य विभाग की ओर से नैनीझील में महाशीर और सिल्वर कार्प मछली के बीज डाले गए जो जलीय पारिस्थितिकी में सुधार लाने का काम करेंगी।

साथ ही पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंन्द्र बनेंगी। बता दें कि शुक्रवार को पंतनगर विश्वविद्यालय मत्स्य विभाग के विशेषज्ञों व कर्मचारियों की टीम नैनीताल पहुंची। टीम ने प्राधिकरण कर्मियों के साथ मिलकर तल्लीताल फांसी गधेरा क्षेत्र से झील में 20 हजार सिल्वर कार्प व पांच हजार गोल्डन महाशीर मछली छोड़ी। इस दौरान डा. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि झील की जलीय पारिस्थिकी का स्तर बेहद गिर गया था। जिस कारण झील में मछलियां भी मरने लगी थी। एरिएशन के बाद झील की पारिस्थितिकी में सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रजातियों की मछलियां डाली गई थी। लेकिन कुछ ही वर्षों में झील में कॉमन कार्प मछली की संख्या बेहद बढ़ने लगी। जिसे नियंत्रित करने के लिए कॉमन कार्पए बिग हेड प्रजाति की मछलियों को निकालने के साथ ही नई प्रजातियों को झील में छोड़ा जा रहा है। बताया कि झील में 25 हजार महाशीर और सिल्वर कॉर्प मछलीयों के बीज झील में डाला है। बताया सिल्वर कार्प झील की काई व खरपतवार को कम करेंगीए जबकि गोल्डन महाशीर जीवित जीवों को खाकर झील को साफ बनाये रखने में मदद करेगी।



### दोपहिया वाहनों का चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के सात नंबर को जाने वाले मार्ग में पार्क दो पहिया वाहनों से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने 200 से ज्यादा दो पहिया वाहनों में जैमर लगा दिए हैं। बता दें कि मल्लीताल रिकशा स्टैंड के समीप सात नंबर व सनवाल स्कूल की ओर जाने वाले पैदल मार्ग को लोगों ने पार्किंग स्थल बना दिया है। मार्ग पर बाइक स्कूटी पार्क होने से लोगों व स्कूली बच्चो को आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ती हैं। इसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को 200 से ज्यादा बाइक स्कूटी में जैमर व चेन लगा दी। कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मार्ग पर बाइक व स्कूटी पार्क कर लोगों का मार्ग अवरुद्ध करने पर 10 से ज्यादा लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

## मिठास के लिए फेमस हुई कालाढूंगी की लीची

**शाकिर हुसैन**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी रामनगर की लीची अब देश सहित विदेशों में भी अपनी मिठास छोड़ रही हैं। लीची की डिमांड प्रदेश से बाहर जाने के बाद बात जब एक्सपोर्टर्स तक पहुंची तो लीची की विदेशी सैर पक्की हो गई है।

भारत सरकार के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) की मदद से ऐसा होने जा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में लीची उत्पादकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कालाढूंगी रामनगर क्षेत्र में एक हजार से अधिकतर हेक्टेयर भूमि पर लीची की पैदावार होती है। यहां का मौसम लीची के लिए अनुकूल है। इसके चलते यहां लीची का आकार बढ़ा और स्वाद मीठा होता है। इसी खासियत के चलते कालाढूंगी रामनगर की लीची की डिमांड अन्य राज्यों में बढ़ी संख्या में होती है। वहीं इस साल भारत सरकार के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) की मदद से काश्तकारों को अपनी पैदावार एक्सपोर्ट करने के लिए बेहतर मंच मिल रहा है। इसके माध्यम से विदेशों से भी कालाढूंगी रामनगर की लीची की डिमांड आई है। वहां से कृषि उत्पाद खरीदने वाली कंपनियां कालाढूंगी रामनगर के काश्तकारों से संपर्क कर रही हैं। काश्तकारों ने बताया कि कंपनियों से लीची बेचने के लिए अनुबंध हो गया है। मई माह के अंतिम समय से जून के अंतिम सप्ताह तक लीची चलती हैं। कालाढूंगी के कोटाबाग, चकलुआ, कामोला, धमौला, लीची की फसल सबसे अधिक होती हैं। इस दौरान लीची के बगीचे के ठेकेदार रहीस भारती ने कहा अगर सरकार द्वारा किसानों को लीची उत्पादन में मदद्दत करे तो ठेकेदार व किसानों को लाभ मिलेगा और ओर क्षेत्र सहित प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में होगा। उन्होंने कहा अगर सरकार लीची कोल्डस्टोर बना दे तो इससे किसानों को अधिक लाभ पहुंचेगा। फिलहाल कालाढूंगी की लीची की मिठास देश सहित विदेशों में भी पहुंच रही है।



## सतत् विकास, राष्ट्र निर्माण पर कार्यशाला

### वैज्ञानिकों ने अपने-अपने राज्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत की: डा. हिमांशु

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विज्ञान आधारित सतत विकास एवं राष्ट्र निर्माण विषय पर पंजाब में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। नैशनल साईकोलॉजिकल साइंस एसोसिएशन एवं विभा वाणी द्वारा जीकर पूर पंजाब में वैज्ञानिक अभिरुचि वाले संगठन एवं व्यक्तियों को एक मंच पर लाते हुए एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला से लौटने पर जिला विज्ञान क्लब नैनीताल के सचिव डा. हिमांशु पांडे मित्र ने बताया कि कार्यशाला में उत्तर भारतीय राज्यों पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब के प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक चिंतन के विकास के साथ राष्ट्र निर्माण के बिंद.ुओं पर चर्चा करते हुए स्टेट चैप्टर के अनुसार अपने अपने राज्यों की तत्कालीन आवश्यकता आधारित कार्य योजना प्रस्तुत कीं। इस दौरान विज्ञान भारती के अन्तर्गत विभा वाणी के राष्ट्रीय निदेशक एनपी राजीव तथा उत्तरी भारत के प्रभारी प्रो. रोशन लाल द्वारा उत्तराखण्ड स्टेट चैप्टर की विधिवत घोषणा करते हुए देहरादून के राज बहादुर सैनी को राज्य समन्वयक का दायित्व दिया गया, साथ ही विभिन्न वैज्ञानिक सोच वाले संगठनों एवं संस्थानों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक जनपद का एक क्षेत्रीय संयोजक बनाने का प्रस्ताव दिया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए नैनीताल के डा. हिमांशु पांडे, देहरादून के अनिल चंदोला, पिथौरागढ़ के डा. पंकज कांडपाल, उधमसिंह नगर से डा. अमित श्रीवास्तव, उत्तरकाशी से स्टीफन दयाली तथा देहरादून से जगत सिंह सहित हरिद्वार से लखवीर सिंह, अल्मोड़ा से दिनेश चंद्रा, नैनीताल के शशि रावत, हिमाचल के राज्य समन्वयक धीरज रमोल सहित विभिन्न राज्यों के राज्य समन्वयको तथा क्षेत्रीय समन्वयक एवं अन्य सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान विशिष्ट अतिथियों में एनपी राजीव, प्रोफेसर रोशन लाल सहित डा. धर्मवीर एवं डा. रेनु ठाकुर द्वारा सन्दर्भ दाता के रूप मे अपने विचारों से सभी को प्रोत्साहित किया।




### जंगली हाथियों के झुण्ड ने रौंधी गन्ने और धान की फसल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** ग्राम सूर्यनगर में डोली रेंज के समीप जंगल से सटे गोपाल सिंह के खेत में गन्ने की फसल को हाथियों ने बुरी तरह से पैरो से रौधाकर नष्ट कर दिया। फसल नस्ट होने से किसान के सामने रोजी-रोटी के संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसान गोपाल सिंह मेहता ने वन विभाग मदद की गुहार लगाई है। वही स्थानिक ग्रामीणो का कहना है कि जंगली हाथी और अन्य जानवर आए दिन हमारी फसलों को नुकसान करते रहते हैं जिससे हमें हमारी आधी फसल का ही लाभ मिल पाता है, ना ही विभाग द्वारा कोई सहायता राशि मिलती है जिससे हमारी फसलों का नुकसान भरपाई हो पाती है जिससे हमें बार बार आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। वन क्षेत्राधिकारी डौली नवीन पवार का कहना है कि जंगली हाथियों के फसल से हुऐ नुकसान के मुआवजे को लेकर बार-बार विभाग को भेजा जाता है परंतु ऊपर से ही कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल पाती है।




**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**

उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि0

कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR200ISGC025867

Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org

पत्रांक 1926 वि.वि.ख.(बा.)/ **निविदा सूचना** दिनांक 19.06.2025

विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं जो विद्युत सुरक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन / सरकार में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 'ए' श्रेणी, जी.एस.टी., आयकर, विभाग कर्मचारी भविष्य निधि, ई.एस.आई. में पंजीकृत एंव विद्युत/निविदा से सम्बंधित कार्यों का अनुभव (कार्य की लागत का 100 प्रतिशत) रखते हों, मुहरबन्द निविदायें (दो भागो में) आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निम्न तालिका में दर्शायी गयी निविदा मूल्य धनराशि (जी.एस.टी. सहित) का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम देय हो, प्रस्तुत करने पर दिनांक 09/07/2025 13.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं। यह राशि अप्रतिदेय (Non-refundable) होगी। निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त करने पर रु. 100/- प्रति निविदा अतिरिक्त जमा करने होंगे। डाक से प्रेषित निविदा प्रपत्र विलम्ब एवं अन्य किसी भी कारणों से न प्राप्त होने पर विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

निविदा के साथ प्रथम भाग मे वांछित प्रपत्र एवं प्रचलित वैध आयकर, वित्तीय क्षमता (तालिकानुसार टर्नओवर) सम्बंधित प्रपत्र विद्युत कार्य के सफलतापूर्वक निष्पादन सम्बंधित प्रपत्र (कार्य की लागत का न्यूनतम 100 प्रतिशत का प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो) तथा धरोहर राशि का टी.डी.आर./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. (365 दिवस के लिये वैध) जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम बन्धक हो, (निविदा धरोहर राशि निविदा प्रकाशन के बाद की होनी चाहिये) साथ लगाना अनिवार्य होगा। निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे दिनांक 09/07/2025 को 13.30 बजे तक स्वीकार की जायेंगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 10/07/2025 को 15.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी।

निविदा दो भागों में प्रेषित की जायेगी। भाग-1 के लिफाफे में धरोहर राशि के साथ अन्य वांछित समस्त प्रपत्र होंगे एवम् भाग-2 के लिफाफे में मात्र सम्बंधित कार्यों की दरें होंगी। भाग-1 अपूर्ण होने की स्थिति मे भाग-2 का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। निविदा के भाग-2 में दी गयी दरों की वैधता न्यूनतम छ: माह तक होगी, काली सूची में न होने एवं दस्तावेज सत्य व सही होने का, तथा इस हेतु रु. 100.00 (रु. सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र एवं जी.सी.टी. नियमों की वचनबद्धता का प्रमाण निविदा के भाग-1 के साथ दिया जाना अनिवार्य होगा।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को निम्नलिखित निविदाओं/निविदा बिना कोई कारण इंगित किये निरस्त/वापस लेने/संशोधित करने/अथवा विस्तारित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य | पिछले तीन वित्तीय वर्ष का औसत टर्नओवर | धरोहर राशि | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/2025 26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान फौजी कालोनी से पोषित 11 के.वी. सरकारा/गोबरा/विरहा पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाइन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 10000 | रू. 2.49 लाख मात्र |
| 14/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान इटैव्या से पोषित 11 के.वी. बैंतखेड़ी/केलावन्दवारी/गजरौला पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाईन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 9900 | रू. 2.47 लाख मात्र |

राष्ट्रहित में बिजली बचायें। विद्युत समस्याओं हेतु Tolle Free No. 1800-419-0405 पर सम्पर्क करें।

'Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org' 'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'

**अधिशासी अभियंता**

विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

# कोहली-रोहित की अनुपस्थिति भारत को पड़ेगी भारी

**● सीरीज को लेकर आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और द. अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने जताई राय**

**दुबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो गई है। लीड्स में दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जा रहा है। भारतीय टीम इस दौरे पर विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आई है जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था।

टेस्ट सीरीज को लेकर आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने अपनी राय रखी है। हेडन और स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा, मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा। शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। इसलिए मैं इस सीरीज में इंग्लैंड को जीत का प्रबल दावेदार मानता हूं।



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा।

स्मिथ ने कहा, इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है। वे परिस्थितियों को समझते हैं और उसका सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाते हैं। मुझे लगता है कि शुभमन और उनकी टीम के लिए यह एक चुनौती होगी, क्योंकि भारतीय टीम के पास अनुभव की कमी है। मुझे लगता है कि बुमराह गेंदबाजी आक्रमण का बड़ा हिस्सा संभालेंगे। परिस्थितियां इंग्लैंड के अनुकूल हैं और इसलिए मुझे लगता है कि वह भारत से बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# आस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव

**● वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट से लाबुशेन-स्मिथ बाहर, कोंस्टस-इंग्लिस को दिया गया मौका**

**सिडनी, वार्ता।** बारबाडोस में 25 जून से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट से पहले आस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में दो बड़े बदलाव किए हैं। मार्नस लाबुशेन को खराब फार्म के कारण टीम से बाहर किया गया है, जबकि स्टीव स्मिथ चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह सैम कोंस्टस और जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया गया है। आस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है। लाबुशेन डब्ल्यूटीसी फाइनल में दोनों पारियों में 39 रन ही बना पाए थे लाबुशेन को डब्ल्यूटीसी फाइनल में ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना सके।

पिछले दो सालों से उनका फार्म खराब चल रहा है। चयन समिति के अध्यक्ष जार्ज बेली ने कहा कि मार्नस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में टीम के लिए अहम हो सकते हैं। हम उनके साथ उनकी कमजोरियों को सुधारने पर काम करेंगे। हमें उनकी क्षमता पर भरोसा है और उम्मीद है कि वह इस चुनौती का सकारात्मक जवाब देंगे। कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा, जिन्होंने भारत के खिलाफ मेलबर्न में डेब्यू पर 65 गेंदों में 60 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लिस ने इस साल गाले में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ा था। स्मिथ डब्ल्यूटीसी फाइनल में चोटिल हो गए थे स्मिथ को लार्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन टेम्बा बवुमा का कैच पकड़ने का प्रयास करने के दौरान दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लगी थी। सर्जरी से बचने के लिए उन्हें आठ सप्ताह तक स्प्लिंट पहनना होगा। हालांकि, उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज सीरीज के बाद के मैचों में वापसी कर सकते हैं। बेली ने कहा कि स्टीव को घाव ठीक होने के लिए और समय चाहिए। हम एक हफ्ते बाद उनकी स्थिति की समीक्षा करेंगे। बेली ने कोंस्टस और इंग्लिस को मौका देने पर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि जोश ने श्रीलंका में अपने डेब्यू टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। वह विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता रखते हैं। प्लेइंग इलेवन और बल्लेबाजी क्रम की घोषणा टेस्ट के करीब होगी, लेकिन कोंस्टस के उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने की संभावना है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### क्रिकेट पर सट्टेबाजी कर रहे दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, वार्ता।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लाखों रुपए के ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को रात में ईरास 100 फुट रोड पर तमिलनाडु क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए विनोद जाट को गिरफ्तार किया। जांच के बाद तीन और नाम सामने आए जिनमें मनीष, फजल और दीपक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य कार्रवाई के तहत पुलिस ने ईरास रोड पर गोपी सिंधी को ऑनलाइन सट्टे के आरोप में पकड़ा है। गोपी ने यह काम आजाद नगर स्थित एक कारोबारी के लिए करना बताया है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

### टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत, वार्ता।** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाध्यिों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

# पटौदी ने कई पीढियों को प्रेरित किया: तेंदुलकर

**लंदन, वार्ता।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए ट्राफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस सीरीज से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। पटौदी ट्राफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी रखा गया है।

यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने कहा कि मुझे पता है कि बीसीसीआई ने कुछ महीना पहले पटौदी ट्राफी को रिटायर किया है , लेकिन जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया। उन्होंने कहा कि टाइगर पटौदी ने कई पीढियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।श पटौदी परिवार सीरीज से जुड़ा रहेगा क्योंकि अब विजयी कप्तान को नया 'पटौदी उत्दृष्टता पदक' देने का फैसला किया गया है। यह तेंदुलकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव तथा आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन जय शाह और ईसीबी के आला अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद हुआ। तेंदुलकर ने कहा कि मैंने उनसे बात की। मैंने सब कुछ बताया। मैंने यह भी कहा कि पटौदी विरासत को जीवंत रखने के लिए हमें हरसंभव प्रयास करने होंगे।

**कोहली, रूट व गांगुली को जगह नहीं**

# 21वीं सदी की सर्वश्रेष्ठ एकादश का ऐलान



**● इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने चुनी एकादश, द्रविड-सचिन को टीम में दी प्राथमिकता**

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों ने 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी है। इस टीम में चौंकाने वाली बात मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली और जो रूट का नहीं होना है।

साथ ही टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, जहीर खान और वेरी वेरी स्पेशल वीवीएस लक्ष्मण को भी इसमें जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने यह 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों की बेस्ट प्लेइंग-11 चुनी है। उन्होंने ऐसा स्काई स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान किया। ओपनिंग की जिम्मेदारी वीरेंद्र सहवाग और एलिस्टेयर कुक को दी गई है। कुक टेस्ट में इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं, सहवाग को किसी भी गेंदबाजी लाइन अप की बखिया उधेड़ने में महारत हासिल है। नासिर और एथर्टन ने तीसरा स्थान राहुल द्रविड़ को दिया है। द्रविड़ किसी भी गेंदबाज को थकाने में माहिर थे। वहीं, उनकी कप्तानी में भारत ने 2007 में पिछली बार इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीती थी। वहीं, नंबर चार पर इंग्लैंड के लिए जो रूट बल्लेबाजी करते हैं, जबकि भारत के लिए विराट कोहली बल्लेबाजी करते थे। दोनों ही मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और फैब-4 का हिस्सा हैं। हालांकि, नासिर और एथर्टन ने इन दोनों को शामिल न करके नंबर-चार पर दुनिया के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को खिलाया है। नंबर चार पर तेंदुलकर ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, पांचवां नंबर केविन पीटरसन को दिया गया है। पीटरसन अपने स्टायलिश अंदाज से किसी भी गेंदबाज की धुनाई कर सकते हैं। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर (षभ पंत को प्लेइंग-11 में शामिल किया है। नासिर और एथर्टन ने पेस बालिंग आलराउंडर के तौर पर बेन स्टोक्स को टीम में शामिल किया है और प्लेइंग-11 में एकमात्र स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हैं। हैरानी की बात यह है कि इसमें न तो अनिल कुंबले हैं और न ही हरभजन सिंह और न ही ग्रीम स्वान।

# सीना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से ज्यादा बड़ी उपलब्धि: गिल

**● हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है**

**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल का मानना है कि सीना देशों यानी इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल ट्राफी जीतने से ज्यादा बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन की गैरमौजूदगी में बिना किसी बोझ के खेलने उतरेगी। इस सीरीज के जरिये कप्तान शुभमन गिल अपने टेस्ट करियर का आगाज करेंगे। जब कप्तान शुभमन गिल से पूछा गया कि वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने को अधिक महत्व देंगे या आईपीएल ट्राफी को जीतने पर जोर देंगे, जवाब में उन्होंने कहा कि श्मेरे हिसाब से टेस्ट सीरीज जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है। गिल आईपीएल में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व करते हैं। आईपीएल 2025 में उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हार के बाद प्लेआफ से बाहर हो गई थी। एलिमिनेटर मैच में मुंबई ने उनकी टीम को 20 रन से हराया था। गिल ने कहा कि आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते, अगर आप अपनी पीढ़ी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है।



गिल ने भले ही इंग्लैंड में ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन वह इस चुनौती से डरे नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

# बंगलादेश के दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन

**● शादमान ने 76 और कप्तान नजमुल शान्तो ने नाबाद 56 रनों की शानदार पारी खेली**

**गॉले ( श्रीलंका ), वार्ता।** नईम हसन (पांच विकेट) और हसन महमूद (तीन विकेट) ने शानदार प्रदर्शन के बाद शादमान इस्लाम (76) और कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को खेल समाप्त होने के समय दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए है और उसकी कुल बढ़त 187 रनों की हो गई है।

मैच में अब केवल एक दिन का खेल शेष है। श्रीलंका को पहली पारी में 485 रन पर रोकने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रहीं और उसने आठवें ओवर में 24 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद मोमिनुल हक (14) रन बनाकर आउट हुए। दिन का आखिरी विकेट शादमान इस्लाम (76) के रूप में गिरा। दिन का खेल समाप्त होने के समय बंगलादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए है और नजमुल शान्तो (नाबाद 56) और मुशफिकुर रहीम (नाबाद 22) क्रीज पर मौजूद थे। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या, थरिंडु रत्नायके और मिलन रत्नायके ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने कल के चार विकेट पर 368 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। श्रीलंका का आज सुबह के सत्र में पांचवां विकेट कप्तान त्रानंजय डीसिल्वा (19) के रूप में गिरा। उन्हें नईम हसन महमूद ने विकेटकीपर लिटन कुमार दास के हाथों कैच आउट कराया।

इसके बाद बंगलादेश की गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका के बल्लेबाज अत्रािक देर तक नहीं टिक सके। कुसल मेंडिस (पांच) को हसन महसमूद ने आउट किया। मिलन रत्नायके (39), थलरडु रत्नायके (शून्य) और असिता फर्नांडो (चार) रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की पूरी टीम दूसरे सत्र में 131-2 ओवर में 485 रन के स्कोर पर सिमट गई। प्रभात जयसूर्या (11) रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से नईम हसन ने पांच विकेट लिए। हसन महमूद को तीन विकेट मिले।

# हैदराबाद हीरोज ने जीत की हैट्रिक पूरी की

**मुंबई, वार्ता।** जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) सीजन वन में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने अपनी दूसरी जीत हासिल की तथा हैदराबाद हीरोज ने अपनी जीत की लकीर को बनाए रखा।

आज यहां शहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने मुंबई ड्रीमर्स को एक कम स्कोरिंग थ्रिलर में हराया। बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने 12-7 से जीत हासिल की। इस बीच, हैदराबाद हीरोज ने 43-12 के स्कोरलाइन के साथ व्यापक रूप से जीत हासिल की। दिन के पहले मैच में, बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने अच्छी शुरुआत की आकउइला रोकोलिसोआ ने एक प्रयास किया और फिर उसके बाद अपने किक को परिवर्तित करने के लिए अपनी तरफ बढ़त दिलाई। हालांकि, मुंबई ड्रीमर्स, जो अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने वैसा नाकुकु के प्रयास और परिवर्तन के साथ समानता हासिल की। ड्रीमर्स अपने विरोत्रियों को दूर रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे थे, लेकिन हाफ-टाइम से ठीक पहले, ब्रेवहार्ट्स ने स्कॉट करी के महत्वपूर्ण और निर्णायक प्रयास के साथ फिर से आगे निकल गए। इसके बाद से, ब्रेवहार्ट्स ने उत्साही ड्रीमर्स के खिलाफ प्रतियोगिता को शानदार ढंग से प्रबंत्रित किया, एक महत्वपूर्ण जीत के साथ चले गए। दिन के दूसरे मैच में, कललगा ब्लैक टाइगर्स, जिन्हें एक जीत की आवश्यकता थी, ने हैदराबाद हीरोज के खिलाफ पहला रक्त देखा।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी: पहला टेस्ट- पहला दिन**

# भारत ने पहली पारी में तीन विकेट पर 231 रन बनाए

**● यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए**

**लीड्स,वार्ता।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला मैच भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

शुक्रवार को मैच का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारतीय टीम ने पहली पारी में तीन विकेट पर 231 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल 67 और ऋषभ पंत 6 रन पर नाबाद हैं। यशस्वी जायसवाल (101 रन) को बेन स्टोक्स ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने साई सुदर्शन डेब्यू (शून्य) को भी आउट किया। केएल राहुल (42 रन) को ब्रायडन कार्स ने आउट किया। भारत ने 53वें ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने बोल्ड कर दिया। यह स्टोक्स का दूसरा विकेट है। उन्होंने 129 रन की साझेदारी को तोड़ा। भारतीय बैटर्स ने दूसरे सेशन में जोरदार वापसी की। 26.2 ओवर के इस सेशन में भारत ने कोई विकेट नहीं गंवाया। साथ ही 123 रन बनाए। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने शतक पूरा किया, तो कप्तान शुभमन गिल ने अर्धशतक पूरा किया। मैच का पहला सेशन मिलाजुला रहा था। 51वें ओवर की पांचवीं बाल पर भारत को 5 एक्स्ट्रा रन मिले। यहां बेन स्टोक्स राउंड द विकेट बालिंग करने आए। यशस्वी जायसवाल ने शाट खेला, गेंद एज लेकर स्लिप की ओर गई, लेकिन फील्डर के आगे ही गिर गई। दूसरे स्लिप में खड़े हैरी ब्रूक ने गेंद को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वो हाथ से छूटकर विकेटकीपर के पीछे रखे हेलमेट्स से जा टकराई। नियमों के अनुसार बल्लेबाजी टीम को इसके लिए 5 पेनल्टी रन मिलते हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में पहला शतक बनाया। उन्होंने टेस्ट करियर में 5 शतक लगाया है। यशस्वी ने ब्रायडन कार्स के ओवर में लगातार दो चौके लगाए और एक रन लेकर शतक पूरा किया। 46वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। जायसवाल ने शोएब बसीर के ओवर की 5वीं बाल पर चौका लगाकार साझेदारी को 100 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने 92 रन पर दूसरा विकेट गंवाया था। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 43वें ओवर में हॉफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने जोश टंग के ओवर की दूसरी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। यह गिल का बतौर कप्तान पहला टेस्ट अर्धशतक है। बेन स्टोक्स ने 39 ओवर के खेल के बाद स्पिनर्स को बाल थमाई है। शोएब बसीर दिन का पहला ओवर डाल रहे हैं। उनकी पहली बाल पर यशस्वी जायसवाल ने चौका लगाया। इससे पहले 39 ओवर में तेज गेंदबाजों ने डाले। 38वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का स्कोर पार कर लिया है। यशस्वी जायसवाल ने क्रिस वोक्स के ओवर में तीन चौके लगाकर टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने 36वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। कप्तान गिल ने क्रिस वोक्स के ओवर की 5वीं बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने 92 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था। यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 35वें ओवर की 5वीं बाल पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया। यह ओवर जोश टंग डाल रहे थे।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति निकेतन को पर्यटकों के लिए खोला



## राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून में शुक्रवार को राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन का उद्घाटन किया। उन्होंने आगंतुक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया और सोवि. नियर शॉप सहित सार्वजनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया और राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखी। उन्होंने गुरुवार शाम को राष्ट्रपति निकेतन में एक एम्फीथिएटर का भी उद्घाटन किया था। इस अवसर पर राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

- राष्ट्रपति तपोवन 24 जून से निकेतन 1 जुलाई से देख सकेगी जनता
- राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों से भेंट की

राष्ट्रपति निकेतन की स्थापना 1976 में राष्ट्रपति निवास के रूप में की गई थी। इसकी समृद्ध विरासत 1838 से चली आ रही है, जब यह एस्टेट गवर्नर जनरल के अंगरक्षक के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर के रूप में कार्य करता था। यह 21 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें लिली तालाब, ऐतिहासिक इमारतें, बाग और अस्तबल शामिल हैं। ये परिसर कुल 132 एकड़ में विस्तारित यह राष्ट्रपति उद्यान, सार्वजनिक पार्क आदि शामिल हैं।

### ये हैं राष्ट्रपति निकेतन की खूबियां

देहरादून में राजपुर मार्ग पर स्थित राष्ट्रपति तपोवन, हिमालय की तलहटी के 19 एकड़ में विस्तारित राष्ट्रपति भू-सम्पदा का एक हिस्सा है और यह आध्यात्मिक आश्रय स्थल और पारिस्थितिकी संरक्षण को प्रोत्साहित करता है। यहां देशी वनस्पतियों से समृद्ध एक घने जंगल, तपोवन में 117 पौधों की प्रजातियां, 52 तितलियां, 41 पक्षी प्रजातियां और 7 जंगली स्तनधारी हैं, जिनमें कुछ संरक्षित प्रजातियां भी शामिल हैं। इस क्षेत्र में प्राकृतिक बांस के बाग और एकांत वनस्थली पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है।

### जैव विविधता पर पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर राष्ट्रपति निकेतन, राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति उद्यान की जैव विविधता पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तक में राष्ट्रपति निकेतन, तपोवन और उद्यान की 300 से अधिक वनस्पतियों और 170 से अधिक जीवों की प्रजातियों का विवरण है, जिनमें तितलियाँ, पक्षी और स्तनधारी शामिल हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम भराडीसैंण में आज

## गैरसैंण को विश्व पटल पर स्थापित करने की दिशा में सीएम का अहम कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण/देहरादून।** अब तक केवल विधानसभा सत्र के दौरान खुलने वाला भराड़ीसैंण का विधानसभा भवन इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों का परिणाम है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर योग दिवस का कार्यक्रम भराड़ीसैंण में हो रहा है। गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में सक्रिय करने की यह मुख्यमंत्री की सार्थक पहल भी है।

मुख्यमंत्री ने योग दिवस के कार्यक्रम से भराड़ीसैंण को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी काम किया है। विधानसभा परिसर में वैश्विक कार्यक्रम से उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी को विश्व भर में नया नाम मिलेगा। विदेशी मेहमानों की उपस्थिति, हिमालय की गोद में बसे इस क्षेत्र की प्राकृतिक सौंदर्य के बीच योग इस क्षेत्र को आयुष और वेलनेस के क्षेत्र में भी पहचान दिलाएगा।

### कार्यक्रम एक, संदेश अनेक

भराड़ीसैंण में योग कार्यक्रम के आयोजन से एक ओर जहां ग्रीष्मकालीन राजधानी को लेकर राज्य सरकार ने अपनी नीति को स्पष्ट किया है। वहीं दूसरी ओर यह आयोजन उत्तराखंड को योग, वेलनेस और आयुष के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाएगा। योग नीति लागू होने के बाद इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार ने उत्तराखंड को योग की वैश्विक राजधानी बनाने के संकल्प को दोहराया है।

# विदेशी मेहमानों ने सराहा उत्तराखंड की संस्कृति और सौंदर्य

## भराड़ीसैंण, गैरसैंण की मिट्टी ने जीता विदेशी मेहमानों का दिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भराड़ीसैंण, गैरसैंण में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करने 8 देशों के राजदूत/उच्चायुक्त/प्रतिनिधि शुक्रवार दोपहर भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में पहुंचे। भराड़ीसैंण पहुंचते ही विदेशी मेहमानों ने उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली से भरी वादियाँ, स्वच्छ वातावरण देखा तो वो सभी अभिभूत नजर आए। उन्होंने गैरसैंण की तारीफ करते हुए इस क्षेत्र को अद्भुत और हर रूप से समृद्ध स्थल बताया।

### इन देशों के मेहमान हैं मौजूद

भारत में मैक्सिको के राजदूत श्री फेडेरिको सालास, मेक्सिको दूतावास में आर्थिक मामलों के प्रमुख श्री रिकार्डो डेनियल डेलगाडो, भारत में फिजी उच्चायोग के हाई कमिश्नर जगन्नाथ सामी, भारत में नेपाल के राजदूत डॉ शंकर प्रसाद शर्मा, भारत में सूरिनाम के राजदूत अरुणकोमर हार्डियन, भारत में मंगोलिया के राजदूत डंबाजाविन गैंबोल्ड, भारत में लातविया दूतावास में डिप्टी हेड ऑफ मिशन मार्क्स डीतॉन्स, भारत के श्रीलंका उच्चायोग के मिनिस्टर काउंसलर लक्ष्मेंद्र गेशन डिसनायके, रूसी दूतावास में प्रथम सचिव क्रिस्टिना अनानीना एवं तृतीय सचिव कैटरीना लजारेवा, योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण।

### पारंपरिक छोलिया नृत्य से अतिथियों का स्वागत

जब 8 देशों के राजदूत, उच्चायुक्त और प्रतिनिधि भराड़ीसैंण, गैरसैंण पहुंचे, तो उनके स्वागत में उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। छोलिया नृत्य और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। इस सांस्कृतिक स्वागत से विदेशी मेहमान बेहद खुश नजर आए और उन्होंने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की।

### विदेशी मेहमानों ने कैमरे में कैद किए नजारे

8 देश के प्रतिनिधि जैसे ही भराड़ीसैंण परिसर पहुंचे, वो प्राकृतिक सुंदरता देख अभिभूत हो उठे। उन्होंने तुरंत अपने मोबाइल फोन निकालकर इस अद्भुत क्षण को कैमरे में कैद करना शुरू कर दिया। उन्होंने पारंपरिक छोलिया नृत्य कर रहे कलाकारों के बीच पहुंच कर फोटो भी खिंचवाई।

# मोरी में दीवार ढहने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद उत्तरकाशी के मोरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओडाटा तोक की गुर्जर बस्ती में शुक्रवार की आधी रात को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक कच्चे मकान की दीवार अचानक ढह गई, जिसकी चपेट में आकर एक ही परिवार के चार सदस्य, पति, पत्नी, एक तीन वर्षीय बेटा और महज दस माह की दूधमुंही बच्ची मलबे में दब गए और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक घटना गुलाम हुसैन के घर में हुई। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब 12 बजे गुलाम हुसैन (26 वर्ष) पुत्र अली अहमद अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे, तभी अचानक मकान की एक दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरते ही पूरा परिवार मलबे में दब गया।



- दूधमुंही बच्ची भी मलबे में दबी
- ग्राम ओडाटा तोक स्थित गुर्जर बस्ती की घटना

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू किया और तुरंत ही राजस्व विभाग, पुलिस और एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई। देर रात ही प्रशास. निक टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद मलबे से चारों शव निकाले गए।

एसडीएम मोरी, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने घटना की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। प्रशासन की ओर से मृतकों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था भी करवाई गई है। मौके पर राहत कार्य देर रात तक चलता रहा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हाल ही में हुई लगातार बारिश के कारण दीवार कमजोर हो गई थी। ग्रामीण इलाकों में ऐसे पुराने और कच्चे निर्माण वाले घरों की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिससे भविष्य में भी इस तरह की घटनाएं होने की आशंका बनी हुई है। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जर्जर मकानों की मरम्मत कराएं और ऐसी किसी भी आशंका की सूचना तुरंत दें।

### मृतकों के नाम

गुलाम हुसैन (26 वर्ष) पुत्र अली अहमद। रुकमा खातून (23 वर्ष) पत्नी गुलाम हुसैन। आबिद (3 वर्ष) पुत्र गुलाम हुसैन। सलमा (10 माह) पुत्री गुलाम हुसैन।

### गांव में पसरा मातम

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। एक ही परिवार के चार लोगों की असामयिक और दर्दनाक मौत ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।



**उत्तरकाशी के ओडाटा गांव में दीवार गिरने से चार लोगों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत लोगों की आत्मा को श्री चरणों में स्थान एवं परिजनों को असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें... पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड।**

# स्वास्थ्य महकमे में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्यः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व चिकित्सा शिक्षा विभाग में बिना अवकाश अनुपस्थित चिकित्सकों तथा अन्य मेडिकल कार्मिकों की अब खैर नहीं। ऐसे कार्मिकों के खिलाफ विभागीय स्तर पर सख्त कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने डीजी हेल्थ और निदेशक चिकित्सा शिक्षा को प्रदेशभर के सभी चिकित्सालयों एवं मेडिकल कालेजों में बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।



- डीजी हेल्थ व निदेशक चिकित्सा शिक्षा को शीघ्र कार्रवाई के दिए निर्देश

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेशभर के जिला चिकित्सालयों, उप जिला चिकित्सालयों, संयुक्त चिकित्सालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उपकेंद्र सहित मेडिकल कालेजों में बायोमेट्रिक उपस्थित अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। इसके लिये स्वास्थ्य महानिदेशक एवं निदेशक चिकित्सा शिक्षा को स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं कि सभी संस्थानों में शीघ्र बायोमेट्रिक मशीन उपलब्ध कराई जाय। विभागीय मंत्री ने बताया कि समय- समय इस बात की शिकायत प्राप्त होती है कि अक्सर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ बिना अवकाश लिये गायब रहते हैं, जिससे अस्पतालों की व्यवस्था चरमरा जाती है और वहां आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने भविष्य में बिना अवकाश लिये गायब रहने वाले चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने के लिये जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारियों को भी निर्देशित किया।

साथ ही सीएमओ एसीएमओ के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी भी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने वाले कार्मिकों का वेतन काटने के साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को भी अधिकारियों को कहा गया है।

# सरकारी शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने की साजिशः कांग्रेस



- 1488 सरकारी स्कूलों को बंद करने की मंशा कांग्रेस पूरी नहीं होने देगीः धस्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश की भाजपा सरकार उत्तराखंड में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर तुली हुई है। यह आरोप लगाते हुए शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने सरकार पर जबरदस्त हमला बोला।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए धस्माना ने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश भर में चल रहे चौदह सौ अट्ठासी हाई स्कूल व इंटर कालेजों को बंद करने जा रही है। धस्माना ने कहा कि राज्य का शिक्षा विभाग यह तय कर चुका है कि इन 1488 स्कूलों को क्लस्टर विद्यालय स्थापित कर आस-पास के तीस किलोमीटर के दायरे में पढ़ने वाले स्कूलों को बंद कर क्लस्टर विद्यालय में मर्ज कर देगी जिसके बहुत खराब दूरगामी दुष्परिणाम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में पड़ेंगे।

| | क्लस्टर | समायोजित |
|---|---|---|
| रुद्रप्रयाग | 21 | 56 |
| अल्मोड़ा | 67 | 183 |
| बागेश्वर | 30 | 46 |
| चंपावत | 23 | 73 |
| नैनीताल | 53 | 125 |
| पिथौरागढ़ | 56 | 138 |
| यू एस नगर | 22 | 99 |
| देहरादून | 43 | 85 |
| हरिद्वार | 15 | 75 |
| पौड़ी | 79 | 215 |
| टिहरी | 78 | 181 |
| उत्तरकाशी | 30 | 90 |
| चमोली | 34 | 122 |
| कुल | 559 | 1488 |

### 1488 स्कूल बंद होंगे तो यहां कार्यरत स्टॉफ का क्या होगा

**देहरादून।** धस्माना ने कहा कि ये आंकड़े सरकारी सूची के अनुसार हैरान करने वाले हैं कई जनपदों में 1 जुलाई 25 से क्लस्टर स्कूलों से आच्छादित विद्यालयों को एक साथ संचालित करने के आदेश भी हो गए हैं यानि ये स्कूल बंद करने का फरमान जारी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब 1488 स्कूल बंद होंगे तो इतने प्रिंसिपल, मिनिस्ट्रियल कर्मी, चतुर्थ श्रेणी कर्मी के पद समाप्त होंगे। यदि 1488 स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का औसत प्रति स्कूल 10 भी लगाया जाए तो पंद्रह हजार पद समाप्त होंगे।

# कोतवाली पुलिस ने एक महिला नशा तस्कर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कोतवाली विक. ासनगर पुलिस द्वारा एक महिला नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार महिला के कब्जे से 5.92 ग्राम अवैध स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा नगद 8500 रुपये बरामद किए। पुलिस ने नशा तस्कर महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया।

नशा तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विकासनगर द्वारा थाना स्तर पर अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर रवाना किया गया। जिसके क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा 2.25 बजे चौकिंग के दौरान महिला नशा तस्कर नाजमीन पुत्री मुख्तियार निवासी ग्राम कुंजा ग्रांट विकासनगर को उसके घर के पास कुंजा ग्रान्ट कोतवाली विक. ासनगर से 5.92 ग्राम अवैध स्मैक ,एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा नगद 8500 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला द्वारा प्रारम्भिक पूछताछ में बताया गया कि उक्त स्मैक मैने रानी उर्फ मुशैदा पत्नी वशीम निवासी खेडी सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार जो की वर्तमान में कुंजा ग्रान्ट में ही अपने पति के साथ रहती है से खरीदना बताया। जिस कारण मुकदमा उपरोक्त में रानी उर्फ मुशैदा पत्नी वशीम निवासी खेडी सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार हाल निवासी कुंजा ग्रान्ट कोतवाली विकासनगर को मुक. दमें में वांछित किया गया। वांछित आरोपी रानी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस टीम में एसआई विकसित पंवार चौकी प्रभारी कुल्हाल, एसआई संदीप कुमार चौकी प्रभारी बाजार कोतवाली विकासनगर, एसआई संदीप पंवार हल्का प्रभारी ढकरानी कोतवाली विकासनगर, सिपाही राजकुमार कोतवाली विक. ासनगर, अमरजीत कौर शामिल रहे।

# गंगोत्री नेशनल पार्क में दिखा भूरे भालू का परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के गंगोत्री नेशनल पार्क से एक सुखद खबर सामने आई है। लंबे समय बाद गंगोत्री नेशनल पार्क के नेलांग और जादूंग घाटी में भूरा भालू अपने परिवार के साथ विचरण करते हुए देखा गया है, जिससे पार्क प्रशासन और वन्यजीव प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। खास बात यह है कि भैरो घाटी और नेलांग के बीच इस क्षेत्र में भूरा भालू पहली बार देखा गया है, जो एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिकीय संकेत माना जा रहा है।



वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, गंगोत्री नेशनल पार्क का गोमुख, तपोवन, केदारताल, नेलांग, जादूंग सहित चीन सीमा से सटा क्षेत्र दुर्लभ वन्यजीवों के लिए एक महत्वपूर्ण आवास है। यहां हिम तेंद. ुआ, भूरा भालू, भरल (नीली भेड़) और लाल लोमड़ी जैसे कई दुर्लभ वन्यजीव पाए जाते हैं। हालांकि, हिम तेंदुआ और भरल तो वर्ष में कई बार गंगोत्री, हर्षिल और भैरो घाटी के आसपास देखे गए हैं, भूरा भालू आमतौर पर समुद्र तल से 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ही देखने को मिलता है।

- वन विभाग उत्साहित, कहा पर्यावरण वन्यजीवों के लिए अनुकूल

पार्क कर्मियों ने बताया कि अभी तक भूरे भालुओं को मुख्य रूप से गोमुख क्षेत्र में (लगभग छह) और केदारताल क्षेत्र में (तीन) देखा गया था। लेकिन अब नेलांग और भैरा घाटी के बीच 'दुमका' नामक स्थान पर गश्त के दौरान नेशनल पार्क के कर्मचारियों को पहली बार भूरा भालू अपने परिवार के साथ दिखाई दिया, जिसने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस दुर्लभ दीदार पर प्रकाश डालते हुए वन दरोगा राजव. ीर रावत ने कहा, 'गोमुख और केदारताल में भूरा भालू कई बार देखे गए हैं, लेकिन नेलांग और जादूंग की ओर इन्हें बहुत वर्षों बाद देखा गया है। यह पार्क के पारिस्थितिक तंत्र के लिए एक शुभ संकेत है और दर्शाता है कि यहां का पर्यावरण वन्यजीवों के लिए अनुकूल बना हुआ है।'

### ब्राउन बियर की विशेषताएं और महत्व

ब्राउन बियर की हलचल और उनके महत्व पर गंगोत्री नेशनल पार्क के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर और वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट में गोल्ड मेडलिस्ट सर्टिफिकेट होल्डर रंगनाथ पांडे ने विस्तृत जानकारी दी। पांडे ने बताया, उत्तराखंड एक भाग्यशाली राज्य है, क्योंकि पूरे संसार में पाए जाने वाले चार तरह के भालुओं में से तीन उत्तराखंड में मिलते हैं। इनमें से ब्राउन बियर 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई पर बर्फीले इलाकों में अपना ज्यादातर वास करता है। यह सर्वाहारी होने के कारण जड़ें, नट्स, बेरीज, मछली और छोटे जानवरों का भी सेवन कर लेता है। शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह का भोजन खा लेने के कारण इसका सर्वाइवल का दायरा काफी अच्छा रहता है। उन्होंने कहा, स्नो पैटर्न में बदलाव और बर्फबारी के क्षेत्र में सिकुड़न के कारण इन भालुओं के आवास का क्षेत्र भी घटा है, जिस वजह से इनकी जनसंख्या भी कम हुई है और यही कारण है कि इन्हें लुप्तप्राय श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। वन्यजीवों के लिए तीन महत्वपूर्ण कारक काम करते हैं-भोजन, आश्रय और पानी। ब्राउन बियर के लिए ये तीनों ही महत्वपूर्ण हैं, साथ ही प्रजनन के साथ-साथ अपने बच्चों को शिकारियों से बचाना और खुद भी जीवित रहना इनकी प्राथमिकता होती है। पांडे के अनुसार, उत्तराखंड में रिपोर्ट के मुताबिक, गंगोत्री नेशनल पार्क और गोविंद वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में इसकी 100 प्रतिशत मौजूदगी है, जिसे साइटिंग और कैमरा ट्रैप की बदौलत इस बात की पुष्टि होती है कि इनका इस क्षेत्र में अच्छा वास है। एक वयस्क ब्राउन बियर का वजन करीब 900 किलो तक हो सकता है और यह अमूमन इंसान के साथ संघर्ष नहीं करता और ना ही यह इंसानों के लिए खतरा है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 21 जून 2025

# एक और नया शिगूफा

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुए लगभग चालीस दिनों का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक इन अटकलों पर विराम नहीं लगा है कि यह सीजफायर किसने कराया था। जहां तक बात भारत की है, भारत ने अपनी तरफ से साफ कर दिया कि यह संघर्ष विराम भारत पाक के सैनिक अधिकारियों के बीच में हुई वार्ता से अमल में आया था और इसमें किसी दूसरे देश की कोई मध्यस्थता नहीं थी। सभी जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत-पाक सीजफायर को लेकर बयान देते रहे हैं। उनका दावा रहा है कि उनके प्रयासों से ही भारत पाक के बीच में सीजफायर हो पाया था। शुक्रवार को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाकडार ने यह कहकर इस पूरे मुद्दे को और उलझा दिया कि सऊदी प्रिंस ने छह-सात मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था। फिर हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। उनके अनुसार सऊदी ने तनाव कम करने की कोशिश की, डार ने यह भी कहा कि प्रिंस ने फोन पर कहा कि पाक कहे तो वह विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करते हैं। मतलब साफ है कि सऊदी के प्रिंस ने पहले पाकिस्तान के शासकों से बात की और उनकी रजामंदी होने पर भारत से बात की गई। डार की मानें, तो सऊदी अरब ने ही मध्यस्थता कर सीजफायर कराया। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आखिर बार-बार यह राग क्यों अलापा रहे हैं और इसके पीछे उनकी मंशा क्या है। वह क्यों भारत को अपनी हरकतों से असहज कर रहे हैं। बात सीजफायर की ही नहीं कई चीजें पिछले कुछ दिनों से ऐसी देखने में आ रही हैं जो यह बताती हैं कि भारत के प्रति अपनी अच्छी राय वह नहीं रखते हैं। प्रवासी कैदियों के संबंध में हमने देखा कि किस तरह हथकड़ी व बेड़ियों में जकड़कर हमारे लोगों को सैनिक विमान में भेजा गया था वह भी तब जब हमारे पीएम मोदी अमेरिका में जाकर डोनाल्ड ट्रम्प से बात कर चुके थे। कनाडा में भी देखने में आया जब पीएम मोदी से उनकी प्रस्तावित यात्रा होनी थी। जहां वह जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए थे। बाद में भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रम्प से 35 मिनट तक फोन पर बात की। जिसमें सीजफायर का मुद्दा भी उठा और पीएम मोदी ने उसमें साफ कहा कि भारत-पाक के बीच वार्ता से ही यह संभव हो पाया था और इसमें तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। अब डार यह कह रहे हैं कि सऊदी प्रिंस ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत सरकार दृढ़ता के साथ सार्वजनिक रूप से यह कहे कि डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया इस मामले में ठीक नहीं है और जो वह कह रहे हैं ऐसा कुछ नहीं हुआ। जब तक सरकार ऐसा नहीं कहती तब तक अटकलें लगती रहेंगी और नई बातें सामने आती रहेंगी और सभी अपने-अपने तरीके से इस बात को तोड़ मरोड़कर पेश करते रहेंगे। असल में गुपचुप समझौतों का ऐसा ही हश्र होता है। हां इतनी बात जरूर है कि डार ने यह जरूर माना कि भारत के आक्रामक रवैये से ही पाक को बैकफुट पर आना पड़ा।

## अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा



अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है, यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए, भाजपा -आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें, अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है, अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने का औजार है, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी, भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है, हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो बच्चों को बराबरी का मौका दे।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर अटकलें हुईं तेज





यशोदा श्रीवास्तव

**अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महरा. जगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था।**

यूपी में कांग्रेस की बिहार और ओडिशा जैसी सक्रियता की जरूरत है। बिहार और ओडिशा में जबसे प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष बदले गए हैं तब से इन दोनों प्रदेशों में अपने दम पर कांग्रेस खड़ी होती हुई दिख रही है। बिहार में कन्हैया कुमार ने पदयात्रा कर पूरे प्रदेश में कांग्रेस को हलचल में ला दिया है, तो प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के समवेत प्रयास और रणनीति से सांगठनिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। यहां भी कांग्रेस आरजेडी और कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन में है। गठबंधन के सहयोगियों को बिना डिस्टर्ब किए कांग्रेस ने इस कोने से उस कोने तक अपनी पहुंच बनाने में कामयाब हुई है। पिछले कुछ महीनों से बिहार में कांग्रेस का झंडा और होर्डिंग जगह-जगह दिखाई पड़ने लगा है।

भाजपा शासित राज्य ओडिशा में भी कांग्रेस ने संगठन में पहली बार बहुत सोच-समझकर कर प्रभावशाली बदलाव किया है। लंबे समय तक बिहार प्रदेश का प्रभारी रहे पार्टी के सीनियर लीडर भक्त चरण दास को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी है वहीं यूपी में बहुत चर्चित कांग्रेस अध्यक्ष रहे अजय कुमार लल्लू को ओडिशा प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। बता दें कि यूपी कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार की सक्रियता का रिकॉर्ड रहा है। धरना-प्रदर्शन की गतिविधियां ऐसी थी कि लल्लू पर इस दौरान रिकॉर्ड मुकदमे भी दर्ज किए गए। बतौर प्रदेश प्रभारी ओडिशा में भी लल्लू की सक्रियता चर्चा में है।

बिहार और ओडिशा में जैसी कांग्रेस की सक्रियता है, यूपी के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने वैसी ही सक्रियता यूपी में भी जरूरी बताया है। हालांकि यह पार्टी के सांगठनिक ढांचे पर निर्भर करता है। यूपी में आज नहीं करीब एक दशक से पार्टी का संगठन बस नाम मात्र का है। इस दरम्यान जब लल्लू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे तब जरूर कांग्रेस यहां वहां धरना-प्रदर्शन करते देखी जा रही थी। इसका खामियाजा भी लल्लू को भुगतना पड़ा है। उनके ऊपर दम पर दम मुकदमा भी दर्ज हुआ। वे विधानसभा का चुनाव हार गए तो उनकी अध्यक्षी चली गई, लेकिन कांग्रेस आलाकमान उनकी अहमियत को समझते हुए उन्हें ओडिशा का प्रभारी बना दिया। वे वहां भी कांग्रेस की मजबूती के लिए जी जान से जुटे हुए हैं।

लल्लू के बाद यूपी में कांग्रेस ने एक के बाद एक अध्यक्ष पद पर बदलाव तो किया, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाए। अभी अजय राय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। वे वाराणसी के हैं। लोकसभा चुनाव में कई राउंड की मत गणना में उन्होंने मोदी से बढ़त बना कर खूब सुर्खियां बटोरी थी। कई बार के विधायक और प्रदेश में मंत्री होने की उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि है। वे भाजपा में भी रहे हैं। बतौर अध्यक्ष उनसे जो अपेक्षा थी शायद पार्टी आलाकमान को वे पूरी नहीं कर पा रहे हैं। उनके ही कार्यकाल में यूपी के जिलों में 90 प्रतिशत नए अध्यक्ष मिले हैं लेकिन नए अध्यक्षों के पद भार ग्रहण किए करीब चार माह बीत गए अभी तक शेष पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्रदेश का संगठन भी आधा अधुरा ही है।

माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान यूपी कांग्रेस संगठन के ढीले-ढाले रवैये से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस पार्टी के अंदरखाने बदलाव की सुगबुगाहट है। 2026 लगते ही यूपी में विधानसभा का चुनावी वर्ष प्रारंभ हो जाएगा। इतनी जल्दी संगठन खड़ा करने की सिर्फ खानापूर्ति ही हो सकती है। बूथ छोड़िए जिलों में ही मजबूत संगठन खड़ा कर पाना मुमकिन नहीं है। अब जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी विधानसभा प्रत्याशियों के चयन में जिला अध्यक्षों की जिम्मेदारी तय कर रहे हों तो यूपी में यह कैसे संभव है? जहां का संगठन ही कमजोर हाल है। यूपी विधानसभा चुनाव सपा और कांग्रेस मिलकर ही लड़ेगी, यह तय है। हाल ही अखिलेश यादव ने भी अपने बयान में यह स्पष्ट कर दिया है।

ऐसे में कांग्रेस चाहेगी कि यूपी कांग्रेस का अध्यक्ष ऐसा हो जिसका तालमेल सपा संगठन या राष्ट्रीय अध्यक्ष से बेहतर हो। यूपी में सपा का पीडीए फार्मूला हावी है। कांग्रेस चाहेगी कि इसका लाभ उसे सपा के ही बराबर मिले। सीटों के बंटवारे में भी कोई पेंच न रहे। जाहिर है बिहार में जैसे आरजेडी बड़ी भूमिका में होगी वैसे ही यूपी में सपा बड़ी भूमिका में होगी। यह तय है कि आने वाले कुछ दिनों में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बदलाव होना है। कांग्रेस आलाकमान यूपी में किसी ऐसे चेहरे की तलाश में है जो गठबंधन को देखते हुए यहां के राजनीतिक समीकरणों को साधने में माहिर हो। यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। 2017 में कांग्रेस सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी, लेकिन तब भी बहुत फायदे में नहीं रही। केवल सात विधायक ही चुने गए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2027 में स्थित भिन्न होगी। लोकसभा चुनाव के परिणाम को ही पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा है। पार्टी सीटों के बंटवारे से लेकर उम्मीदवारों के चयन में सतर्कता बरती तो निश्चित ही फायदे में रहेगी, लेकिन इसके पहले अध्यक्ष का चयन एक चुनौती है। पहले चर्चा थी कि किसी मुस्लिम को यह पद दिया जाए, लेकिन सांसद इमरान मसूद का सपा के प्रति दिया बयान इस पर पानी फेर दिया।

ऐसे में पार्टी का फोकस किसी मजबूत पिछड़े वर्ग के नेता पर है। अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महराजगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था। तब से वे अखिलेश यादव के प्रिय हो गए हैं। जरूरी नहीं कि कांग्रेस आलाकमान वीरेंद्र चौधरी पर ही दांव लगाए, लेकिन इस बार कांग्रेस अध्यक्ष के चयन में पार्टी जो खूबी ढूंढ रही है, निसंदेह वीरेंद्र चौधरी में सांगठनिक क्षमता के साथ-साथ वे सारी खूबियां हैं। वीरेंद्र चौधरी की राजनीतिक पृष्ठभूमि चूंकि बसपा की रही है, इसलिए न केवल राजनीतिक गुणा गणित में वे माहिर हैं, गठबंधन धर्म निभाना भी उन्हें बखूबी आता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की उपस्थिति देश को प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन

**जिस राहुल ने जनता के साथ ही देश के बिखरे पड़े विपक्ष में भी नई जान फूंक दी है। देश की आत्मा को एक कर दिया है। जिसने साहस पूर्वक सत्ता को अधिनायकवाद की सीढ़ियां चढ़ने से रोक दिया है। ओबा. मा को लिखना पड़ेगा कि भारत में राहुल की उपस्थिति अधिनायकवाद के खिलाफ प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन है।**



श्रवण गर्ग

बराक ओबामा से अनुरोध किया जाना चाहिए कि कुछ दिनों के लिए एक बार फिर भारत की यात्रा पर आएं यह देखने के लिए कि जिस राहुल गांधी से वे आखिरी बार मिले होंगे वह और भारत पिछले आठ सालों में कितना बदल गया है। अमेरिका वापस पहुंचने के बाद ओबामा एक नई किताब लिखें जो सिर्फ राहुल पर केंद्रित हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माय फ्रेंड बराक ने अपनी पिछली भारत यात्रा के बाद प्रकाशित किताब में जिस राहुल गांधी का जिक्र किया था उसका स्थान किसी नए राहुल ने ले लिया है और हो सकता है उसकी पूरी जानकारी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को नहीं हो।

ओबामा भारत में सिर्फ डॉ मनमोहन सिंह के प्रशंसक रहे हैं। इतने घोर प्रशंसक कि अपने प्रथम कार्यकाल (2009-2013) में डॉ. सिंह को अपना पहला राजकीय अतिथि बनाया। व्हाइट हाउस के भव्य समारोह में ओबामा जब डॉ. सिंह की तारीफ कर रहे थे पूरे अमेरिका और भारत भर से वाशिंगटन पहुंची बड़ी-बड़ी हस्तियां दोनों नेताओं को खड़े-खड़े सुन रहीं थीं। उस बात को गुजरे चौथाई सदी बीत गई। डॉ. सिंह के साथ यात्रा पर गए पत्रकारों के दल के सदस्य के तौर पर मैं भी तब उपस्थित था। कोई पांच वर्ष पूर्व प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक ए प्रॉमिस्ड लैंड में ओबामा ने राहुल गांधी को लेकर जो टिप्पणी की उसने मोदी सरकार के मंत्रियों, गोदी मीडिया और भक्तों को इस युवा नेता पर हमले करने का हथियार सौंप दिया था। ओबामा ने किताब में उस रात्रि-भोज का जिक्र किया है जिसमें सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के साथ राहुल भी उपस्थित थे।

कोई 980 पन्नों की किताब में राहुल गांधी को लेकर की गई पांच पंक्तियों की टिप्पणी इस प्रकार है राहुल गांधी के बारे में यह कि वे स्मार्ट और जोशीले नजर आए। उनका सुदर्शन व्यक्तित्व उनकी मां के साथ मेल खाता था। बातचीत में उन्होंने राजनीति पर अपने प्रगतिशील विचार प्रस्तुत किए। वे बीच-बीच में मुझसे मेरी 2008 की चुनावी मुहिम की जानकारी भी लेते रहे पर नर्वस और अनाकार (अनफॉर्म्ड) भी नजर आए। जैसे किसी छात्र ने या तो कौशल के अभाव या फिर विषय के प्रति गहरे अनुराग के बावजूद अपना होमवर्क ठीक से नहीं किया हो पर वह टीचर को प्रभावित करना चाहता हो।

किताब में लिखे को लेकर निहित स्वार्थों द्वारा बाद में जो प्रचारित किया गया वह इस प्रकार था उनमें एक ऐसे नर्वस और अपरिपक्व छात्र के गुण हैं जिसने अपना होमवर्क किया है और टीचर को इम्प्रेस करने की कोशिश में है लेकिन गहराई से देखें तो योग्यता और किसी विषय पर महारत हासिल करने के जुनून की कमी है। आज 19 जून को राहुल 55 साल के हो गए। ओबामा अगस्त में 65 के हो जाएंगे। ओबामा आखिरी बार दिसम्बर 2017 में भारत आए थे तब अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर ट्रम्प थे। पिछले आठ सालों में अमेरिका भी बदल गया है और भारत भी। भारत को बदलने में राहुल गांधी भी बड़ी भूमिका रही है। ओबामा को अपनी नई किताब में अब उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसमें न तो कौशल का अभाव है और जो न ही नर्वस है। ओबामा चूंकि एक अश्वेत नेता और राष्ट्रपति रहे हैं उन्हें ज्यादा जानकारी या तो महात्मा गांधी के 1930 के दांडी मार्च की होगी या फिर मार्टिन लूथर किंग जूनियर के अगस्त 1963 के ऐतिहासिक वाशिंगटन मार्च और 1965 के सेल्मा से मोंटगोमेरी (अल्बामा) तक चले 54 किलोमीटर लंबे मार्च की जो पांच दिनों में पूरा हुआ था। ओबामा को अपनी नई किताब में अब राहुल के सपनों के प्रॉमिस्ड लैंड का जिक्र करना पड़ेगा। उन दो ऐतिहासिक यात्राओं के बारे में लिखना पड़ेगा जो हजारों किलोमीटर की थीं। इनमें एक पैदल चलकर पूरी की गई थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक। दूसरी बस के जरिए। मणिपुर से मुंबई तक। ओबामा को उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसे देखने, सुनने और जिसका स्पर्श पाने के लिए हजारों लोग सड़कों के दोनों ओर घंटों तक खड़े रहते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# योग: बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति

योग दिवस पर विशेष



श्वेता गोयल



आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जब तनाव, अवसाद, चिंता और रोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, तब योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास के रूप में बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का मार्ग बन चुका है। वर्ष 2025 में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ जब 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है तो यह अवसर पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि योग स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म-साक्षात्कार के लिए एक सार्वभौमिक समाधान है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं रहा बल्कि विश्व स्तर पर यह एक व्यापक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। विश्व के 170 से अधिक देशों में 21 जून को योग दिवस मनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योग ने जाति, धर्म, राष्ट्र की सीमाओं को लांघकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

योग के नियमित अभ्यास से केवल शरीर ही नहीं बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा भी संयमित होती है। शरीर को रोगमुक्त रखने, मानसिक विकारों को नियंत्रित करने और ऊर्जा के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग जितना सरल है, उतना ही गहन भी। यह प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली आज के वैज्ञानिक युग में भी एक भरोसेमंद चिकित्सा विकल्प के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जब 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस के प्रस्ताव को केवल 90 दिनों में 177 देशों के समर्थन के साथ पारित किया गया था तो यह स्पष्ट था कि योग अब वैश्विक मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण का पथ बन चुका है। योग अब एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका उद्देश्य है स्वास्थ्यपूर्ण जीवन, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति।

योगासनों और प्राणायाम की विधियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने की सबसे सहज और सुलभ प्रणाली हैं। प्राचीन ऋषियों द्वारा रचित यह प्रणाली केवल आसनों तक सीमित नहीं बल्कि जीवनशैली में संतुलन का विज्ञान है। आधुनिक विज्ञान भी अब इस बात को स्वीकार कर चुका है कि योग तनाव से राहत, रक्तचाप नियंत्रण, श्वसन क्रिया सुधार, इम्युनिटी बूस्ट और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न योगासन जैसे भुजंगासन, सर्वांगासन, ताड़ासन, हलासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, मकरासन, मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, विश्रामासन इत्यादि न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं बल्कि शरीर के अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने में भी सहायता करते हैं व भुजंगासन का अभ्यास करने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, किडनी मजबूत होती है और रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है। यह आसन तनाव और अवसाद से राहत देने में प्रभावशाली है व उष्ट्रासन पाचन तंत्र को सक्रिय करता है, मोटापा कम करता है, हृदय को बल देता है और पीठ दर्द से राहत दिलाता है व सर्वांगासन मस्तिष्क में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाकर मानसिक ताजगी लाता है। यह थायरॉयड ग्रंथि के संतुलन में भी सहायक होता है। चेहरे की चमक बढ़ाने, बालों की सेहत और झुर्रियों से राहत दिलाने में यह योगासन काफी उपयोगी है। हलासन पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है, मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी है, वजन कम करता है और थकान तथा चिंता को दूर करता है। त्रिकोणासन शरीर के संतुलन को बेहतर करता है, इम्युनिटी बूस्ट करता है, अतिरिक्त चर्बी को घटाता है और रीढ़, गर्दन व पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करता है। ताड़ासन बच्चों की लंबाई बढ़ाने में सहायक है, पाचन ठीक करता है और श्वसन तंत्र को मजबूती प्रदान करता है। धनुरासन पीठ और पेट के निचले भाग को मजबूत करता है, किडनी के संक्रमण से लड़ने में मदद करता है और तनाव को कम करता है।

पादंगुष्ठासन तनाव, अवसाद, अनिद्रा और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं को दूर करता है, साथ ही यह किडनी और आंतों की कार्यप्रणाली में भी सुधार लाता है। योग केवल आसनों तक ही सीमित नहीं है बल्कि प्राणायाम का भी इसमें उतना ही महत्व है। प्राणायाम से श्वसन प्रणाली को सशक्त किया जा सकता है। इसमें कुछ प्रमुख प्रकार हैं-

अनुलोम-विलोम प्राणायाम शरीर की शुद्धि करता है और मानसिक संतुलन बनाए रखता है। कपालभाति प्राणायाम से रक्त संचार बेहतर होता है, नसें मजबूत होती हैं और सांस की तकलीफों में राहत मिलती है। भस्त्रिका प्राणायाम अस्थमा, मोटापा, तनाव और सीने की समस्याओं को दूर करता है। यह फेफड़ों को शुद्ध करके हृदय को ताकत देता है। भ्रामरी प्राणायाम ध्यान की शक्ति बढ़ाता है, मानसिक शांति देता है और अनिद्रा, उच्च रक्तचाप तथा घबराहट को कम करता है। उज्जाई प्राणायाम हृदय रोगों में लाभकारी है, इससे मानसिक एकाग्रता में सुधार आता है और शरीर में गर्माहट उत्पन्न होती है। व उद्गीथ प्राणायाम स्मरण शक्ति बढ़ाने, तंत्रिका तंत्र को सुचारू रूप से संचालित करने और तनाव दूर करने में अत्यंत सहायक है।

इन सभी अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य शरीर को इस प्रकार तैयार करना है कि वह अपने अंदर के रोग प्रतिरा. धक तंत्र को सक्रिय करे और स्वयं को रोगों से लड़ने में सक्षम बनाए। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया भय, अनिश्चितता और आक्सीजन की किल्लत के दौर से गुजर रही थी, तब योग ने लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से संभाले रखा। विशेषकर कोरोना की दूसरी लहर में जब कई लोग श्वसन तंत्र की विफलता से जूझते दिखे, तब यह प्रमाणित हुआ कि योग अभ्यास से फेफड़ों की मजबूती और इम्युनिटी को बढ़ाया जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी जहां तेज जीवनशैली में फंसी हुई है, वहीं योग उसे ब्रेक देता है। शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर जीवन में स्थिरता, संतुलन और सृजनात्मक ऊर्जा का संचार करता है। योग गुरुओं का भी यह मानना है कि योग केवल एक स्वास्थ्य पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

योग हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं बल्कि आंतरिक सुख और मानसिक संतुलन ही असली सफलता है। आधु. निक चिकित्सा विज्ञान भी अब योग के प्रभावों को स्वीकार करता है। अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में योग अब चिकित्सीय दुष्टिकोण से अपनाया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक को मलाल, फिर कबूला: भारत ने एयरबेस तबाह किए

## कहा: सऊदी प्रिंस का फोन आया था, फिर उन्होंने भारत से बात की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान-शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया। इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी है।

वहीं डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि 6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने हमारे 2 बड़े एयरबेस पर हमला किया इशाक डार ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हमारी बात हो गई थी। उन्होंने फोर्सेज को रेडी रहने को कह दिया था। सब डिसाइड हो गया था कि हमें क्या रोलआउट करना है।

हम भारत पर सुबह 4 बजे के बाद बड़ा हमला करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही भारत ने रात के ढाई बजे दोबारा हरकत कर दी और उन्होंने नूरखान, शोरकोट एयरबेस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया। सऊदी अरब ने तनाव कम करने की कोशिश की डिप्टी पीएम डार ने कहा कि भारत ने नूर खान एयरबेस पर हमला किया तब सऊदी प्रिंस ने फोन पर कहा कि आप कहो तो विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात करता हूं कि पाकिस्तान युद्धविराम के लिए तैयार हैं और वो भी रुक जाएं, तो मैंने कहा कि जरूर करिए, और उन्होंने बात करके मुझे फोन किया।



- इससे पहले पाक सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था
- कुछ समय बाद पाक पीएम शहबाज ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी

### पाक की जेलों से रिहा 269 अफगानी नागरिक वतन लौटे

**काबुल।** पाकिस्तान की जेलों में बंद कुल 269 अफगान नागरिकों को रिहा कर उनके देश वापिस भेज दिया गया है। देश की मीडिया संस्थान टोलो न्यूज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, रिहा किए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान की विभिन्न जेलों में तीन महीने बिताए। इन सभी को तोर्खम सीमा चौकी पर अफगान अधिकारियों को सौंपा गया। पिछले छह महीनों में पाकिस्तान ने सैकड़ों अफगान कैदियों को रिहा किया है। इसके साथ ही इस्लामाबाद ने उन अफगान शरणार्थियों से देश छोड़ने को कहा है, जिनके पास वैध यात्रा दस्तावेज नहीं हैं।

## ईरान के IRGC ने नए खुफिया प्रमुख को किया नियुक्त

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने माजिद खादेमी को अपने खुफिया संगठन का नया प्रमुख नियुक्त किया। अर्ध-सरकारी न्यूज़ एजेंसी फ़ार्स ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह नियुक्ति आईआरजीसी के मुख्य कमांडर मोहम्मद पाकपुर द्वारा संगठन के पूर्व प्रमुख मोहम्मद काज़ेमी और उनके डिप्टी हसन मोहाघेग के रविवार को ईरानी राजधानी तेहरान पर इज़रायली हवाई हमलों में मारे जाने के कुछ दिनों बाद की गई। नए पद पर अपनी नियुक्ति से पहले खादेमी आईआरजीसी के खुफिया सुरक्षा संगठन के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इज़रायल ने 13 जून को तेहरान और देश के कई अन्य क्षेत्रों पर हवाई हमले किए।

## अराक परमाणु संयंत्र पर इजरायली हमले की ईरान ने की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अराक हेवी वाटर रिएक्टर प्लांट पर इजरायल के हमले की निंदा करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए एक सुरक्षित परमाणु संयंत्र को निशाना बनाया है।




# आतंकी ठिकानों की मरम्मत करा रहे पाक आर्मी चीफ मुनीर

**इस्लामाबाद।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है। पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रुपये का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ठिकाना तबाह हो गया था। पाक आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाह हुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है। दरअसल, 1 जुलाई से पाकिस्तान में मदरसे खुलेंगे। पहले मदरसे 20 जून से खुलने थे, लेकिन इनके ठीक न हो पाने के चलते मदरसे खुलने की तारीख बदल दी गई है। मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है। वह खुद इन कामों की निगरानी कर रहे हैं। जिससे साफ है कि पाक अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर खड़ा कर रहा है।



- मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है

## रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को बताया 'अकल्पनीय'

**मास्को।** रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की किसी भी संभावित बातचीत का समर्थन करने से इनकार करने के साथ ही ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 'स्काई न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। पेसकोव ने कहा कि यह अकल्पनीय है, और इस बारे में बात करना भी सभी के लिए अस्वीकार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण है और यह न उस केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कोई भी अतिरिक्त भागीदार तनाव को और बढ़ाएगा, जो कि वाशिंगटन द्वारा इजरायल को प्रत्यक्ष सैन्य सहायता प्रदान करने की संभावनाओं का परोक्ष संदर्भ में था। हालांकि पेसकोव ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि खामेनेई की हत्या होने पर रूस क्या कार्रवाई करेगा, इसके बजाय उन्होंने कहा कि यह ईरान के अंदर से कार्रवाई को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इससे ईरान के अंदर चरमपंथी भावनाएं पैदा होंगी और जो लोग (खामेनेई की हत्या) के बारे में बोल रहे हैं, उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए। वे भानुमती का पिटारा खोल देंगे।

# ईरान ने जर्मन दूत को किया तलब

## चांसलर मर्ज के अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना बयानों पर जताया विरोध

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने राजधानी तेहरान में जर्मनी के राजदूत मार्कस पोटेजेल को तलब किया और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के 'अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना' बयानों पर कड़ी आपत्ति जताया। ईरान ने अपने खिलाफ इजरायल की सैन्य कार्रवाई का समर्थन करने जर्मनी के चां. सलर कथित आह्वान को अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेहरान में विदेश मंत्रालय ने जर्मन चांसलर की टिप्पणियों पर राजदूत मार्कस पोटेजेल से कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कि जर्मनी के नेता ने निहित रूप से एक शांतिपूर्ण देश और सरकार के खिलाफ कानून तोड़ने और बल प्रयोग का समर्थन किया है। ईरान ने कहा है कि जर्मनी संयुक्त राष्ट्र चार्टर को स्वीकार करता है और वह इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले आक्रामक कृत्यों का विरोध करना उसकी जिम्मेदारी बनती है। ईरान ने जर्मनी के राजदूत से कहा कि इजरायल का सशस्त्र हमला संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 4 का स्पष्ट उल्लंघन है और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को इसकी निंदा करनी चाहिए। गौरतलब है कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने हाल में कनाडा में मीडिया से बातचीत में कहा था कि इजरायल एक तरह से हम सबके लिए ही ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की बुराई मोल ली है। कनाडा में जी-7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में जर्मन मीडिया से मर्ज ने कहा कि मैं सिर्फ़ इतना कह सकता हूं कि मैं इस बात का बहुत सम्मान करता हूं कि इज़राइली सेना और इज़राइली सरकार ने ऐसा करने का साहस दिखाया। वहीं ईरान के परमाणु प्रमुख ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से अपनी निष्क्रियता समाप्त करने और ईरान की शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर इजरायली हमलों की निंदा करने का आह्वान किया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'फ़ार्स' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लाम ने मार्काज़ी प्रांत के खोंडाब काउंटी में अराक भारी जल अनुसंधान रिएक्टर सुविधा पर इजरायली हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अध्यक्ष राफेल ग्रॉसी को संबोधित एक पत्र में यह टिप्पणी की। इस्लाम ने आईएईए से अपनी निष्क्रियता तुरंत समाप्त करने और इजरायल की कार्रवाई की निंदा करने का आह्वान किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत है।

### ईरान के परमाणु प्रमुख ने आईएईए से निष्क्रियता समाप्त करने का किया आग्रह




